आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 18 जून 2025
वर्ष 35, अंक 142, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा 12

सीतारमण ने लद्दाख में परियोजना स्थल का किया दौरा 14

## एक नजर

### भाजपा नेता हमला मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पिछले साल पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है जिसमें चारों पर हमले की साजिश में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में पवित्र प्रसाद उर्फ सुजल, मोहम्मद टीपू उर्फ टिपुआ, मोहित महतो उर्फ साही और मोहम्मद जावेद पर भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या की

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की गला घोंटकर हत्या करने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि नक्सलियों ने आज शाम पेद्दाकोरमा (नयापारा) निवासी तीन व्यक्तियों की रस्सी से गला घोंटकर कर हत्या कर दी है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की है।

# ट्रंप ने जी 7 छोड़ा, बोले- तेहरान खाली करो

## इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा, ईरान का मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

- तेल अवीव में मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया
- ट्रंप की चेतावनी के बीच ईरान पर इजराइल के हमले बढ़े

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर अचानक हमला करने के पांच दिन बाद तेहरान पर अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजधानी तेहरान के निवासियों को शहर खाली करने की चेतावनी दी। इससे तेहरान छोड़कर भागने के कारण सड़कों पर लंबा जाम लग गया।

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना हो गए। उन्होंने एक संदेश में लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने अपने संदेश में कहा, सभी को तेहरान तत्काल खाली कर देना चाहिए। बाद में ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वह संघर्ष विराम पर काम करने के लिए जल्दबाजी में लौटे हैं। वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं संघर्ष विराम की तरफ नहीं देख रहा हूं। हम उससे भी बेहतर चीज की तरफ देख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें। इससे पहले, इजराइली ने तेहरान के एक मध्यवर्ती इलाके के लगभग 3,30,000 निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की थी। इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरानी सैन्य कमान को तबाह करने के बाद उसके एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया। इजराइली सेना ने कहा उसने जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था। ईरान ने शादमानी की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं की है।



इजराइल के हमलों के बाद तेहरान के हाईवे पर लगा लंबा जाम।



कनाडा में जी7 छोड़कर जाते राष्ट्रपति ट्रंप। ● एजेंसी

### भारतीयों से तुरंत तेहरान छोड़ने का आग्रह

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों को मंगलवार को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का परामर्श जारी किया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को यह सलाह भी दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी एक दूसरे पर हमले किए हैं। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### तेहरान प. एशिया का सबसे बड़ा शहर

तेहरान पश्चिम एशिया के सबसे बड़े शहरों में से एक है और वहां तकरीबन एक करोड़ लोग रहते हैं, जो इजराइल की कुल आबादी के बराबर है। संघर्ष के बाद से ही तेहरान में लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं।

# कनाडा पहुंचे मोदी ग्लोबल साउथ होगी प्रमुख प्राथमिकता

- विश्व के नेताओं से ऊर्जा सुरक्षा प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित वैश्विक मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**कैलगरी (कनाडा), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे। प्रधानमंत्री सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। मोदी इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

मोदी ने एक्स पर कहा, जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर साइप्रस से सोमवार शाम (स्थानीय समयानुसार) कनाडा पहुंचे। कनैनिस्किस में यह सम्मेलन 16 जून से 17 जून तक चलेगा। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी बार भागीदारी है।



### कनाडा चाहता है संबंधों में सुधार

जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी को कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण, नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। पिछले साल अक्टूबर में भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था।

# डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली की क्वांटम संचार में बड़ी सफलता

- राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने क्वांटम संचार के क्षेत्र में एक बड़ी प्रायोगिक सफलता हासिल की है। इससे भारत भविष्य में साइबर सुरक्षा के लिए क्वांटम तकनीक का उपयोग करने की दिशा में अग्रसर हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक के माध्यम से क्वांटम 'एंटैंगलमेंट' पर



आधारित सुरक्षित संचार स्थापित कर प्राप्त की गई, जो आईआईटी-दिल्ली परिसर में किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और आईआईटी-दिल्ली को बधाई देते हुए कहा कि यह भविष्य के युद्ध और संचार सुरक्षा के लिए महत्वपूर्व साबित होगा। यह तकनीक भविष्य में क्वांटम इंटरनेट और क्वांटम नेटवर्क जैसी प्रणालियों के लिए रास्ता तैयार करेगी। इसे प्रो. भास्कर कंसेरी के अनुसंधान समूह ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया। क्वांटम संचार की यह तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है।

### बारिश, वज्रपात और आंधी की चेतावनी

**लखनऊ :** मानसून के प्रवेश से पहले प्रदेश में बारिश, वज्रपात व आंधी की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच भारी बारिश होने की संभावना भी बताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जून को उप्र. में मानसून का प्रवेश होगा। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें कानपुर, उन्नाव, मैनपुरी, कासगंज, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, फिरोजाबाद, एटा, बस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, गोरखपुर, औरैया, आजमगढ़, कन्नौज, इटावा, अमेठी, बहराइच, गोंडा, मऊ, सहारनपुर जिले शामिल हैं।

### एअर इंडिया की सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**मुंबई, एजेंसी :** एअर इंडिया ने मंगलवार को विभिन्न कारणों और अपने विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी के अनुसार, रद्द की गई एअर इंडिया की अन्य उड़ानें बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-वियना, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं। इससे पहले, दिन में अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे तक जाने वाली एआई-159 उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से अपराह्न तीन बजे उड़ान भरनी थी।

### महाराष्ट्र में आपातकाल के दौरान जेल जाने वालों की मानदेय राशि दोगुनी

**मुंबई।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मंगलवार को आपातकाल के दौरान राज्य की जेलों में बंद किए गए लोगों को दी जाने वाली मानदेय राशि को दोगुना करने को मंजूरी दे दी। वर्तमान में इस योजना के तहत दिए जाने वाले लाभों के अंतर्गत, आपातकाल (1975-1977) के दौरान एक महीने के लिए जेल में बंद लोगों को 5,000 रुपये मासिक पेंशन मिलती है, जबकि इससे अधिक अवधि के लिए जेल में बंद लोगों को 10,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार यह राशि दोगुनी कर दी जाएगी।

# बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

**कमल हासन फिल्म विवाद**

- सुप्रीम कोर्ट की कर्नाटक सरकार को फटकार
- कहा- ठग लाइफ की रिलीज करें सुनिश्चित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किए जाने को लेकर कर्नाटक सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाजत नहीं दी जा सकती। ठग लाइफ को रिलीज करना सुनिश्चित किया जाए।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि कानून का शासन स्थापित किया जाना चाहिए और लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती। हम भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दे सकते। अगर किसी ने कोई बयान दिया है, तो उसका जवाब बयान से दीजिए। अगर किसी ने कुछ लिखा है, तो आप उसका जवाब कुछ लिखकर दे सकते हैं। उन्होंने वकील को 18 जून तक मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि भले ही फिल्म प्रदर्शित होने पर लोग इसे न देखें, लेकिन उन्हें इस डर में नहीं रखा जा सकता कि सिनेमाघर जला दिए जाएंगे। कर्नाटक में फिल्म प्रदर्शित न किए जाने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता एम महेश रेड्डी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ए वेलम ने कहा कि राज्य ने धमकी देने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं की है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि कानून के शासन के मुताबिक,सीबीएफसी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी कोई भी फिल्म अवश्य रिलीज होनी चाहिए।

# अब प्रदेश की 57691 ग्राम पंचायतों में होगा चुनाव

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी रिपोर्ट

- 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की संख्या भी घटी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने मतदान में हिस्सा लेने वाले गांवों की तस्वीर साफ कर दी है। वर्ष 2021 के चुनाव में 58,194 ग्राम पंचायतें थीं, अगले साल होने वाले चुनाव में अब 57,691 ग्राम पंचायतों से ही मतदान होगा।

नगरीय इलाकों के विस्तार से 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्य पदों की संख्या भी घट गई है। हालांकि ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष पदों की संख्या यथावत है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले वर्ष 2026 में त्रिस्तरीय




पंचायत आम चुनाव कराने को लेकर पंचायती राज विभाग से ग्राम पंचायतों की परिसीमन रिपोर्ट मांगी थी। पिछले आम चुनाव वर्ष 2021 में 58,194 ग्राम पंचायतों से प्रधान, 7,31,813 ग्राम पंचायत सदस्य, 75,808 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और 3,051 जिला पंचायत सदस्य (महा प्रधान) चुने गए थे। बाद में संबंधित ब्लाकों के बीडीसी ने 826 ब्लाक प्रमुख और महा प्रधानों ने अपने-अपने जिले के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया था। हालांकि इन दोनों पदों पर राज्य के सत्ताधारी दल ने विपक्ष को करारी मात दी थी। तब धन और बाहुबल से चुनाव प्रभावित करने को लेकर खूब आरोप-प्रत्यारोप भी सुर्खियां बने थे। इसबार भी भाजपा से सपा की सीधी लड़ाई के आसार हैं। इसबार 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव होने हैं।

### पुनरीक्षण की तैयारी

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव-2026 के मद्देनजर निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के निर्देश दिए हैं। 78 पेज की पुस्तिका में राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने अधिकारियों के दायित्व, से लेकर अंतिम प्रकाशन और बीएलओ एप संचालित करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

### अप्रैल-मई में मतदान

पंचायत चुनाव में मतदान व गणना वर्ष 2021 में अप्रैल-मई में पूरे किए थे। इसबार भी अगले वर्ष इन्ही तिथियों के आस-पास समय से चुनाव पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पंचायती राज विभाग ने निर्देश दिए हैं कि वे तैयारियों को समयबद्ध पूरा करें, ताकि अप्रैल 2026 में मतदान प्रक्रिया संपन्न हो सके।



## एक नजर

### अवैध खनन में 7 गिरफ्तार सात वाहन जब्त

**प्रयागराज।** सराय इनायत थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ मंगलवार तड़के की गई छापेमारी में अवैध खनन का खुलासा हुआ है। मौके से अवैध खनन करते पाए जाने पर पुलिस ने एक जेसीबी, 5 ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 डंफर को जब्त किया है। जब्त किए गए वाहनों की अनुमानित कीमत एक करोड़ 10 लाख रुपये बताई जा रही है।

# दो को मारी गोली, 4 घायल

संवाददाता, प्रतापगढ़

**▶▶ पुलिस मुठभेड़ में दो के पैर में लगी गोली, हमलावर गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** बिहारगंज बाजार में सोमवार की रात ई-रिक्शा चालक और हार्डवेयर दुकानदार के बीच बहस हो रही थी। इसी दौरान बाजार के मिठाई दुकानदार के पुत्र मुकेश कुमार बीच बचाव करने पहुंच गए तो उनके साथ भी मारपीट हुई। मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे तीन बोलेरो और दो बाइक पर सवार करीब 30 - 35 लोग मुकेश जायसवाल की दुकान पर पहुंच गए। मारपीट करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें 31 वर्षीय मुकेश जायसवाल, 23 वर्षीय अमित जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच बचाव करने पहुंचे 32 वर्षीय दिलीप टिंकू व उनके पिता पप्पू जायसवाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पुलिस मुठभेड़ में मुख्य आरोपी मस्सन के पैर में गोली लगी। उसके साथी इरशाद को गिरफ्तार किया।

### एसडीएम लालगंज ने 20 लेखपालों का कार्य क्षेत्र बदला

**प्रतापगढ़ :** लालगंज तहसील के 20 लेखपालों का एसडीएम ने क्षेत्र बदला है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने तहसील के पूरे फत्ते सिंह, कल्यानपुर, देवापुर, डगरारा, कैथौला, हंडौर, तिना, तेलियाही, धनसारी, डोमीपुर, काछा, देवली, भटनी, रांकी, मंगापुर, राहाटीकर, इदिलपुर, सिलौधी आदि गांवों के लेखपालों का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। एसडीएम के स्थानांतरण पत्र जारी होने के बाद सभी लेखपालों को तत्काल नई तैनाती वाले क्षेत्रों का कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है।

# उत्तर कुंजी की मांग को लेकर प्रदर्शन

**प्रयागराज, अमृत विचार।** बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षार्थियों ने रिक्त पदों का विज्ञापन जारी करने और उत्तर कुंजी जारी करने की मांग को लेकर आज उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज पर प्रदर्शन किया। लोक सेवा आयोग के उप सचिव विनोद गौड़ ने आयोग के बाहर आकर ज्ञापन लेते हुए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।



प्रदर्शन करते छात्र।



# कार्यालय उपजिलाधिकारी फतेहपुर, बाराबंकी।

पत्रांक : 831 /र0का0/तालाब नीलामी — दिनांक: 10 जून, 2025

## सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 61 व उ0प्र0रा0सं0 नियमावली 2016 के नियम 57 व 58 में दी गयी व्यवस्थानुसार निम्नांकित तालाबों के मत्स्य पालन आवंटन हेतु दस वर्षीय आवंटन/नीलामी हेतु दिनांक 27.06.2025 व 28.06.2025 को तहसील फतेहपुर सभागार में शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में इच्छुक व्यक्ति तहसील फतेहपुर के लोक सभागार में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर भाग ले सकते हैं।

| क्र0 | ग्राम का नाम | परगना | गाटा संख्या | क्षेत्रफल | नीलामी हेतु नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अकबरपुर | कुर्सी | 147 | 0.331 | 27.06.2025 |
| 2 | अगासण्ड | कुर्सी | 189 | 0.430 | 27.06.2025 |
| 3 | अगासण्ड | कुर्सी | 430/2 | 0.228 | 27.06.2025 |
| 4 | अगौली | कुर्सी | 25 | 0.308 | 27.06.2025 |
| 5 | अमरसण्डा | कुर्सी | 402 | 0.304 | 27.06.2025 |
| 6 | अमरसण्डा | कुर्सी | 327 | 0.347 | 27.06.2025 |
| 7 | अमरसण्डा | कुर्सी | 1248 | 0.291 | 27.06.2025 |
| 8 | अमेरा | मोहम्मदपुर | 92 | 0.266 | 27.06.2025 |
| 9 | अल्लापुर भखरौली | फतेहपुर | 313 | 0.208 | 27.06.2025 |
| 10 | असोहना | फतेहपुर | 378 | 0.202 | 27.06.2025 |
| 11 | असोहना | फतेहपुर | 526 | 0.215 | 27.06.2025 |
| 12 | असोहना | फतेहपुर | 234 | 0.337 | 27.06.2025 |
| 13 | अहमदपुर | फतेहपुर | 188 | 0.277 | 27.06.2025 |
| 14 | आलमपुर | फतेहपुर | 269 | 0.296 | 27.06.2025 |
| 15 | आलमपुर | फतेहपुर | 98 | 0.375 | 27.06.2025 |
| 16 | आल्हेमऊ | मोहम्मदपुर | 179 | 0.385 | 27.06.2025 |
| 17 | आल्हेमऊ | मोहम्मदपुर | 41 | 0.639 | 27.06.2025 |
| 18 | इनामीपुर | फतेहपुर | 99 | 1.227 | 27.06.2025 |
| 19 | इमलीपुर | मोहम्मदपुर | 126 | 0-830 | 27.06.2025 |
| 20 | उतरावां | फतेहपुर | 14 | 0.481 | 27.06.2025 |
| 21 | उतरावां | फतेहपुर | 61 | 0.585 | 27.06.2025 |
| 22 | उतरावां | फतेहपुर | 301 | 0.961 | 27.06.2025 |
| 23 | उतरावां | फतेहपुर | 271 | 1.256 | 27.06.2025 |
| 24 | उमरा | कुर्सी | 583 | 0.215 | 27.06.2025 |
| 25 | उमरी | मोहम्मदपुर | 199 | 0.297 | 27.06.2025 |
| 26 | उमरी | मोहम्मदपुर | 399 | 0.231 | 27.06.2025 |
| 27 | उमरी | मोहम्मदपुर | 153 | 0.304 | 27.06.2025 |
| 28 | ऊदापुर | फतेहपुर | 161 | 0.259 | 27.06.2025 |
| 29 | ओतिया | फतेहपुर | 121 | 0.316 | 27.06.2025 |
| 30 | ओतिया | फतेहपुर | 306 | 0.335 | 27.06.2025 |
| 31 | ओतिया | फतेहपुर | 416 | 0.708 | 27.06.2025 |
| 32 | ओदरिया | कुर्सी | 514 | 0.465 | 27.06.2025 |
| 33 | कन्दरौला | फतेहपुर | 627 | 0.531 | 27.06.2025 |
| 34 | कसौंजा | मोहम्मदपुर | 71 | 1.252 | 27.06.2025 |
| 35 | कामीपुर | कुर्सी | 299 | 0.304 | 27.06.2025 |
| 36 | कुर्सी | कुर्सी | 188 | 0.223 | 27.06.2025 |
| 37 | कुर्सी | कुर्सी | 587 | 0.24 | 27.06.2025 |
| 38 | कुर्सी | कुर्सी | 1220 | 0.253 | 27.06.2025 |
| 39 | कुर्सी | कुर्सी | 195 | 0.367 | 27.06.2025 |
| 40 | कोड़री गोपालपुर | फतेहपुर | 1026 | 0.341 | 27.06.2025 |
| 41 | कोढ़वा | कुर्सी | 344 | 0.228 | 27.06.2025 |
| 42 | कोढ़वा | कुर्सी | 345 | 0.329 | 27.06.2025 |
| 43 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 265 | 0.392 | 27.06.2025 |
| 44 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 104 | 0.873 | 27.06.2025 |
| 45 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 117 | 0.425 | 27.06.2025 |
| 46 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 384 | 1.033 | 27.06.2025 |
| 47 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 461 | 0.531 | 27.06.2025 |
| 48 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 467 | 0.468 | 27.06.2025 |
| 49 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 437 | 0.354 | 27.06.2025 |
| 50 | खण्डेहरा | मोहम्मदपुर | 111 | 0.642 | 27.06.2025 |
| 51 | खण्डेहरा | मोहम्मदपुर | 507 | 0.430 | 27.06.2025 |
| 52 | खान मोहम्मदपुर | कुर्सी | 130 | 0.341 | 27.06.2025 |
| 53 | खान मोहम्मदपुर | कुर्सी | 225 | 0.221 | 27.06.2025 |
| 54 | खिंझना | कुर्सी | 1457 | 0.215 | 27.06.2025 |
| 55 | खिंझना | कुर्सी | 2397 | 0.341 | 27.06.2025 |
| 56 | खिंझना | कुर्सी | 1550 | 0.455 | 27.06.2025 |
| 57 | खुज्झी | कुर्सी | 401 | 0.234 | 27.06.2025 |
| 58 | खुज्झी | कुर्सी | 453 | 0.561 | 27.06.2025 |
| 59 | खुज्झी | कुर्सी | 469 | 0.848 | 27.06.2025 |
| 60 | खुज्झी | कुर्सी | 569 | 0.778 | 27.06.2025 |
| 61 | खुज्झी | कुर्सी | 1011 | 1.025 | 27.06.2025 |
| 62 | गौरी बनियानी | फतेहपुर | 201 | 0.959 | 27.06.2025 |
| 63 | गंगचौली | फतेहपुर | 459 | 0.357 | 27.06.2025 |
| 64 | गंगौला | फतेहपुर | 134 | 0.228 | 27.06.2025 |
| 65 | गड़चप्पा | मोहम्मदपुर | 233 | 0.515 | 27.06.2025 |
| 66 | गड़िया | कुर्सी | 31 | 0.278 | 27.06.2025 |
| 67 | गड़िया | कुर्सी | 216 | 0.202 | 27.06.2025 |
| 68 | गड़िया | कुर्सी | 98 | 0.259 | 27.06.2025 |
| 69 | गड़िया | कुर्सी | 135 | 0.259 | 27.06.2025 |
| 70 | गड़िया | कुर्सी | 125 | 0.360 | 27.06.2025 |
| 71 | गड़िया | कुर्सी | 18 | 0.727 | 27.06.2025 |
| 72 | गड़िया | कुर्सी | 205 | 1.037 | 27.06.2025 |
| 73 | गांगेमऊ | फतेहपुर | 304 | 1.353 | 27.06.2025 |
| 74 | गुड़ौली | फतेहपुर | 177 | 0.218 | 27.06.2025 |
| 75 | गुड़ौली | फतेहपुर | 157 | 0.405 | 27.06.2025 |
| 76 | गोड़ैचा | कुर्सी | 440 | 0.231 | 27.06.2025 |
| 77 | गोड़ैचा | कुर्सी | 430 | 0.397 | 27.06.2025 |
| 78 | गौरा गजनी | फतेहपुर | 291 | 0.234 | 27.06.2025 |
| 79 | गंगौली | कुर्सी | 408 | 0.354 | 27.06.2025 |
| 80 | घघसी | फतेहपुर | 124 | 0.266 | 27.06.2025 |
| 81 | घुंघटेर | कुर्सी | 1779 | 0.481 | 27.06.2025 |
| 82 | चकिया | कुर्सी | 826 | 0.842 | 27.06.2025 |
| 83 | चकिया | कुर्सी | 1111 | 0.278 | 27.06.2025 |
| 84 | चकिया | कुर्सी | 1144 | 1.455 | 27.06.2025 |
| 85 | चकिया | कुर्सी | 826 | 0.842 | 27.06.2025 |
| 86 | छेदा | मोहम्मदपुर | 1206 | 0.202 | 27.06.2025 |
| 87 | जगतपुर | मोहम्मदपुर | 146 | 0.212 | 27.06.2025 |
| 88 | जगसेण्डा | फतेहपुर | 186 | 0.493 | 27.06.2025 |
| 89 | जिगनी | मोहम्मदपुर | 275 | 0.291 | 27.06.2025 |
| 90 | जिगनी | मोहम्मदपुर | 123 | 0.329 | 27.06.2025 |
| 91 | जिगनी | मोहम्मदपुर | 420 | 0.367 | 27.06.2025 |
| 92 | जिन्दपुर | कुर्सी | 1 | 0.253 | 27.06.2025 |
| 93 | जियनपुर | फतेहपुर | 166 | 0.580 | 27.06.2025 |
| 94 | ज्योली | मोहम्मदपुर | 60 | 0.316 | 27.06.2025 |
| 95 | ज्योली | मोहम्मदपुर | 202 | 0.794 | 27.06.2025 |
| 96 | ज्योली | मोहम्मदपुर | 295 | 0.558 | 27.06.2025 |
| 97 | झंझरी | मोहम्मदपुर | 22 | 0.617 | 27.06.2025 |
| 98 | झंझरी | मोहम्मदपुर | 246 | 0.329 | 27.06.2025 |
| 99 | झंझरा | मोहम्मदपुर | 10 | 0.449 | 27.06.2025 |
| 100 | झंझरा | मोहम्मदपुर | 48 | 0.759 | 27.06.2025 |
| 101 | झरसवां | फतेहपुर | 130 | 0.392 | 27.06.2025 |
| 102 | झरसवां | फतेहपुर | 773 | 0.392 | 27.06.2025 |
| 103 | टंडवा नानकारी | फतेहपुर | 63 | 0.215 | 27.06.2025 |
| 104 | टांडा निजामअली | फतेहपुर | 1430 | 0.385 | 27.06.2025 |
| 105 | टिकरा | कुर्सी | 450 | 0.318 | 27.06.2025 |
| 106 | टिकरा | कुर्सी | 225 | 0.364 | 27.06.2025 |
| 107 | टिकरा | कुर्सी | 101 | 0.411 | 27.06.2025 |
| 108 | टेढ़वा | फतेहपुर | 72 | 0.375 | 27.06.2025 |
| 109 | टेढ़वा | फतेहपुर | 236 | 0.753 | 27.06.2025 |
| 110 | ठकुरामऊ | कुर्सी | 163 | 0.215 | 27.06.2025 |
| 111 | डिंगरी | कुर्सी | 529 | 0.278 | 27.06.2025 |
| 112 | डिंगरी | कुर्सी | 177 | 0.379 | 27.06.2025 |
| 113 | डिंगरी | कुर्सी | 451 | 0.544 | 27.06.2025 |
| 114 | डिंगरी | कुर्सी | 22 | 2.670 | 27.06.2025 |
| 115 | डिंगरी | कुर्सी | 813 | 2.839 | 27.06.2025 |
| 116 | तरावां | फतेहपुर | 615 | 0.291 | 27.06.2025 |
| 117 | तालगांव | फतेहपुर | 46 | 1.602 | 27.06.2025 |
| 118 | तालगांव | फतेहपुर | 174 | 1.546 | 27.06.2025 |
| 119 | ताहिरपुर | कुर्सी | 232 | 0.999 | 27.06.2025 |
| 120 | ददेरा | कुर्सी | 344 | 0.360 | 27.06.2025 |
| 121 | ददेरा | कुर्सी | 109 | 0.405 | 27.06.2025 |
| 122 | दरावां | कुर्सी | 1691 | 0.215 | 27.06.2025 |
| 123 | दीनपनाह | कुर्सी | 430 | 0.215 | 27.06.2025 |
| 124 | दीनपनाह | कुर्सी | 464 | 0.228 | 27.06.2025 |
| 125 | दीनपनाह | कुर्सी | 1000 | 0.240 | 27.06.2025 |
| 126 | दुर्गापुर नौबस्ता | मोहम्मदपुर | 802 | 0.689 | 27.06.2025 |
| 127 | देवकलिया | फतेहपुर | 131 | 0.278 | 27.06.2025 |
| 128 | देवकलिया बक्शी | फतेहपुर | 239 | 0.317 | 27.06.2025 |
| 129 | देवकलिया बक्शी | फतेहपुर | 49 | 0.323 | 27.06.2025 |
| 130 | देवगवां | मोहम्मदपुर | 295 | 0.509 | 27.06.2025 |
| 131 | देवगवां | मोहम्मदपुर | 288 | 1.377 | 27.06.2025 |
| 132 | देवगांव | फतेहपुर | 6 | 0.213 | 27.06.2025 |
| 133 | देवरिया | फतेहपुर | 18 | 0.227 | 27.06.2025 |
| 134 | देवरिया | फतेहपुर | 16 | 0.362 | 27.06.2025 |
| 135 | देवरिया | फतेहपुर | 1 | 0.478 | 27.06.2025 |
| 136 | दोहई | मोहम्मदपुर | 348 | 0.349 | 27.06.2025 |
| 137 | दोहई | मोहम्मदपुर | 154 | 0.250 | 27.06.2025 |
| 138 | धधौरा | फतेहपुर | 112 | 0.329 | 27.06.2025 |
| 139 | धधौरा | फतेहपुर | 10 | 0.455 | 27.06.2025 |
| 140 | धधौरी | फतेहपुर | 92 | 0.278 | 27.06.2025 |
| 141 | धमसड़ | फतेहपुर | 653 | 0.304 | 27.06.2025 |
| 142 | धमसड़ | फतेहपुर | 146 | 0.437 | 27.06.2025 |
| 143 | धमसड़ | फतेहपुर | 251 | 0.506 | 27.06.2025 |
| 144 | धमसड़ | फतेहपुर | 619 | 0.836 | 27.06.2025 |
| 145 | धरौली | कुर्सी | 84 | 0.205 | 27.06.2025 |
| 146 | धरौली | कुर्सी | 598 | 0.208 | 27.06.2025 |
| 147 | धरौली | कुर्सी | 585 | 0.278 | 27.06.2025 |
| 148 | धरौली | कुर्सी | 156 | 0.354 | 27.06.2025 |
| 149 | धरौली | फतेहपुर | 3 | 0.303 | 27.06.2025 |
| 150 | धरौली | फतेहपुर | 20 | 0.458 | 27.06.2025 |
| 151 | धरौली | फतेहपुर | 236 | 1.682 | 27.06.2025 |
| 152 | धौरहरा | कुर्सी | 1771 | 0.493 | 27.06.2025 |
| 153 | नन्दरासी | फतेहपुर | 283 | 0.215 | 27.06.2025 |
| 154 | नन्दरासी | फतेहपुर | 49 | 0.228 | 27.06.2025 |
| 155 | नन्दरासी | फतेहपुर | 523 | 0.239 | 27.06.2025 |
| 156 | नन्दरासी | फतेहपुर | 40 | 0.297 | 27.06.2025 |
| 157 | नरायनपुर | कुर्सी | 148 | 0.208 | 27.06.2025 |
| 158 | नरायनपुर | कुर्सी | 180 | 0.310 | 27.06.2025 |
| 159 | निन्दूरा | कुर्सी | 103 | 0.392 | 27.06.2025 |
| 160 | निन्दूरा | कुर्सी | 1504 | 0.481 | 27.06.2025 |
| 161 | निन्दूरा | कुर्सी | 625 | 0.211 | 27.06.2025 |
| 162 | निन्दूरा | कुर्सी | 1301 | 0.492 | 27.06.2025 |
| 163 | निन्दूरा | कुर्सी | 2801 | 0.240 | 27.06.2025 |
| 164 | नेरी | फतेहपुर | 162 | 0.202 | 27.06.2025 |
| 165 | पकरियापुर | फतेहपुर | 217 | 0.228 | 27.06.2025 |
| 166 | पटना | फतेहपुर | 438 | 0.848 | 27.06.2025 |
| 167 | पटना | फतेहपुर | 1030 | 0.342 | 27.06.2025 |
| 168 | पटना | फतेहपुर | 1314 | 1.021 | 27.06.2025 |
| 169 | पटना | फतेहपुर | 1429 | 2.349 | 27.06.2025 |
| 170 | पटना | फतेहपुर | 1658 | 0.225 | 27.06.2025 |
| 171 | पटना | फतेहपुर | 125 | 0.238 | 27.06.2025 |
| 172 | पटना | फतेहपुर | 1034 | 0.254 | 27.06.2025 |
| 173 | पपेहरा | फतेहपुर | 343 | 1.366 | 27.06.2025 |
| 174 | परवरभारी | फतेहपुर | 246 | 0.436 | 27.06.2025 |
| 175 | पर्वतपुर | मोहम्मदपुर | 241 | 0.585 | 27.06.2025 |
| 176 | पल्हरा | मोहम्मदपुर | 25 | 2.264 | 27.06.2025 |
| 177 | पल्हरी | मोहम्मदपुर | 89 | 0.392 | 27.06.2025 |
| 178 | पहाड़ापुर | फतेहपुर | 81 | 0.229 | 27.06.2025 |
| 179 | पारा | मोहम्मदपुर | 13 | 0.215 | 27.06.2025 |
| 180 | पारा | मोहम्मदपुर | 698 | 0.228 | 27.06.2025 |
| 181 | पालपाटन | फतेहपुर | 175 | 0.436 | 27.06.2025 |
| 182 | पालपाटन | फतेहपुर | 182 | 0.453 | 27.06.2025 |
| 183 | पालपाटन | फतेहपुर | 142 | 0.455 | 27.06.2025 |
| 184 | पालपाटन | फतेहपुर | 165 | 0.481 | 27.06.2025 |
| 185 | पिण्डसावां | कुर्सी | 762 | 0.269 | 27.06.2025 |
| 186 | पिण्डसावां | कुर्सी | 1056 | 0.453 | 27.06.2025 |
| 187 | पिण्डसावां | कुर्सी | 997 | 0.658 | 27.06.2025 |
| 188 | पिण्डसावां | कुर्सी | 965 | 0.797 | 27.06.2025 |
| 189 | पिपरसण्ड | फतेहपुर | 3 | 0.341 | 28.06.2025 |
| 190 | पिपरसण्ड | फतेहपुर | 335 | 0.489 | 28.06.2025 |
| 191 | पिपरसण्ड | फतेहपुर | 415 | 0.354 | 28.06.2025 |
| 192 | पिलहटी हैदराबाद | कुर्सी | 393 | 0.379 | 28.06.2025 |
| 193 | पिलहटी हैदराबाद | कुर्सी | 290 | 0.721 | 28.06.2025 |
| 194 | पूरनपुर | मोहम्मदपुर | 33 | 0.260 | 28.06.2025 |
| 195 | पूरनपुर | मोहम्मदपुर | 23 | 0.304 | 28.06.2025 |
| 196 | पूरनपुर | मोहम्मदपुर | 98 | 0.475 | 28.06.2025 |
| 197 | पूरनपुर | मोहम्मदपुर | 142 | 1.366 | 28.06.2025 |
| 198 | पूरेगुलाम मोहम्मद | फतेहपुर | 67 | 0.266 | 28.06.2025 |
| 199 | प्रेमपुर | फतेहपुर | 152 | 0.291 | 28.06.2025 |
| 200 | प्रेमपुर | फतेहपुर | 180 | 0.337 | 28.06.2025 |
| 201 | फिरोजपुर | मोहम्मदपुर | 31— | 1.009 | 28.06.2025 |
| 202 | बछरौली | फतेहपुर | 3 | 0.266 | 28.06.2025 |
| 203 | बछरौली | फतेहपुर | 53 | 0.373 | 28.06.2025 |
| 204 | बजगहनी | कुर्सी | 188 | 0.284 | 28.06.2025 |
| 205 | बजगहनी | कुर्सी | 612 | 0.215 | 28.06.2025 |
| 206 | बजगहनी | कुर्सी | 1340 | 0.304 | 28.06.2025 |
| 207 | बजगहनी | कुर्सी | 928 | 0.733 | 28.06.2025 |
| 208 | बजगहनी | कुर्सी | 614 | 0.917 | 28.06.2025 |
| 209 | बड़खेरिया | कुर्सी | 193 | 0.312 | 28.06.2025 |
| 210 | बडागांव | फतेहपुर | 474 | 0.253 | 28.06.2025 |
| 211 | बडागांव | फतेहपुर | 305 | 0.304 | 28.06.2025 |
| 212 | बडागांव | फतेहपुर | 739 | 0.379 | 28.06.2025 |
| 213 | बड्डूपुर | फतेहपुर | 928 | 0.202 | 28.06.2025 |
| 214 | बनार | फतेहपुर | 53 | 0.385 | 28.06.2025 |
| 215 | बन्नी रोशनपुर | फतेहपुर | 165 | 0.541 | 28.06.2025 |
| 216 | बन्नी रोशनपुर | फतेहपुर | 288 | 0.382 | 28.06.2025 |
| 217 | बरेठी | मोहम्मदपुर | 379 | 0.488 | 28.06.2025 |
| 218 | बसारा | कुर्सी | 126 | 0.342 | 28.06.2025 |
| 219 | बसारा | कुर्सी | 164 | 0.218 | 28.06.2025 |
| 220 | बसारा | कुर्सी | 659 | 0.243 | 28.06.2025 |
| 221 | बसारा | फतेहपुर | 518 | 0.202 | 28.06.2025 |
| 222 | बसारा | फतेहपुर | 2139 | 0.202 | 28.06.2025 |
| 223 | बसारा | फतेहपुर | 424 | 0.215 | 28.06.2025 |
| 224 | बसारा | फतेहपुर | 1289 | 0.215 | 28.06.2025 |
| 225 | बसारा | फतेहपुर | 1148 | 0.240 | 28.06.2025 |
| 226 | बसारा | फतेहपुर | 1909 | 0.240 | 28.06.2025 |
| 227 | बसारा | फतेहपुर | 2111 | 0.240 | 28.06.2025 |
| 228 | बसारा | फतेहपुर | 1213 | 0.266 | 28.06.2025 |
| 229 | बसारा | फतेहपुर | 1313 | 0.261 | 28.06.2025 |
| 230 | बसारा | फतेहपुर | 471 | 0.315 | 28.06.2025 |
| 231 | बसारा | फतेहपुर | 480 | 0.497 | 28.06.2025 |
| 232 | बसारी | मोहम्मदपुर | 377 | 0.315 | 28.06.2025 |
| 233 | बसारी | मोहम्मदपुर | 1200 | 0.228 | 28.06.2025 |
| 234 | बसारी | मोहम्मदपुर | 1134 | 0.721 | 28.06.2025 |
| 235 | बसौली | मोहम्मदपुर | 430 | 0.278 | 28.06.2025 |
| 236 | बसौली | मोहम्मदपुर | 439 | 0.304 | 28.06.2025 |
| 237 | बसौली | मोहम्मदपुर | 146 | 0.620 | 28.06.2025 |
| 238 | बसौली | मोहम्मदपुर | 102 | 0.696 | 28.06.2025 |
| 239 | बहरौली | कुर्सी | 187 | 0.372 | 28.06.2025 |
| 240 | बहरौली | कुर्सी | 729 | 0.556 | 28.06.2025 |
| 241 | बहरौली | कुर्सी | 866 | 0.506 | 28.06.2025 |
| 242 | बहरौली | कुर्सी | 878 | 0.253 | 28.06.2025 |
| 243 | बहरौली | कुर्सी | 1593 | 0.202 | 28.06.2025 |
| 244 | बहरौली | कुर्सी | 1830 | 0.329 | 28.06.2025 |
| 245 | बहरौली | कुर्सी | 1810 | 0.230 | 28.06.2025 |
| 246 | बहरौली | कुर्सी | 129 | 0.364 | 28.06.2025 |
| 247 | बिजौली | कुर्सी | 188 | 0.229 | 28.06.2025 |
| 248 | बिलौली महराज | फतेहपुर | 650 | 0.246 | 28.06.2025 |
| 249 | बेहड़ा खेमकरन | फतेहपुर | 157 | 0.286 | 28.06.2025 |
| 250 | बैनाटीकरहार | कुर्सी | 993 | 0.221 | 28.06.2025 |
| 251 | बैनाटीकरहार | कुर्सी | 884 | 0.266 | 28.06.2025 |
| 252 | बैनाटीकरहार | कुर्सी | 416 | 0.360 | 28.06.2025 |
| 253 | बैसड़ा | फतेहपुर | 120 | 0.242 | 28.06.2025 |
| 254 | भद्रास | कुर्सी | 1054 | 0.291 | 28.06.2025 |
| 255 | भद्रास | कुर्सी | 566 | 0.405 | 28.06.2025 |
| 256 | भवानीपुर | फतेहपुर | 72 | 0.215 | 28.06.2025 |
| 257 | भुण्डिया | फतेहपुर | 75 | 0.310 | 28.06.2025 |
| 258 | भुण्डिया | फतेहपुर | 7 | 0.377 | 28.06.2025 |
| 259 | भुण्डिया | फतेहपुर | 66 | 0.493 | 28.06.2025 |
| 260 | भुरकुण्डा | मोहम्मदपुर | 273 | 0.215 | 28.06.2025 |
| 261 | भुरकुण्डा | मोहम्मदपुर | 283 | 0.487 | 28.06.2025 |
| 262 | भुरकुण्डा | मोहम्मदपुर | 37 | 0.519 | 28.06.2025 |
| 263 | भुरकुण्डा | मोहम्मदपुर | 101 | 0.620 | 28.06.2025 |
| 264 | भैंसुरिया मुजाहिदपुर | फतेहपुर | 5 | 0.215 | 28.06.2025 |
| 265 | भैंसुरिया मुजाहिदपुर | फतेहपुर | 795 | 0.228 | 28.06.2025 |
| 266 | भैंसुरिया मुजाहिदपुर | फतेहपुर | 1458 | 0.251 | 28.06.2025 |
| 267 | मंझारी | मोहम्मदपुर | 738 | 0.347 | 28.06.2025 |
| 268 | मदनपुर | फतेहपुर | 217 | 0.658 | 28.06.2025 |
| 269 | मदनपुर | फतेहपुर | 597 | 0.335 | 28.06.2025 |
| 270 | मदनपुर | फतेहपुर | 179 | 0.278 | 28.06.2025 |
| 271 | मदनपुर | फतेहपुर | 618 | 0.278 | 28.06.2025 |
| 272 | मदनपुर | फतेहपुर | 465 | 0.228 | 28.06.2025 |
| 273 | मदारपुर | फतेहपुर | 16 | 0.304 | 28.06.2025 |
| 274 | मल्लावां | कुर्सी | 1647 | 0.253 | 28.06.2025 |
| 275 | मल्लावां | कुर्सी | 2212 | 0.266 | 28.06.2025 |
| 276 | मल्लावां | कुर्सी | 1259 | 0.354 | 28.06.2025 |
| 277 | मल्लावां | कुर्सी | 462 | 0.354 | 28.06.2025 |
| 278 | मल्लावां | कुर्सी | 2088 | 0.363 | 28.06.2025 |
| 279 | मल्लावां | कुर्सी | 1649 | 0.397 | 28.06.2025 |
| 280 | मसूदपुर | फतेहपुर | 94 | 0.436 | 28.06.2025 |
| 281 | महमूदपुर बनौगा | कुर्सी | 77 | 0.367 | 28.06.2025 |
| 282 | महुआंडांडा | फतेहपुर | 4 | 0.441 | 28.06.2025 |
| 283 | महुआंडांडा | फतेहपुर | 62 | 0.506 | 28.06.2025 |
| 284 | मिठवारा | फतेहपुर | 393 | 0.598 | 28.06.2025 |
| 285 | मिठवारा | फतेहपुर | 473 | 0.797 | 28.06.2025 |
| 286 | मिठवारा | फतेहपुर | 428 | 0.658 | 28.06.2025 |
| 287 | मीरनगर | फतेहपुर | 394 | 0.481 | 28.06.2025 |
| 288 | मुनीमपुर बरतरा | कुर्सी | 413 | 0.752 | 28.06.2025 |
| 289 | मूड़ाभारी | मोहम्मदपुर | 467 | 0.253 | 28.06.2025 |
| 290 | मोकलापुर | मोहम्मदपुर | 29 | 0.352 | 28.06.2025 |
| 291 | मोकलापुर | मोहम्मदपुर | 23 | 0.367 | 28.06.2025 |
| 292 | मोहनपुर | कुर्सी | 238 | 0.632 | 28.06.2025 |
| 293 | मोहम्मदपुर | मोहम्मदपुर | 330 | 0.399 | 28.06.2025 |
| 294 | मोहम्मदीपुर | फतेहपुर | 189 | 0.218 | 28.06.2025 |
| 295 | रंजीतपुर | मोहम्मदपुर | 255 | 0.443 | 28.06.2025 |
| 296 | ररिया | फतेहपुर | 223 | 0.323 | 28.06.2025 |
| 297 | ररिया | फतेहपुर | 1032 | 0.225 | 28.06.2025 |
| 298 | रालभारी | फतेहपुर | 774 | 0.228 | 28.06.2025 |
| 299 | रालभारी | फतेहपुर | 441 | 0.253 | 28.06.2025 |
| 300 | रीवां | फतेहपुर | 401 | 0.266 | 28.06.2025 |
| 301 | रैंगवा | कुर्सी | 969 | 0.304 | 28.06.2025 |
| 302 | रैंगवा | कुर्सी | 770 | 0.379 | 28.06.2025 |
| 303 | रोशनाबाद | कुर्सी | 107 | 0.304 | 28.06.2025 |
| 304 | रोशनाबाद | कुर्सी | 124 | 0.379 | 28.06.2025 |
| 305 | रोशनाबाद | कुर्सी | 105 | 0.443 | 28.06.2025 |
| 306 | रौजा | फतेहपुर | 166 | 0.316 | 28.06.2025 |
| 307 | रौजा | फतेहपुर | 284 | 0.215 | 28.06.2025 |
| 308 | रौजा | फतेहपुर | 364 | 0.454 | 28.06.2025 |
| 309 | रौजा | फतेहपुर | 373 | 0.243 | 28.06.2025 |
| 310 | रौजा | फतेहपुर | 441 | 0.664 | 28.06.2025 |
| 311 | रौजा | फतेहपुर | 31 | 0.623 | 28.06.2025 |
| 312 | लिलौली | फतेहपुर | 744 | 0.316 | 28.06.2025 |
| 313 | लिलौली | फतेहपुर | 751 | 0.202 | 28.06.2025 |
| 314 | वाजिदपुर | फतेहपुर | 177 | 0.378 | 28.06.2025 |
| 315 | वाजिदपुर | फतेहपुर | 32 | 0.385 | 28.06.2025 |
| 316 | विद्धीपुर कला | फतेहपुर | 104 | 0.272 | 28.06.2025 |
| 317 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 9 | 0.329 | 28.06.2025 |
| 318 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 347 | 0.354 | 28.06.2025 |
| 319 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 670 | 0.411 | 28.06.2025 |
| 320 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 843 | 0.506 | 28.06.2025 |
| 321 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 194 | 0.379 | 28.06.2025 |
| 322 | शाहपुर बशखोलिया | फतेहपुर | 593 | 0.240 | 28.06.2025 |
| 323 | शाहपुर बशखोलिया | फतेहपुर | 815 | 0.304 | 28.06.2025 |
| 324 | शेखपुर मखदूम | फतेहपुर | 50 | 0.313 | 28.06.2025 |
| 325 | शेखूपुर | मोहम्मदपुर | 26 | 0.433 | 28.06.2025 |
| 326 | सदरापुर | फतेहपुर | 366 | 0.233 | 28.06.2025 |
| 327 | सन्दूपुर | फतेहपुर | 451 | 1.100 | 28.06.2025 |
| 328 | समनाडीह | फतेहपुर | 155 | 0.329 | 28.06.2025 |
| 329 | समनाडीह | फतेहपुर | 311 | 0.329 | 28.06.2025 |
| 330 | समनाडीह | फतेहपुर | 529 | 0.535 | 28.06.2025 |
| 331 | समनाडीह | फतेहपुर | 137 | 0.270 | 28.06.2025 |
| 332 | सरवन | कुर्सी | 471 | 0.266 | 28.06.2025 |
| 333 | सरवन | कुर्सी | 477 | 0.304 | 28.06.2025 |
| 334 | सरवन | कुर्सी | 20 | 0.342 | 28.06.2025 |
| 335 | सरवन | कुर्सी | 128ख | 0.607 | 28.06.2025 |
| 336 | सरवन | कुर्सी | 23 | 0.664 | 28.06.2025 |
| 337 | सरवन | कुर्सी | 420 | 0.949 | 28.06.2025 |
| 338 | सरवन | कुर्सी | 435 | 0.955 | 28.06.2025 |
| 339 | सरवा | फतेहपुर | 183 | 1.029 | 28.06.2025 |
| 340 | सरवा | फतेहपुर | 148 | 1.629 | 28.06.2025 |
| 341 | सरसवां | फतेहपुर | 158 | 0.272 | 28.06.2025 |
| 342 | सरसवां | फतेहपुर | 242 | 0.455 | 28.06.2025 |
| 343 | सरसवां | फतेहपुर | 267 | 0.228 | 28.06.2025 |
| 344 | सरसवां | फतेहपुर | 517 | 0.251 | 28.06.2025 |
| 345 | सरसवां | फतेहपुर | 403 | 0.485 | 28.06.2025 |
| 346 | सरांय सहबाज | कुर्सी | 243 | 0.430 | 28.06.2025 |
| 347 | सरैंया | फतेहपुर | 283 | 0.202 | 28.06.2025 |
| 348 | सलेमपुर | फतेहपुर | 438 | 0.463 | 28.06.2025 |
| 349 | सलेमपुर | फतेहपुर | 714 | 0.826 | 28.06.2025 |
| 350 | डडियामऊ | फतेहपुर | 131 | 0.253 | 28.06.2025 |
| 351 | साढ़ेमऊ | फतेहपुर | 446 | 0.237 | 28.06.2025 |
| 352 | साढ़ेमऊ | फतेहपुर | 180 | 0.371 | 28.06.2025 |
| 353 | साढ़ेमऊ | फतेहपुर | 181 | 0.390 | 28.06.2025 |
| 354 | सालेहपुर | फतेहपुर | 712 | 0.562 | 28.06.2025 |
| 355 | सालेहपुर | फतेहपुर | 195 | 0.207 | 28.06.2025 |
| 356 | सिरौली सुर्जनपुर | फतेहपुर | 219 | 0.481 | 28.06.2025 |
| 357 | सिरौली सुर्जनपुर | फतेहपुर | 76 | 0.202 | 28.06.2025 |
| 358 | सिहाली | फतेहपुर | 1259 | 0.221 | 28.06.2025 |
| 359 | सेवली | फतेहपुर | 40 | 0.269 | 28.06.2025 |
| 360 | सैदापुर | फतेहपुर | 54 | 0.417 | 28.06.2025 |
| 361 | सैनवसी | फतेहपुर | 121 | 0.212 | 28.06.2025 |
| 362 | सोहई | मोहम्मदपुर | 58 | 0.417 | 28.06.2025 |
| 363 | सौरंगा | फतेहपुर | 265 | 0.468 | 28.06.2025 |
| 364 | हजरतपुर | फतेहपुर | 453 | 0.202 | 28.06.2025 |
| 365 | हजरतपुर | फतेहपुर | 45 | 0.240 | 28.06.2025 |
| 366 | हसनपुर टांडा | फतेहपुर | 498 | 0.316 | 28.06.2025 |
| 367 | हसनपुर टांडा | फतेहपुर | 850 | 0.541 | 28.06.2025 |
| 368 | हसनपुर टांडा | फतेहपुर | 296 | 0.238 | 28.06.2025 |
| 369 | हसुवापारा | फतेहपुर | 1236 | 0.202 | 28.06.2025 |
| 370 | हिदायतपुर सिपाह | फतेहपुर | 580 | 0.310 | 28.06.2025 |
| 371 | पालपाटन | फतेहपुर | 168 /281 | 0.468 | 28.06.2025 |
| 372 | नरायनपुर | कुर्सी | 209 /265 | 0.551 | 28.06.2025 |
| 373 | सैन्दर | कुर्सी | 678 | 0.448 | 28.06.2025 |

नियम व शर्तें:—

1. नीलामी सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया व शर्तें उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 यथा संशोधित राजस्व नियमावली 2016 में विहित व्यवस्थाओं एवं इस सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों/परिषदादेशों में निहित व्यवस्था के अनुरूप होगी।
2. नीलामी की कार्यवाही उपरोक्त की में अंकित ग्रामों के सम्मुख अंकित नियत तिथि पर लोक सभागार तहसील फतेहपुर में की जायेगी।
3. नीलामी के समय आवेदक को आय, जाति, निवास, खतौनी जमा करना अनिवार्य होगा।
4. किसी भी तालाब गाटा संख्या के एक ही श्रेणी के दो या उससे अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उन तालाबों की नीलामी करायी जायेगी।
5. नीलामी तिथि पर आयोजित शिविर में उपर्युक्त ग्रामों के आवेदन पत्र 10:00 पूर्वान्ह से 3:00 बजे अपरान्ह तक प्राप्त किये जायेंगे तत्पश्चात् उसी दिन नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।
6. नीलामी में भाग लेने वाले आवेदको द्वारा प्रति नीलामी 1000रू0 जमानत राशि जमा करनी होगी। तथा नीलामी समाप्त होने पर नीलामी क्रेता द्वारा नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि जमा करना होगा।
7. नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सम्बन्ध उप जिलाधिकारी फतेहपुर का निर्णय अन्तिम होगा।
8. नीलामी सम्बन्धी विस्तृत जानकारी तहसीलदार कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**(कार्तिकेय सिंह)**
**उप जिलाधिकारी**
**फतेहपुर, बाराबंकी।**

**UP-234997 दिनांक 16.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**




# मोदी सरकार ने गरीबों को बनाया सशक्त : भूपेंद्र

## गोसियामऊ गांव में विकसित भारत संकल्प सभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने किया संबोधित

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को गोसियामऊ गांव में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इस मौके पर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया। सभा के दौरान उन्होंने पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा दो लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना की चाबियां सौंपीं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया और परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



संकल्प सभा को संबोधित करते प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

**05** लाभार्थियों को सौंपा आयुष्मान कार्ड

**02** लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान की

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। गरीबों को सशक्त कर देश की तस्वीर बदल दी है। 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किया गया। 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त किया गया। मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण देकर स्वरोजगार को बढ़ावा दिया गया। विश्वकर्मा योजना से पारंपरिक कामगारों को टूलकिट उपलब्ध कराई गई। साथ ही 60 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी तरीके से पुलिस विभाग में नौकरी मिली है। भूपेंद्र चौधरी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी सरकारों में केवल अपने समर्थकों को लाभ मिलता था, जबकि योगी सरकार में कानून व्यवस्था सख्त हुई है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया गया है, जिससे विदेशी सैलानी भी प्रभावित हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश ने आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से न केवल गरीब कल्याण की तस्वीर बदली है, बल्कि अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में भी अभूतपूर्व सफलताएं हासिल की हैं। भारत ने स्वदेशी विमानों से लेकर ब्रह्मोस, अग्नि और एस-400 जैसी मिसाइल प्रणालियों के माध्यम से देश की सीमाओं को सुरक्षित किया है। कार्यक्रम में खाद एवं रसद आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश शर्मा, एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह व सुनील सिंह, महिला ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, चेयरमैन आलोक तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह मोनू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक उड़ायी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला ग्रीडगंज में बाड़ा निवासी रोहित सिंह की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर द्वारा चुरा ली गई। पीड़ित ने कोतवाली नगर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना 11 जून को देर रात हुई। उनकी स्प्लेंडर प्लस बाइक घर के बाहर खड़ी थी। रोहित सिंह ने बताया कि उन्होंने बाइक को आसपास काफी खोजा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। उन्होंने थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### 50 ग्राम स्मैक और तमंचा के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस ने गयासुद्दीन को ग्राम करौदीकला के पास से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से कुल 50 ग्राम ध स्मैक बरामद की गई। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने सादिक निवासी खलीलपुर मजरे सलेमपुर बुलन्दशहर को तमंचा के साथ जैदपुर अण्डर पास से गिरफ्तार किया।

### चोरी के मोबाइल बरामद

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** सर्विलांस व थाना मसौली पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी के 2 मोबाइल फोन व 110 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस महफूज उर्फ रोमियो को भयारा मोड़ मसौली से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के 2 एन्ड्राइड मोबाइल फोन बरामद किए गए टीम को इसके कब्जे से 110 ग्राम अवैध स्मैक भी मिली। पूछताछ से पता चला कि अभियुक्त एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति है जो आस-पास के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं अंजाम दे चुका है। 15 जून को मसौली स्थित घर से दोनों मोबाइल चोरी किए थे।

# अराजक तत्वों ने रेलवे की दो मुख्य केबल काटी

**वारदात**

▶▶ आरपीएफ ने दो आरोपियों को दबोचा, पूछताछ जारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रेलवे के सिग्नल और टेली कम्युनिकेशन केबल काटे जाने की घटना से हड़कंप मच गया। आरपीएफ पुलिस ने पड़ताल करते हुए इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, घटना सोमवार को सफदरगंज और सैदखानपुर रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित कल्याणी नदी पुल के पास घटी। यहां पर अराजक तत्वों ने रेलवे की महत्वपूर्ण केबल काट डालीं। इससे रेल संचालन पूरी तरह से बाधित हो गया। जानकारी मिलते ही आरपीएफ सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ से प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक रविशंकर मिश्रा और कांस्टेबल लखपत राम मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहले से ही एसएसई टेलीकम्युनिकेशन से जुड़े कर्मी संजीव गुप्ता तथा एसएसई सिग्नल सफदरगंज संतोष कुमार अपने स्टाफ के साथ मौजूद थे। संयुक्त निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि 19-कोर की सिग्नलिंग केबल और 6-क्वाड टेली कम्युनिकेशन केबल पूरी तरह काट दी गई थी। विभाग की तत्परता से क्षतिग्रस्त केबल की मरम्मत कर रेल संचालन पुनः शुरू किया गया।

आरपीएफ पोस्ट पर इस संबंध में अज्ञात के विरुद्ध रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक कपिल चौहान के निर्देशन में उप निरीक्षक रविशंकर मिश्रा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने 24 घंटे के भीतर इस वारदात में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इनसे पूछताछ जारी है।

## घर में बिस्तर पर मिला पल्लेदार का शव

**बाराबंकी: अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ेल कस्बा में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शव घर के कमरे में बिस्तर पर मिला। चर्चा है कि मृतक का उसकी पत्नी से विवाद चल रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बड़ेल कस्बा के उत्तर टोला के रहने वाले रामऔतार गौतम का पुत्र प्रकाश गौतम (36) पल्लेदारी करता है। उसका शव उसके घर के कमरे में बिस्तर पर मिला। मंगलवार को यह जानकारी तब फैली जब बदबू उठनी शुरु हुई। लोगों की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवाकर देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना संदिग्ध है क्योंकि मृतक शनिवार को गांव में ही अलग रह रहे पिता से मिलकर लौटा था। बताया जा रहा कि चार भाइयों में मंझला प्रकाश शराब के नशे का आदी था और परिवार से अलग रह रहा था।

# सगी बहनों को पीटा, एक को पिलाया कीटनाशक

**जमीन का विवाद**

▶▶ चाचा व चचेरे भाइयों ने घटना को दिया अंजाम

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जमीन विवाद की रंजिश इस कदर गहराई कि चचेरे भाइयों ने बहनों की पिटाई की फिर एक को घर में रखा कीटनाशक पिला दिया। घर लौटे परिजन दोनों बहनों को लेकर सीएचसी गए पर एक की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर में सियाराम का उसके सगे भाई राम प्रसाद से जमीन का विवाद चल रहा है। सोमवार को जमीन में नींव भराने को लेकर दोनों के बीच विवाद फिर गहराने से मारपीट हो गई।

सियाराम की दो पुत्रियां ऊषा (20) व अर्चना (18) वर्ष हैं। दोनों का कहना है कि झगड़े के दौरान पिता घर पर मौजूद नही थे तो चाचा रामप्रसाद व चचेरे भाइयों ने घर में घुस कर उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान रामप्रकाश व उनके पुत्र सर्वेश, संदीप आदि ने अर्चना को जबरन घर में रखी कीटनाशक पिला दी। वहीं सियाराम के अनुसार, जब वह खेत से लौटा तो घटना की जानकारी हुई। अर्चना की हालत बिगड़ने पर ग्रामीणों की मदद से पिता सियाराम अर्चना व ऊषा को लेकर फतेहपुर सीएचसी पहुंचे। जहां जरूरी इलाज के बाद डाक्टरों ने अर्चना को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि नींव भराने को लेकर मारपीट हुई। जिसमें राम प्रकाश सिर में चोट लगने की शिकायत लेकर थाने पहुंचा था। झगड़े में युवती के खुद जहर पीने की बात पता चली है।

## सार-संक्षेप

### लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन



बांह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते लेखपाल संघ के पदाधिकारी।

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ तहसील में महिला लेखपाल से अभद्रता के मामले को लेकर मंगलवार को चकबंदी कार्यालय में लेखपाल संघ की ओर से काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय में हैदरगढ़ तहसील में अधिवक्ता द्वारा महिला लेखपाल के साथ अभद्रता की ग यीथी। प्रदर्शन के दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी रामनगर सुशील कुमार, चकबंदी लेखपाल संघ के सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पंकज साहू, चंदन श्रीवास्तव, अजीत यादव, श्रीचन्द्र, चंद्रशेखर, सुधांशु श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

### आकाश शुक्ला बने अभाविप के विभाग संगठन मंत्री

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने आकाश शुक्ला को बाराबंकी के विभाग संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। जनेस्मा के गणित विभाग में प्रवक्ता पीजे पाण्डेय को विभाग प्रमुख एवं आदर्श सिंह को विभाग संयोजक तथा प्रांशी बाजपेई को विभाग छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त योगेश सिंह को बाराबंकी का जिला संयोजक एवं दुर्गेश वर्मा को रामसनेही घाट का जिला संयोजक घोषित किया गया है। डॉ. अजय कुमार वर्मा को बाराबंकी एवं अरुण वर्मा को रामसनेही घाट का जिला प्रमुख बनाया है। विभाग प्रमुख पीजे पांडे ने बताया कि जिले के दो कार्यकर्ता विस्तारक बनाए गए हैं जिनमें भूपेंद्र सिंह एवं श्यामजीत पासवान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नवीन दायित्वों की सभी घोषणाएं गोंडा जनपद में 13 से 16 जून के मध्य संपन्न हुए प्रांतीय अभ्यास वर्ग में की गई हैं।

### रेडक्रॉस ने पुस्तकालय को दिया पल्स ऑक्सीमीटर



पुस्तकालय अध्यक्ष को पल्स ऑक्सीमीटर प्रदान करते रेडक्रॉस के सदस्य।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बाराबंकी द्वारा राजकीय जिला पुस्तकालय को पल्स ऑक्सीमीटर प्रदान किया गया। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंह को यह उपकरण रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने सौंपा। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग बनाया है। ऐसे में छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह ऑक्सीमीटर पुस्तकालय को भेंट किया गया है। रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन अधिवक्ता हुमायूं नईम खान ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा रेडक्रॉस की पहचान है और यह पहचान निरंतर कायम है। उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंह ने पल्स ऑक्सीमीटर प्राप्त करते हुए कहा कि पुस्तकालय में अब तक पुस्तकें, फर्नीचर और अन्य आवश्यक सामग्री पुस्तकालय प्रेमियों द्वारा दान में दी जाती रही हैं। रेडक्रॉस द्वारा दिया गया यह ऑक्सीमीटर आपात स्थिति में विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के संरक्षक सदस्य आशीष वर्मा, आजीवन सदस्य राजीव श्रीवास्तव, डॉ. मंजुलता गुप्ता, सतीश यादव, रत्नेश कुमार सहित पुस्तकालय में अध्ययनरत कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### गोबर खाद से बढ़ रही आमदनी और कृषि उत्पादकता



निबलेट गौशाला में ट्रैक्टर पर गोबर खाद लादते श्रमिक। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खण्ड बंकी अंतर्गत स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र निबलेट गौशाला आत्मनिर्भरता की मिसाल बनकर उभर रही है। यहां संरक्षित गोवंशों से निकलने वाला गोबर अब आय का एक प्रमुख स्रोत बनता जा रहा है। इस गोबर से तैयार की जा रही प्राकृतिक खाद न केवल किसानों को रासायनिक हानि से राहत दे रही है, बल्कि खेतों की उर्वरा शक्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर रही है। ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार व ग्राम प्रधान रामलली यादव की मेहनत से गौशाला में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। बता दें कि राज्य मंत्री (कारागार) सुरेश राही ने गौशाला का भ्रमण कर गोबर खाद की बिक्री पर विशेष जोर दिया था। बीडीओ डॉ. संस्कृता मिश्रा ने बताया कि इस गौ आश्रय स्थल में वर्तमान में 539 गोवंश संरक्षित हैं। ग्राम प्रधान रामलली यादव ने बताया कि अब तक 36 ट्रॉली गोबर खाद गांव के कृषकों को बेची जा चुकी है, जिससे प्रति ट्रॉली 800 की दर से कुल 28,800 रुपये की आमदनी गौशाला को प्राप्त हुई है। यह धनराशि वृहद गो संरक्षण केंद्र के खाते में जमा की गई है। इस प्रयास को अब अन्य गौशालाओं में भी लागू करने की योजना है।

### बीआरसी हैदरगढ़ में नवागत बीईओ का स्वागत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ में मंगलवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र प्रसाद का स्वागत किया गया। साथ ही बीईओ सुनील कुमार गौड़ को विदाई दी गई। कार्यक्रम की अगुवाई ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने की। इस मौके पर क्षेत्र के शिक्षकों ने दोनों खंड शिक्षा अधिकारियों का अभिनंदन किया। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र प्रसाद ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की बुनियादी समझ, सीखने की क्षमता और भाषा ज्ञान को मजबूत करने के लिए शिक्षक सक्रिय भूमिका निभाएं। बीईओ सुनील कुमार गौड़ ने सहयोग के लिये सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र मिश्रा, महेंद्र प्रताप सिंह, उमानाथ शुक्ला, अवधेश कुमार, आशीष त्रिवेदी, श्रीकृष्ण मिश्रा, अमित अवस्थी, मदन मोहन वर्मा, देवीशंकर पाण्डेय, रमाकांत गुप्ता, अभिषेक सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, अंबुज शुक्ला, जितेंद्र वर्मा, वैभव शर्मा, धर्मेन्द्र त्रिवेदी, प्रेम सिंह, रजनीश शुक्ला सहित कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### श्री अमरनाथ यात्रा में लंगर के लिए समिति को सौंपी सामग्री

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के तहत बाबा बर्फानी के भक्तों ने सोमवार को श्री बर्फानीश्वर महादेवा सेवा समिति को केलनार पौषपत्री में लगने वाले लंगर के लिए लंगर सामग्री श्रद्धापूर्वक सौंपी। इस अवसर पर श्री अमरनाथ बर्फानी के जयघोषों के बीच समिति के पदाधिकारियों ने भक्तों का आभार जताया और सभी को यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया गया कि 3 जुलाई से आरंभ होकर 9 अगस्त तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा में सेवा के लिए जिले की श्री बर्फानीश्वर महादेवा सेवा समिति वर्ष 2012 से केलनार पौषपत्री में भंडारा (लंगर) आयोजित करती आ रही है। इस वर्ष भी समिति के सक्रिय सदस्यों कैलाश शर्मा, सुशील मिश्रा, संजीव कुमार आदि ने हैदरगढ़ के भक्तों से संपर्क कर सहयोग मांगा था। समिति के आह्वान पर हैदरगढ़ के सूरज साहू, रामचन्दर साहू, साहेबदीन यादव, विनोद कश्यप, श्रीराम वैश्य, सूर्य प्रकाश, सचिन शुक्ला आदि ने श्रद्धालुओं से संपर्क कर चना, आटा, गेहूं, नमक, चावल, तेल, रिफाइन आदि जैसी खाद्य सामग्री एकत्रित करने का अभियान चलाया। इस अभियान के तहत बड़ी मात्रा में सामग्री एकत्र हुई, जिसे समिति पदाधिकारियों को सौंपा गया। मौके पर हैदरगढ़ शाखा के प्रभारी सूरज साहू, रामचन्दर साहू, साहेबदीन यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# गड्ढे में बाइक पलटने से अधेड़ की गयी जान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** दो थाना क्षेत्रों में सोमवार रात हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक अधेड़ की मौत हो गई जबकि दूसरे हादसे में आलू लदी पिकअप पलट गयी। हादसे में चालक, परिचालक बाल-बाल बच गए।

निन्दूरा प्रतिनिधि के अनुसार, घुंघटेर के बजगहनी मजरे चौधरीपुर गांव निवासी आशाराम (45) सोमवार को लखनऊ के नारायणपुर गोधना में अपने बड़े भाई के यहां गए थे। देर रात लौटते समय घुंघटेर-बजगहनी मार्ग पर उनकी बाइक सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। सिर में गंभीर चोट लगने से वह मौके पर ही अचेत हो गए। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



गड्ढे में पलटी पिकअप।

फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार साढ़ेमऊ नहर पुल के पास सोमवार रात करीब 11 बजे बेलहरा रोड स्थित सरदार कोल्ड स्टोरेज से 65 पैकेट आलू लेकर फैजाबाद मंडी जा रही पिकअप पेड़ से टकरा कर पलट गई। हादसे में अयोध्या के हाजीपुर बरसेंडी थाना रौनाही निवासी चालक बलराम व परिचालक नितिन को मामूली चोटें आईं।

## स्वास्थ्यकर्मी से दुष्कर्म का प्रयास

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में घर लौट रही एक महिला स्वास्थ्य कर्मी से गांव के एक युवक ने छेड़छाड़ की फिर दुष्कर्म का प्रयास किया। इसके बाद एक और दिन चाकू दिखाकर धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने शोहदे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता के अनुसार गत 15 मई की शाम करीब 6 बजे जब वह मीटिंग से लौट रही थी और नहर पटरी के पास पहुंची, तभी लवकुश उर्फ लक्कड़ उसे खेत की ओर खींचने लगा। शोर मचाने पर वह भाग गया। बताया कि 29 मई को आरोपी ने दोबारा रास्ता रोका, छेड़छाड़ की कोशिश की और उसी शाम वह अज्ञात व्यक्ति के साथ घर में घुस आया और जान से मारने की धमकी दी। लवकुश उर्फ लक्कड़ के खिलाफ पहले से ही 7-8 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गौ तस्करों की पुलिस से मुठभेड़, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सफदरगंज पुलिस ने मुठभेड़ में 3 गौ तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। मुठभेड़ में एक तस्कर गोली लगने से घायल हुआ, वहीं इसके दो साथी पकड़ लिए गए। इनके पास से डीसीएम पर लादे गए 20 गोवंश, तमंचा बरामद किया गया। गोवंश दूसरे प्रदेश ले जाए जा रहे थे।

मुखबिर से सफदरगंज बदोसरांय मार्ग पर एक संदिग्ध डीसीएम में गोवंश होने की जानकारी थाना पुलिस को मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध डीसीएम चालक को रुकने का इशारा किया किन्तु चालक डीसीएम न रोककर बदोसरांय की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो डीसीएम परसा तिराहा से आगे कच्ची सड़क की तरफ मोड़ दी गयी, आगे रास्ता बंद होने के कारण डीसीएम में सवार संदिग्ध व्यक्ति उतरकर भागने लगे तथा पुलिस टीम पर से फायरिंग की। पुलिस की ओर से की गयी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक गौ तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस के हाथ घायल जय प्रकाश तिवारी के अलावा इसी गांव का अंजनी कुमार व असलम बंजारा निवासी ग्राम मतौली लखीमपुर लग गए। पुलिस ने घायल तस्कर को इलाज के लिए भेज विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। इन सभी के कब्जे से एक डीसीएम में लदे 20 राशि गोवंश, एक तमंचा कारतूस बरामद किया गया। आरंभिक जांच में पता चला कि तस्करों का एक संगठित गिरोह है जो गोवंशीय पशुओं की तस्करी में लिप्त है।

## गोमती नदी में उतराता मिला वृद्ध का शव

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार की दोपहर पशु चराने गए वृद्ध का शव मंगलवार को गोमती नदी में उतराता मिला। आशंका है कि नदी में डूबने से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने शव निकलवाकर परिजनों को सौंप दिया।

असन्द्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे छत्रधारी मजरे टिकरा बबुवान गांव के केशकुमार पाठक (70) सोमवार की दोपहर जानवर चराने निकले थे। जब शाम तक वापस नहीं लौटे, तो परिजन उन्हें खोजने नदी की तरफ गए। वहां उनके कपड़े और चप्पल नदी किनारे मिले। परिजनों ने डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 की टीम ने परिजनों को सुबह कोतवाली असन्द्रा में लिखित शिकायत देने को कहा। मंगलवार सुबह 7 बजे जब ग्रामीण नदी के निकट पहुंचे तो केशकुमार का शव पानी में उतराता मिला। कोतवाली प्रभारी असन्द्रा आलोक मणि त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। परिजनों के आग्रह पर शव उन्हें सौंप दिया गया।

**क्षेत्र पंचायत की बैठक** | 3.67 करोड़ के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

# जल निगम की कार्यशैली पर फूटा गुस्सा

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकासखंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार के संचालन में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में जल निगम विभाग की लापरवाही व खराब कार्यशैली को लेकर जनप्रतिनिधियों का गुस्सा फूट पड़ा। बैठक में 3 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से कराए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने कार्यकाल के लगभग चार वर्षों में उन्होंने हर गांव और हर क्षेत्र पंचायत सदस्य के वार्ड में कार्य कराने का प्रयास किया है। शेष बचे वार्डों में भी आगामी एक वर्ष के भीतर कार्य पूरे कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। संजय तिवारी ने ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि वे सरकार और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत घटिया पाइपलाइन बिछाने और सड़कों को बर्बाद किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई और इस संबंध में शासन को पत्र लिखे जाने की बात कही। बैठक में सांसद तनुज पुनिया के प्रतिनिधि सौरभ पांडेय, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह के प्रतिनिधि कुलदीप सिंह तथा प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष रामकुमार मिश्रा ने भी भाग लिया। सौरभ पांडेय ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए फैमिली आईडी निर्माण और जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बैठक में आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों व शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने फैमिली आईडी और फार्मर रजिस्ट्री कार्य को अभियान चलाकर पूर्ण कराने की बात कही। बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रणव श्रीवास्तव, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुरजीत सचान, लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता अरुण कुमार व्यास, कृषि विभाग के एडीओ डॉ. दलबीर सिंह यादव, आईएसबी के जय राम वाल्मीकि, शिक्षा विभाग के देवेंद्र सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी देते हुए जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। प्रधानों ने जल जीवन मिशन के तहत सड़कों की खोदाई कर उन्हें पुनः न बनाने को लेकर नाराजगी जाहिर की। उनका कहना था कि गांवों में करोड़ों की लागत से बनी इंटरलॉकिंग व सीसी सड़कों को तोड़ा जा रहा है।



क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी। अमृत विचार

# संजय सेतु की मरम्मत का शुरू हुआ कार्य

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सरयू नदी पर बने संजय सेतु की ज्वॉइंटों में आई दरारों के मरम्मत कार्य की शुरुआत मंगलवार सुबह से की गई। पुल की मरम्मत के चलते भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया, जबकि छोटे वाहनों को पुल पर वन-वे सिस्टम के तहत निकाला गया।

लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित यह पुल काफी समय से मरम्मत के सहारे चल रहा है। कुछ दिन पहले ही इसके अप्रोच की भराई का काम पूरा हुआ था, लेकिन कुछ ही दिनों में पुनः ज्वॉइंटों में दरारें उभर आईं। इन्हीं दरारों की मरम्मत के लिए मंगलवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विभागीय कर्मचारियों द्वारा कार्य किया गया। मरम्मत कार्य तीन दिनों तक चलने की संभावना है और इसे गुरुवार तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। मरम्मत कार्य के दौरान लखनऊ से गोंडा की ओर जाने वाले भारी वाहनों को फतेहपुर व बदोसराय मार्ग से डायवर्ट किया गया, जबकि करनैलगंज से बाराबंकी की ओर आने वाले वाहनों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग तय किए गए। मुकामी पुलिस द्वारा पुल पर बैरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया गया।



संजय सेतु पर होता मरम्मत का कार्य।

# कागजों पर फलपट्टी जमीन पर कंक्रीट की इमारतें

## एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर खैराबाद में उठे सवाल, जिले के रिकार्डों में दर्ज खैराबाद की फलपट्टी में ढूंढे नहीं मिल रहे आम के पेड़

जीशान कदीर, सीतापुर

**लापरवाही**

**अंधाधुंध कटान के बाद बिना अनुमति के हो रही प्लॉटिंग और बन रही कॉलोनियां**


अंकित।


मनोज श्रीवास्तव।


हाजी रिजवान अहमद।


बिन्दु मौर्या।

**अमृत विचार:** पूरे प्रदेश में हरियाली की मुहिम चल रही। एक पेड़ मां के नाम रोपे जा रहे हैं। कारण, पर्यावरण को संतुलित और बेहतर बनाना है। वहीं, जिले की फलपट्टी कही जाने वाली खैराबाद की भूमि पर अब आम की खुशबू ढूंढने से भी नहीं मिल रही, कारण छूट के नाम पर हरियाली को काटने का खेल ऐसा चला कि नियम कानून को दरकिनार आलीशान कॉलोनियां बन गईं। हालांकि जिलाधिकारी की इस ओर सख्त नजर है, लेकिन विनियमित क्षेत्र की ओर से जारी नोटिस भी कारगर होती नहीं दिख रहीं।

बीते दिन खैराबाद कस्बे के कुछ लोगों ने शिकायत करते हुए कहा कि हरियाली को उजाड़ा जा रहा। वन विभाग का जवाब था छूट के पेड़ हैं, 15 पेड़ों के काटने का परमिट भी है। फिर कहा गया कि मौके पर तो पूरी बाग की खत्म कर दी। इस सवाल के बाद शिकायतकर्ता निरुत्तर हो गया। कमोबेश, ये स्थिति फलपट्टी कहे जाने खैराबाद के हर हिस्से की है। दस वर्ष पूर्व खैराबाद की फलपट्टी पांच किमी के दायरे में थी। इन दिनों इसका क्षेत्रफल आधे से भी कहीं कम रह गया है। बीस सालों में आकाशीय तस्वीर में खास अंतर देखे जा सकते हैं। डीएफओ नवीन खण्डेलवाल का कहना है कि एक पेड़ मां के नाम का अभियान चलाया जा रहा है। इस बार खैराबाद में खास लक्ष्य है।

**20 साल में आधे से भी कम बची हरियाली :** वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि खैराबाद का आम न सिर्फ बागवानी के लिए एक उपज और कारोबार है। बल्कि पर्यावरण के लिए एक सुरक्षा की बेल्ट रहा। जिसे 15-20 सालों में नुकसान पहुंचाया गया। खैराबाद के बागवान अंकित गुप्ता का मानना है कि कोरोना काल के बाद से पेड़ों में कीड़े अधिक लग रहे हैं। पहले जो स्प्रे तीन बार में काम करता था, दस बार में कीड़ों को नहीं मार पा रहा। इससे बागवानों को खर्च अधिक आ रहा। ऐसे में बागवानों का मोह भंग हो रहा है। आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के प्रबंधक सचिव बिन्दु मौर्या का कहना है कि खस्ताहाल पेड़ों का हवाला देकर परमिट बन जाता है, फिर उसी के आधार पर अधाधुंध कटान होती है। टिकैट गुट के मध्यांचल उपाध्यक्ष हाजी रिजवान अहमद का कहना है कि जितने पेड़ रोपे जाते हैं, उससे कहीं अधिक काटे जाते रहे हैं। रोपे गए पेड़ों को लेकर अगर निगरानी की जाए तो हालात सुधर सकते हैं।

**रियल स्टेट के दखल से बिगड़ी तस्वीर :** हालिया दिनों में डीएम अभिषेक आनंद के सख्त निर्देशों के बाद जांच की गई तो पता चला कि खैराबाद में एक कॉलोनी छोड़कर बाकी सब अवैध है। ऐसे में नियमों को दरकिनार करने वालों के विरुद्ध नोटिस भी जारी हुई लेकिन हालात जस के तस हैं। महरोहटा चौराहे के करीब तो हरियाली के पीछे दुकानों की श्रृंखला ही सवाल खड़े कर रहा है।

**विदेशों तक जाती थी आम की खुशबू :** बागवान अमन रजा कहते हैं कि उनके आम पहले खाड़ी देशों में भेजे जाते थे। पिछले कुछ समय से व्यापारिक झंझावतों के चलते इन्हें देसी बाजारों में भेजा जा रहा है। वन विभाग को समय-समय पर फलपट्टी में शिविर लगाकर बागवानों को जागरुक करना चाहिए, शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी भी देनी चाहिए।

# सोलर प्लेटों में लगी कापर केबल गायब

संवाददाता इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचारः** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में चोरों ने आतंक मचा रखा है। बीते दो माह में कई चोरियों ने आम जनता को दहशत में डाल रखा है। टाटा पावर की ओर से लगाया गया सोलर प्लांट कस्बे में घरों में व दुकानदारों को विद्युत आपूर्ति करता है। बीती रात चोरों ने इस प्लांट को निशाना बनाते हुए सोलर प्लेट्स से लगी कापर की केबिलों को काट लिया। जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख के करीब बताई जा रही है। केबिल कटने से स्थानीय उपभोक्ताओं को जब सुबह लाइट नहीं मिली तो प्लांट के कर्मियों से शिकायत की। मौके पर पहुंचे तकनीकि सहायक ने जब जांच की तो केबिलें गायब मिली। जिसकी सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी व डॉयल 112 पर भी चोरी की सूचना दी। बता दें काजीकमालपुर कस्बे में लगे सोलर प्लांट में भी इससे दो दिन पूर्व केबिल चोरी की घटना सामने आई थी जिसकी कीमत भी करीब एक लाख रुपए तक बताई जा रही है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोलर प्लांट पर न ही कोई गार्ड तैनात रहता है और न ही सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। मामला संदिग्ध है। जांच की जा रही है।

# महसुई में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**मिश्रिख, अमृत विचार।** महसुई गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। इस अवसर पर रामगढ़ गन्ना समिति अध्यक्ष रामगोपाल अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के संदना मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र अवस्थी (सीटू) ने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। क्रिकेट मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। ऐसे आयोजनों से न केवल युवाओं को मंच मिलता है, बल्कि क्षेत्रीय प्रतिभाएं भी सामने आती हैं। इस दौरान महसुई के प्रधान प्रतिनिधि नीरज राठौर, अखिलेश मिश्रा, सूरज कनौजिया, राजेश वर्मा, ऑपेंद्र कुमार, कुलदीप पांडेय, मोहन, हरिओम आदि थे।

# संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा का स्वागत


पूर्व मंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता व ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर।

**अमृत विचार :** लालपुर बाजार में मंगलवार को संविधान सम्मान एवं जनहित हुंकार यात्रा के पहुंचने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यात्रा पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में निकाली जा रही है, जो लगातार जनजागरण और जनहित के मुद्दों को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच रही है। लालपुर बाजार में यात्रा के पहुंचते ही भारी संख्या में कार्यकर्ता जुटे और स्वामी प्रसाद मौर्य का जोरदार स्वागत किया।

# एबीवीपी बिसवां को मिला नया संयोजक

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बिसवां जिला इकाई में अमन दीक्षित को नया जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। यह घोषणा गोंडा में आयोजित अभ्यास वर्ग के दौरान की गई। रामपुर मथुरा नगर के निवासी अमन दीक्षित पहले नगर इकाई के मंत्री के रूप में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनके कार्यकाल में नगर इकाई ने संगठनात्मक विस्तार और छात्रहित से जुड़े मुद्दों पर उल्लेखनीय कार्य किए। वे अपनी साफ-सुथरी कार्यशैली, अनुशासन और कर्मठता के लिए जाने जाते हैं। अमन दीक्षित अब जिले की सभी नगर एवं महाविद्यालय इकाइयों में समन्वय स्थापित करने के दायित्व को निभाएंगे।

# जीएसटी की टीम ने की छापेमारी

**हरदोई, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय पर टैक्स से जुड़े एक बड़े घोटाले को लेकर जीएसटी की टीम पूरे दिन माता बच्ची करती रही अंतत दो संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिए कर चली गई टीम ने दोनों संदिग्ध लोगों के कार्यालय में कंप्यूटर वह अन्य अभिलेख की गहनता से जांच की तथा कई चीज अपने साथ भी ले गई इस संबंध में जिले का कोई प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं दिखा।

रेलवे गंज व आशा नगर में टैक्स से संबंधित दो अकाउंटेंट मंगलवार को जीएसटी विभाग की एक टीम में छापा मार दिया। टीम किस विभाग से आई कहां से आई इसकी जानकारी पूरे दिन नहीं हो सकी। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी कुछ नहीं बता सके पूरे दिन जांच करने के बाद टीम दोनों संदिग्धों को अपने साथ ले गई तथा उनके अभिलेख कंप्यूटर मोबाइल सब जप्त कर लिए। टीम किस मामले में आई क्या पकड़ है इसकी जानकारी देर रात तक नहीं मिल सकी ।चर्चा है कि सरकार को चूना लगाने में कुछ व्यापारियों का यह दोनों सहयोग कर रहे थे। इसी की शिकायत पर टीम ने छापेमारी की है । इस संबंध में जब शहर कोतवाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसा कोई प्रकरण नहीं आया है।

# अमृत सरोवर का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचारः** स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के ग्राम खानपुर, मोहिउद्दीनपुर व अनियां कला में खंड विकास अधिकारी ने मनरेगा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने ग्राम गुलरी पुरवा में मनरेगा के अंतर्गत बने रानी लक्ष्मीबाई अमृत सरोवर का निरीक्षण किया।

सरोवर पर लगी हुई घास की साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर अन्नपूर्णा भवन का भी निरीक्षण किया। इसके बाद ग्राम मोहद्दीनपुर में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र को देखा और अधूरे आंगनवाड़ी केंद्र को शीघ्र पूरा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत हो रहे कार्यों को भी देखा और सभी अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, उन्होंने इस मौके पर उपस्थित तकनीकी सहायक को प्रत्येक निर्माण स्थल पर सीआईबी बोर्ड लगाए जाने के लिए निर्देशित किया। जिससे ग्रामीणों को हो रहे कार्यों की जानकारी हो सके, उसके बाद उन्होंने अनियां कलां में संचालित गौशाला का भी निरीक्षण किया। साफ सफाई के निर्देश दिए, उन्होंने गांव में बने हुए बकरी बाड़ा और गांव में बने हुए सोक पिट का भी निरीक्षण किया।

**सार-संक्षेप**

## वरिष्ठ अधिवक्ता रामचंद्र बने निर्विरोध अध्यक्ष


वार्षिक बैठक के दौरान उपस्थित अधिवक्तागण। अमृत विचार

**मिश्रिख,सीतापुर, अमृत विचार :** द मिश्रिख बार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता रामचंद्र त्रिपाठी को सर्वसम्मति से वर्ष 2025 के लिए अधिवक्ता संघ का अध्यक्ष चुना गया। अधिवक्ताओं की उपस्थिति में यह बैठक एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने आपसी सहमति से अजय पाल सिंह को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी। कुल 21 सदस्यों की कार्यकारिणी का भी मनोनयन किया गया, जिसमें वरिष्ठता, सक्रियता और सहभागिता का ध्यान में रखते हुए चयन किया गया। सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महामंत्री को बधाई देते हुए अधिवक्ता संघ को मजबूत व संगठित बनाने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में संघ के भविष्य की योजनाओं, अधिवक्ताओं की समस्याओं व समाधान के बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## किसानों के कल्याण के लिए भाजपा कृत संकल्प: सुनील

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** स्थानीय तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 21 परिवारों को सहायता राशि का वितरण किया गया। तहसील के लोक सभागार में पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई। दुर्घटना में मृत 20 किसानों के आश्रितों को 5, पांच लाख रुपए की सहायता चेक वितरित की। एक दुर्घटना में हुए दिव्यांग किसान को ढाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता की चेक प्रदान की। पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के कल्याण के लिए कृतसंकल्प है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, तहसीलदार मनीष त्रिपाठी, नायब तहसीलदार अशोक यादव, राजस्व निरीक्षक संदेश सिंह, शत्रोहन सिंह, लेखपाल राहुल, आलोक श्रीवास्तव, अंकुर वर्मा, मानवेंद, सौरव, बलराम यादव सहित लाभार्थी रेनू वर्मा, सुदामा, राम देवी, प्रकाशनी वर्मा, कपिल कुमार, बबली देवी सलमा आदि उपस्थित रहे।

## शपथ लेकर साझा कीं शासन की योजनाएं

**मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** भाजपा मिश्रिख नैमिष नगर मंडल की ओर से मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल, सबका साथ सबका विकास को लेकर संगोष्ठी मिश्रिख ब्लॉक सभागार में हुई। आयोजित संगोष्ठी में सरकार की उपलब्धियां गिनाई गईं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, गन्ना समिति चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख राम किंकर पांडेय ने 11 साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए अपने विचार रखे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेश पांडेय, सतीश शास्त्री, भास्कर मिश्रा, बिपिन मिश्रा, अंकित शुक्ला, शिवशंकर राजवंशी, संदीप, मयंक शेखर शुक्ल, अभय शुक्ला, डॉ. सागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वित्तीय व्यय की प्रक्रिया व दस्तावेजों की जानकारियां साझा

**सीतापुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में रोगी कल्याण समिति के सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने की, जबकि आयोजन मोबियस फाउंडेशन एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक चिकित्सक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर, हॉस्पिटल मैनेजर तथा ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में बतौर प्रशिक्षक बलवीर सिंह और डॉ. शोभा ने आरकेएस की कार्यप्रणाली, वित्तीय व्यय की प्रक्रिया और दस्तावेजी आवश्यकताओं पर जानकारी दी। मोबियस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात ने सीएमओ कार्यालय को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम), जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी केपन मिश्र, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जनपद प्रतिनिधि तुलसीदास तिवारी एवं पूर्णिमा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जातीय जनगणना पर जारी अधिसूचना अधूरी:पुनिया

**बाराबंकी, अमृत विचार।** पूर्व सांसद और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. पीएल पुनिया ने केंद्र सरकार द्वारा 16वीं राष्ट्रीय जनगणना को लेकर जारी अधिसूचना को अधूरी और भ्रामक करार दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार जातिगत जनगणना से जान-बूझकर बच रही है, जो कि सामाजिक न्याय की अवधारणा से सीधा धोखा है। पुनिया ने कहा कि देश के करोड़ों वंचित, दलित और पिछड़े वर्ग की सांख्यिकीय पहचान को नजरअंदाज करना उनकी आकांक्षाओं को कुचलने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिसूचना में जातिगत आंकड़ों का कोई जिक्र नहीं है, जिससे यह स्पष्ट है कि सरकार इस मुद्दे से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। जिसमें 1 अक्टूबर 2026 से सीमावर्ती और हिमालयी क्षेत्रों में और 1 मार्च 2027 से देश के अन्य हिस्सों में। इस प्रक्रिया को डिजिटल आधार पर किया जाएगा जिसमें मोबाइल ऐप, स्वयं प्रविष्टि पोर्टल और जीआईएस आधारित मानचित्रों का प्रयोग होगा। इस पर 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बजट प्रस्तावित है। पुनिया ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी की लगातार मांग व जनदबाव के चलते प्रधानमंत्री को जातिगत जनगणना पर झुकना पड़ा, लेकिन जो अधिसूचना जारी की गई है वह जन आकांक्षाओं के साथ छल है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना मॉडल की तर्ज पर केंद्र को भी पारदर्शी जातिगत जनगणना सुनिश्चित करनी चाहिए।

# नहर कटने से धान की नर्सरी जलमग्न

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के जमुआ गांव के पास बाबागंज टिकैतगंज रजबहा पर बनाए जा रहे पुल निर्माण के दौरान हुई लापरवाही रविवार देर रात भारी तबाही का कारण बन गई। पीडब्ल्यूडी और नहर विभाग की अनदेखी के चलते नहर में बनाए गए अस्थाई बंद का किनारा कट गया, जिससे सैकड़ों बीघा खेतों में पानी भर गया। इस जलभराव से करीब 20 से 25 बीघा में फैली मेंथा की फसल व धान की नर्सरी पूरी तरह नष्ट हो गई है। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान जल निकासी के लिए बनाए गए डाइवर्जन में उचित मिट्टी भराव व कसाव नहीं किया गया था। इसी कारण नहर का किनारा कमजोर हो गया और रात के समय कट गया। खेतों में पानी भरने से मेंथा की फसल धूप में सड़ने लगी है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# न्यायिक मामलों की पैरवी में तेजी लाएं: डीएम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, शासकीय अधिवक्ता, अभियोजन विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी शासकीय अधिवक्ताओं से बीते माह में न्यायालयों में पैरवी किए गए वादों, प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों की उपस्थिति एवं निस्तारित मामलों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष की प्रभावी प्रस्तुति सुनिश्चित करने के लिए गवाहों की न्यायालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इसके लिए पुलिस विभाग समयबद्ध तामीला कराना सुनिश्चित करें। न्यायिक मामलों की पैरवी में तेजी लाएं। ग्राम समाज की भूमि से जुड़े वादों पर विशेष ध्यान देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ये मामले शासन की प्राथमिकता में हैं। सभी संबंधित अधिकारी इनकी प्रभावी पैरवी करें और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि गांवों में भूमि विवादों के कारण उत्पन्न समस्याओं को समय रहते रोका जा सके। ई-प्रॉसिक्यूशन पोर्टल पर वादों के पंजीकरण एवं अपडेट की आवश्यकता पर बल दिया।

# छह उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग ने बकायेदार उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसते हुए मंगलवार को 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में चल रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। विभाग ने चेतावनी दी है कि बकाया राशि जमा करने पर ही बिजली कनेक्शन बहाल किए जाएंगे। बिजली विभाग द्वारा विभिन्न गांवों में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को बकाया जमा करने की अपील की जा रही है।मंगलवार को महमूदाबाद के रामकुमार, डूडी गांव के श्री केशन, श्याम, फूलमती और भगौती, तथा केवलापुर के स्वर्गीय प्यारेलाल के नाम दर्ज कनेक्शनों पर कार्रवाई की गई।

# फुफेरे भाई ने प्रेमी बनकर महिला को उतारा था मौत के घाट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोई सगा भाई न होने पर महिला ने फुफेरे भाई से बहन का रिश्ता बनाया, समय रहते रिश्ता प्रेम संबंध में बदल गया। प्रेम संबंध में शक की बुनियाद पड़ते ही रिश्ते खटाई में पड़े और महिला की हत्या कर दी गई। रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व जंगल में मिली महिला की लाश का रहस्य खुल गया। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर खुरपा बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मृतका शांति देवी (35) पत्नी सतीश निवासी ग्राम धौरहरा थाना असन्द्रा का शव गत 14 जून को जंगल में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट से मौत की पुष्टि हुई। मृतका के पिता रामकेवल यादव ने थाना रामसनेहीघाट में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में स्वॉट, सर्विलांस व रामसनेहीघाट पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच में जुटी टीम ने डिजिटल डेटा और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर आरोपी एवं मृतका के फूफा के बड़े भाई के पुत्र बृजेश कुमार यादव पुत्र उमाशंकर यादव निवासी सधवापुर को जेठबनी रोड से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूल किया।

जांच में सामने आया कि मृतका शांति का कोई सगा भाई नहीं था। इस बीच आरोपी बृजेश भाई बनकर उसके घर आने-जाने लगा लेकिन आरोपी व महिला के बीच प्रेम संबंध पनप गया। शांतिदेवी अक्सर मायके में ही रहती थी और अभियुक्त उसके घर आता-जाता था। बीती 12 जून को शांति देवी दवा लेने घर से निकली थी, तभी जेठबनी मोड़ के पास दोनों की मुलाकात हुई। शक के चलते बहस हुई और रास्ते में जंगल के पास गुस्से में आकर आरोपी ने खुरपे से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खुरपा बरामद कर लिया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना** दिनांक: 16.06.2025

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई–ऑक्शन** से सम्बन्धित सूचना

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-BSB-Gen-39-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.06.2025 at 12:30 hrs |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-43-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.06.2025 at 12:40 hrs |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-42-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.06.2025 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.06.2025 at 12:50 hrs |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-36-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.06.2025 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.06.2025 at 10:30 hrs |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-AMG-Gen-22-24-2 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.06.2025 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.06.2025 at 10:40 hrs |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-35-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.06.2025 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.06.2025 at 10:50 hrs |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | **E-Auction Module of www.ireps.gov.in** |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1787/2025



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं0–**
**याँ/301/इज्ज/25–26/ओटी–12**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं,

**क्रम सं0 1:**–कार्य का संक्षिप्त विवरण: यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 3788 बायो–डाइजेस्टर टैंकों की अनलोडिंग, डिस्मेंटलिंग, सफाई, ओवरहालिंग, बफिंग और डीपीटी कार्य 02 वर्ष की अवधि के लिए (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार। अनुमानित मूल्य (रु0 में): ₹ 5638934.88 (छप्पन लाख अडतीस हजार नौ सौ चौतीस रूपये एवं अट्ठासी पैसा मात्र), जमानत राशि(रू0मे): ₹ 112800.00 (रू एक लाख बारह हजार आठ सौ रूपये मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, कार्य अवधिः 02 वर्ष, निविदा खुलने की तिथि व समयः दिनांक 08.07.2025 को 15.30 बजे।

नोटः–1. उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 16.06.2025 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर खुलने की तिथि 08.07.2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। 2.उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत C.C.A. द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। 3.निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। 4. ई–निविदा हेतु धरोहर राशि ई–भुगतान नेट बैकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

उपमुयाँइ/प्लाण्ट, यांत्रिक कारखाना
मुजाधि/यांत्रिक–34 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं ARPIT SINGH पुत्र RANA PARTAP SINGJ ग्राम भडुआ सोमबाणसी पोस्ट बिशुनपुर बैरिया गोण्डा का रहने वाला हुं अब मेने अपना नाम बदल ARPIT KUMAR राख लिया हे अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ARCHANA DWIVEDI था। जिसे मैंने बदलकर ARCHANA कर लिया है भविष्य मैं मुझे इसी ARCHANA नाम से जाना व पहचाना जाए

**सूचना**

पहले मेरा नाम सईद (SAEED) था, अब मैं अपना नाम बदलकर सईद अहमद (SAEED AHMAD) रख रहा है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O SHAKIR R/O KUMASI RASHARA, POST- NANDRAI P.S.- BALDIRAI, DIST- SULTANPUR-227814

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम मोहम्मद आजाद लियाकत खान (MOHAMED AZAD LIYAKAT KHAN) था। अब मैं अपना नाम बदलकर मो0 आजाद खान (MOHD AZAD KHAN) रख रहा हूँ, मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O LIYAKAT KHAN, R/O PURE MADDE KHAN SARKAURA, P.S.- KURWAR DIST- SULTANUR-228155

**सूचना**

सूचित हो कि मै **कुसुमा चौरसिया पत्नी राम औतार निवासिनी– बरौरा हुसैनबाड़ी राजा विहार बाला गंज थाना –ठाकुरगंज जिला लखनऊ।** मैने अपने छोटे पुत्र नीरज चौरसिया को उसके व्यवहार से नाराज होकर समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। अब मेरे पुत्र नीरज के व्यवहार में बदलाव आ गया है, उसके व्यवहार से मेरी नाराजगी दूर हो गयी है इसलिए वह अपने पूर्व में लिये गये बेदखली के निर्णय को वापस लेती है। अब मेरा छोटे पुत्र नीरज चौरसिया मेरी समस्त चल–अचल सम्पत्ति के अपने हिस्से के उत्तराधिकारी रहेगें उन्हें मेरी सम्पत्ति में सभी विधिक अधिकार वैसे ही मिलेंगें जैसे एक पुत्र को मिलेंगे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बेटे अंश उम्र 12वर्ष का नाम आधारकार्ड में गलती से धर्मेंद्र लिख गया है जबकि स्कूल परिवार रजिस्टर व जन्मप्रमाण पत्र में अंश ही दर्ज हैं यही सही हैं। अत: बेटे का नाम आधारकार्ड में भी अंश दर्ज होना आवश्यक है व उसे इसी नाम से जाना जाय। **रामविलास निवासी ग्राम अमदही पूरे तारा तरबगंज गोण्डा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **बागीश मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा निवासी म्योढ़ा, साण्डी, हरदोई।** मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं0–B/817/HDI/05 दिनांक 11.01.2005 में मेरा नाम बागीश मिश्रा अंकित है परन्तु रिकार्ड में योगेश मिश्रा अंकित है जो कि अशुद्ध है। अत: मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा शुद्ध नाम बागीश मिश्रा अंकित कर संशोधित ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2003 अनुक्रमांक 7411398 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **विश्वनाथ शुक्ला पुत्र गणेश प्रसाद शुक्ला निवासी काशीपुर थाना कोतवाली करनैलगंज जिला गोंडा, उ. प्र**

**सूचना**

मैं **अनूप कुमार पुत्र शैलेंद्र कुमार ग्राम रमुवापुर दुबई पोस्ट देवगांव थाना खीरों रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम शैलेंद्र शुक्ला अंकित है जो गलत है। मेरे डीएल में पिता का नाम शैलेंद्र कुमार होना चाहिए। शैलेंद्र कुमार ही मेरे पिताजी का सही नाम है।

**सूचना**

मेरा पुत्र जफर खान मेरे कहने सुनने में नही है। उसका चाल–चलन ठीक नहीं है । मैं उसके असमाजिक गतिविधियों से तंग आ गया हूं । आज से मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूँ। आज की तारीख से उसका मुझसे मेरी तमाम जायजात से कोई वास्ता सरोकार नही रहेगा। **प्रार्थी मो0 रफीक खान सुत मन्सब खान साकिन पूरे अहबल मजरा पूरब रवनिया डाकखाना अलीगंज थाना कुड़वार तहसील सदर, जनपद सुलतानपुर (ऊप्र)।**

## एक नजर

### ग्राम पंचायतों में योग अभ्यास की हुई शुरुआत

**रामपुर मथुरा, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत विकास खंड रामपुर मथुरा की सभी ग्राम पंचायतों में योग अभ्यास कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। सहायक विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 21 जून तक लगातार चलेंगे और समापन के दिन विकास खंड परिसर में एक वृहद योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। योग श्रृंखला के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर मथुरा, सुरजनपुर, टिकठा, सोहरिया, बांसुरा, तुलसीपुर खरिका समेत कई गांवों में योग अभ्यास सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायतों के सचिव पुतान भार्गव, विनोद कुमार यादव, रामस्वरूप भार्गव, राहुल आनंद, महेंद्र रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### जीजा साली को लेकर फरार, केस दर्ज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जीजा पर अपनी साली को भगा ले जाने का आरोप है। तूल पकड़ते प्रकरण में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव वासी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज कराया है कि 11 जून को 14 वर्षीय बहन को उनका ही बहनोई भगा ले गया। दावा है कि उनके घर से ही 20 हजार नकद व एक जोड़ी चांदी की पायल भी अपने साथ ले गई। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

### जानलेवा हमले में ग्रामीण घायल, केस दर्ज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गंज निवासी मुन्ना सिंह केस दर्ज करते हुए आरोप लगाया है कि ओंकार व उसका पुत्र आकाश अनावश्यक रूप से गालियां देने लगे। मना करने पर उपरोक्त लोगों ने मुन्ना सिंह को लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट की घटना से मुन्ना के शरीर में काफी चोटें आई है। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### धान - मूंगफली की बोवाई की तैयारी में जुटे किसान

**कमलापुर, अमृत विचार :** हल्की बारिश ने आमजन को राहत दी। गांव के किसान अरुण शुक्ला, आरपी सिंह और संतोष शुक्ला ने बताया कि गर्मी की तपिश फसलों को नुकसान पहुंचा रही थी। सिंचाई की व्यवस्था न होने से चिंता बढ़ी थीं, लेकिन बारिश खेतों को तर कर दिया है। बताया कि गन्ने की फसल को इस समय पानी की आवश्यकता थी। किसान अब धान और मूंगफली जैसी खरीफ फसलों की बुवाई के लिए खेतों की तैयारी में जुट गए हैं।

### रामकोट स्वास्थ्य केंद्र में ठंडे पानी की किल्लत

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामकोट कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को ठंडे पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र पंचायत निधि लगा वाटर कूलर महज शोपीस बन चुका है। कस्बा वासी योगेश और अंकित गुप्ता ने बताया है कि स्वास्थ्य केंद्र पर इन दिनों बुखार और संक्रमण के मरीज बढ़े हैं। ऐसे में स्वच्छ और ठंडा पानी न मिलने से मरीजों के साथ तीमारदार भी परेशान हो रहे हैं। फार्मासिस्ट सुशील राठौर का कहना है कि वाटर कूलर की स्थापना के बाद कुछ दिनों तक वॉटर कूलर इस्तेमाल में आया, फिर आई खराबी के कारण सुधर नहीं सका।

### भूमि पर कब्जे का आरोप मुख्यमंत्री से की शिकायत

**महमूदाबाद, सीतापुर :** धार्मिक आस्था से जुड़ी जमीन पर संभावित अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दिलीप मिश्रा ने सीएम योगी को प्रेषित पत्र में आरोप लगाया है कि बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से 2 बालकों की मौत 3 की हालत गंभीर

## लखनऊ-सीतापुर मार्ग पर देबीपुर गांव के निकट हुआ हादसा, चालक गिरफ्तार

संवाददाता कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** कमलापुर इलाके में देबीपुर गांव के नजदीक तेज रफ्तार कार ने पांच बच्चों को रौंद दिया। हादसे में घायल दो किशोरों ने दम तोड़ दिया। तीन की हालत गंभीर है। ग्रामीणों ने हाईवे को अवरुद्ध कर कार चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। कमलापुर थाना पुलिस ने केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की है।

कमलापुर थानाक्षेत्र के देबीपुर गांव में मिश्रापुर निवासी रीशू अपने ननिहाल गुड्डू के घर आई थी। मामा गुड्डू के मुताबिक, मंगलवार शाम 12 वर्षीय रीशू ऑटो से उतरकर सड़क किनारे ननिहाल जाने के लिए खड़ी थी। लखनऊ- सीतापुर हाइवे स्थित सड़क के डिवाइडर पर



घटनास्थल पर जमा लोगों की भीड़ और मौजूद कमलापुर पुलिस। अमृत विचार

**एक ने लखनऊ ट्रामा सेंटर में तोड़ा दम, दूसरे की सीतापुर स्थित अस्पताल में मौत**

देबीपुर निवासी गुड्डू का बड़ा पुत्र अमित (16) और छोटा पुत्र 12 वर्षीय भाई शैलेश खड़ा था। इनके साथ गांव की ही लक्ष्मी (12) पुत्री सुरेश, सचिन (17) पुत्र राजू थे। बताते हैं कि रीशू पुत्री अजय सड़क पार करने के लिए आगे बढ़ी। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रही तेज कार अनियंत्रित हो गई। कार रीशू को रौंदती हुई डिवाइडर पर चढ़ गई। कार की चपेट में अमित, शैलेश, लक्ष्मी और सचिन भी आ गए। हादसे के बाद कार चालक ने वाहन भगाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर जाकर सुरैंचा के निकट पकड़ा गया। ग्रामीणों ने हाईवे अवरुद्ध कर वाहन रोक लिया। इसी बीच कमलापुर पुलिस ने पहुंचकर चालक को हिरासत में लेकर वाहन कब्जे में लिया। आनन-फानन में सभी पांच घायलों को सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

रीशू और सचिन की हालत गंभीर होती देख चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया। लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाए सचिन ने देर रात दम तोड़ दिया। सीतापुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती अमित की भी मौत हो गई। रीशू सहित अन्य तीन की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार का कहना है कि वाहन चालक को गिरफ्तार करते हुए कार जब्त कर केस दर्ज कर लिया गया है।

## 10 माह के बच्चे की मौत पर हंगामा

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में 10 माह के बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। बढ़ते बवाल के बीच पुलिस ने जांच शुरू की है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने आरोपों को एक सिरे से नकारा है। रेउसा थाना क्षेत्र वासी अनीता के मुताबिक, वो अपने बीमार बच्चे को जिला अस्पताल लेकर आई थी। यहां बिगड़ी हालत में उसे भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दुधमुंहे की मौत हो गई। इसे के बाद परिजनों ने मेडिकल स्टाफ पर पैसे मांगने का आरोप लगाया। न देने पर लापरवाही के चलते बच्चे की जान चली गई। खासे हंगामे के बीच कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। उधर, जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्र सिंह का कहना है कि फिलहाल पैसे लेने के आरोप के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। फिर भी मामले में जांच कराई जा रही है।

**परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप**

## सार-संक्षेप

### चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश, दिन भर चली प्रक्रिया

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन परिसर में आरक्षी सीधी भर्ती- 2023 के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों का आना हुआ। प्रक्रिया के प्रथम दिन आए 1409 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के साथ अन्य दस्तावेजों की जांच हुई। इस दौरान पुरुष और महिला अभ्यर्थियों चयनित प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया। बता दें कि आगमन से पूर्व ही पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बैरक, क्लास, मेस आदि का निरीक्षण किया था। प्रतिसार निरीक्षक को खास निर्देश भी दिये गए थे। पुलिस लाइन में दिन भर चली प्रक्रिया में क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे।

### लापरवाही बनी जानलेवा: चार दिन से खंभे में दौड़ रहा करंट



खंभे के सहारे लटका केबिल।

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे के बीचो- बीच पुरानी बाजार में कटरा स्कूल के सामने लगे एक बिजली के खंभे में बीते चार दिनों से लगातार करंट दौड़ रहा है, लेकिन बिजली विभाग की कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। मुख्य मार्ग पर मौजूद इस खंभे के पास से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं, स्कूल के मासूम बच्चे, बाजार के ग्राहक और दुकानदार हर कोई अनजाने खतरे की चपेट में है, लेकिन विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है। स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार, मोहम्मद अकरम, रोशन लाल, संदीप, शाहिद और मोहित ने बताया कि इस गंभीर समस्या की सूचना जेई खैराबाद को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि विभाग मौत के बाद ही जागेगा। स्कूल के सामने और व्यस्त बाजार मार्ग पर करंटयुक्त खंभा होना किसी खुली जानलेवा साजिश से कम नहीं। ये वही इलाका है जहां पिछले वर्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दरवाजे पर करंट उतरने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है, लेकिन लगता है बिजली विभाग ने उस हादसे से भी कोई सबक नहीं लिया। आसपास के दुकानदारों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। सभी का कहना है कि यदि समय रहते खंभे से करंट नहीं हटाया गया और कोई हादसा हुआ, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग और संबंधित अधिकारी की होगी।

### आरोपी को 7 वर्ष का कारावास

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना तम्बौर पर वर्ष 2015 में पंजीकृत अभियोग की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या 14/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) द्वारा दोषसिद्ध वीरेन्द्र कुमार उर्फ बिन्द्रा पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम बरेती थाना तम्बौर को धारा 376/506 में 7 वर्ष का कारावास एवं 12 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

### पकड़े गए 9 वांछित व वारंटी

**सीतापुर, अमृत विचार :** एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अलग- अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने अभियान चलाकर 9 वांछित-वारंटियों को गिरफ्तार किया। रेउसा पुलिस ने रामपाल, पच्चा, रामप्रसाद, त्रिभुवन, बिशेस्वर, गुरदीन को गिरफ्तार किया। रामकोट पुलिस ने पप्पू कश्यप जगरूप को धर दबोचा। बिसवां में अशफाक की गिरफ्तारी की गई।

### दहेज हत्या में फरार आरोपियों की तलाश

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामकोट इलाके के ऐमीपुर गांव में दहेज हत्या में निरुद्ध आरोपी पति सहित अन्य लोगों तलाश हो रही है। ऐसे में पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है।बालजती का विवाह रामकोट के ऐमीपुर गांव बालजती का विवाह अमन वर्मा से हुआ था। कमलेश वर्मा की पुत्री के मुताबिक, 5 मई को उसने अपनी पुत्री की शादी की। दहेज प्रताड़ना के चलते 23 मई को उसने अपनी जान दे दी। घटना को लेकर पति अमन वर्मा सहित परिवार के अन्य लोगों पर केस दर्ज हुआ। वारदात में निरुद्ध आरोपियों की तलाश में पुलिस ने कई स्थानों पर छापामारी की है। उधर पीड़ित पक्ष ने एसपी अंकुर अग्रवाल से न्याय की गुहार लगाई है।

### बालिकाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**रामपुर मथुरा, अमृत विचार :** चौकी चांदपुर के गांव सहरा शहरी में मिलन फाउंडेशन द्वारा बालिकाओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम मिशन शक्ति के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 14 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना था। कार्यक्रम में थाने से महिला आरक्षी पूनम सिंह ने उपस्थित बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें परेशान करता है या अनुचित व्यवहार करता है, तो वे बिना हिचक सहायता ले सकती हैं। हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 और 102 पर संपर्क कर अपनी समस्या बता सकती हैं। साथ ही, उन्होंने सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने और किसी भी फ्रॉड कॉल से दूरी बनाए रखने की भी सलाह दी। इस अवसर पर महिला आरक्षी सोनिका यादव, उपनिरीक्षक छोटेलाल सहित बड़ी संख्या में किशोर बालिकाएं मौजूद रहीं।

### शासन की योजनाएं साझा, ली शपथ

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** गुलरी पुरवा में विकसित भारत संकल्प सभा में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं को शासन की उपलब्धियों की जानकारी दी। लहरपुर देहात मंडल के आनियां कलां सेक्टर के ग्राम गुलरी पुरवा में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष रमेश कुमार मिश्रा व राम प्रकाश वर्मा थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेक्टर संयोजक अनुराग मिश्रा ने कहा कि 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा सुशासन व निर्धनों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने इस मौके पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अंकुर वर्मा, राजेंद्र विक्रम, कमलेश कुमार, अनूप वर्मा, अनिल, यदुनाथ सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चार दुकानों का ताला तोड़कर नकदी ले उड़े शातिर

**संवाददाता कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** महोली पुल के पास देर रात चोरों ने चार दुकानों का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नगदी पार कर दी। वारदात के बाद पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल की है।महोली नहर पर योगेन्द्र मिश्रा की बीज भंडार की दुकान है। बिक्री के पच्चीस हजार रुपए रखे थे। दुकान का शटर तोड़कर गल्ला उठा ले गए। वहीं सामने सोनू गुप्ता की मिठाई की दुकान है, उसके पास उनकी गुमटी रखी थी, उसका भी ताला तोड दिया और ढाई हजार रुपए चोरी कर ले गए। अगला निशाना शिवकुमार सिंह के दुकान में बीयर और अंग्रेजी शराब की कंबाइंड दुकान है। उसका भी ताला तोड़कर काउंटर में रखे आठ हजार रुपए चोरी कर ले गए। सुबह जब लोगों ने देखा तो इसकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो सीसीटीवी फुटेज खंगाले, वीडियो रिकार्डिंग में कैमरे में मुंह बांधे चोर नजर आ रहे हैं। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि सूचना मिली है, जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### जोशी प्रीमियर लीग का उद्घाटन, टीमों ने बहाया पसीना



टीम के साथ उपस्थित अतिथिगण। अमृत विचार

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे हजरत गुलजार शाह मेला मैदान में आयोजित एक माह तक चलने वाले जोशी प्रीमियर लीग का उद्घाटन समाजसेवी महबूब अली व मुस्लिम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सैय्यद हुसैन कादरी ने फीता काटकर व गेंद फेंककर किया। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और बेहतर खेलने के लिए हौसला बढ़ाया। उद्घाटन मैच जोशी टाइगर व बिसवां स्टार के मध्य खेला गया। फरीद की कप्तानी वाली बिसवां स्टार की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और ओपनिंग करने आये अब्दुररब ने 40 रन का सहयोग देकर 12 ओवर मे 106 रन बनाकर आल आउट हो गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक जोशी की कप्तानी वाली जोशी टाइगर टीम खबर लिखे जाने तक 6 रन बनाकर मैदान पर डटी हुई थी।

### एसी चलाने को लेकर विवाद महिला की पिटाई, केस दर्ज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कार में एसी चलाने को लेकर विवाद हो गया। ऐसे में महिला और उसके परिवार ने चालक सहित अन्य लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। बागवानी टोला निवासी अली हसैन के मुताबिक, उसके भांजे नूर आलम की शादी में कार से उसके परिजन व महिलाएं बैठकर जा रहे थे। कार चालक शानू से जब परिवार ने एसी चलाने के लिए कहा तो वह अभद्रता पर उतर आया। बातचीत बढ़ने पर वाहन चालक शानू ने लच्छननगर के यासर, फैसल आदि लोगों को नौव्वापुर मोड़ के पास बुलाकर परिवार की पिटाई की। इसमें महिलाओं और परिवार के अन्य लोगों को चोटे आई हैं। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# वक्फ पर्ची के सहारे पशुओं की खरीद फिरोख्त !

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार :** कस्बे के एक बड़े भू-भाग पर पशुओं की बाजार गर्म है। हैरत की बात है कि जो कारोबारियों से वसूली की जा रही है, वो वक्फ की पर्ची पर हो रही है। तहसीलदार का कहना है कि मामले में जांच कराई जाएगी। महमूदाबाद का एक बड़ा हिस्सा शत्रु संपत्ति से जुड़ा हुआ है। ऐसे में प्रशासन आर्थिक गतिविधियों पर खास नजर रखे हुए है। उधर, इसी कस्बे में रामकुण्ड चौराहे के नजदीक एक बड़े हिस्से पर पशु बाजार लग रही है। कस्बा वासी दिलीप त्रिपाठी का दावा है कि कस्बे के एक बड़े भाग पर लगने वाली पशुओं की बाजार में कारोबारियों को जो पर्ची दी जा रही है वो वक्फ से जुड़ी हुई हैं। दिलीप कहते हैं कि यदि राजस्व से जुड़ी जमीन है तो फिर उसका कर निर्धारण प्रशासन को करना चाहिए। वक्फ की रसीदों का पशु



खाली स्थान पर बंधे मवेशी।

**वक्फ की रसीद के सहारे हो रही बिक्री, तहसीलदार बोले- इसकी जांच कराई जाएगी**

बाजार में वसूली से क्या लेना-देना। दिलीप बताते हैं कि पशुओं की खरीद फिरोक्त का मूल्य निर्धारित किया गया है। पशु बेचने के लिए दूरदराज से आने वाले लोगों से जानवर बिकने पर शुल्क पर्ची काट कर वसूला जाता है। रसीद पर भैंस, गाय, बैल और घोड़ा जानवर का उल्लेख होता है। तहसीलदार अनिल कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कराई जाएगी। निष्कर्षों के आधार पर ही स्थितियां स्पष्ट की जा सकती हैं।

# दलहन, तिलहन और मोटे अनाज की उत्पादकता बढ़ाने पर दें जोर : डीएम

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया। विभिन्न विभागों द्वारा जानकारीपरक स्टाल और प्रदर्शनी भी लगाई गई।

गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र कटिया मानपुर के वैज्ञानिक दयाशंकर श्रीवास्तव ने किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व तैयारी, नर्सरी, जैविक एवं रासायनिक कीट प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों की बजाय जैविक विधियों को अपनाने और मृदा स्वास्थ्य बेहतर करने के लिए मित्र कीटों को प्रोत्साहित करने की अपील की। साथ ही बायो-एनपीके के प्रयोग के लाभ बताए। कार्यक्रम के दौरान सिंचाई, नलकूप, पशुपालन, गन्ना, उद्यान एवं भूमि संरक्षण विभागों के अधिकारियों ने खरीफ की तैयारियों के संबंध में जानकारी साझा की और किसानों से संवाद किया।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी अभषेक आनंद। अमृत विचार

**डीएम ने की फसलों का रकबा बढ़ाने की अपील**

डीएम ने किसानों से फसल विविधता अपनाने, श्री अन्न, दलहनी और तिलहनी फसलों के रकबे को बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले में स्थापित फैक्ट्रियों में मक्का की बड़ी मांग है। यदि किसान मक्का उत्पादन बढ़ाते हैं तो उन्हें बेहतर बाजार भाव मिलने की संभावना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

**खाद और बीज की कमी नहीं: कृषि अधिकारी :** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में खाद और बीज की कोई कमी नहीं है। किसानों से संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग का आग्रह किया गया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि सिंचाई के लिए कृषि विभाग द्वारा 60% अनुदान पर सोलर पंप उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा 50% अनुदान पर कृषि यंत्रों की समयबद्ध बुकिंग करने की सलाह भी दी गई।

## डूबी महिला का शव 48 घंटे बाद मिला

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** तंबौर इलाके के बसंतापुर गांव में 65 वर्षीय वृद्धा का शव सोमवार को शारदा नदी से बरामद किया। महिला फूलमती शनिवार देर रात घर से निकली थीं और अनियंत्रित होकर नदी में गिर गईं। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों और गोताखोरों ने रातभर नदी में तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी के बाद गहरे पानी से शव निकाला जा सका। तंबौर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पिकअप खाई में पलटी ड्राइवर व खलासी घायल

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसा जसमंडा गांव के निकट उस समय हुआ जब पिकअप अमेठी से लखीमपुर की ओर जा रही थी। दुर्घटना में वाहन का चालक और खलासी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप में फंसे घायल ड्राइवर व खलासी को बाहर निकाला। घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# भाजपा देश में फैला रही है नफरत: स्वामी प्रसाद

**जनहित हुंकार यात्रा के दौरान किया संबोधित, शासन की नीतियों पर बिफरे**

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार:** अपनी जनता पार्टी के तत्वाधान में संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा कस्बे के प्रभु लान में पहुंची। अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। हुंकार यात्रा को सम्बोधित करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने ने देश और प्रदेश की सरकारों पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि किसानों को एमएसपी नही दे पाई, अलबत्ता सरकार हिन्दू मुस्लिम के नाम पर नफरत फैला कर भाजपा आरक्षण पर हमला कर रही है। केंद्र सरकार ने दलितों, पिछड़ो, अल्पसंख्यकों के साथ धोखा किया। कहा कि प्रदेश में बेतहाशा बेरोजगारी, महंगाई व छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। देश के बंदरगाह, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन प्राइवेट लोगों के हाथों में है। कार्यक्रम का आयोजन मौर्य कल्याण समिति के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मौर्य व मौर्या समाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर देवकीनंदन मौर्य, राजेंद्र कुमार मौर्य, अशोक कुमार मौर्य, सुनील मौर्य, रामप्रसाद मौर्य, सत्येंद्र कुमार मौर्य, अवधेश कुमार मौर्या, राम विजय मौर्य, प्रेम कुमार मौर्य सहित बड़ी संख्या में लोग लोग मौजूद है।



कार्यक्रम को संबोधित करते स्वामी प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

### स्लोगन के सहारे जागरूकता की अलख, एसआर पब्लिक स्कूल में लगा योग शिविर



**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत नगर क्षेत्र के एसआर पब्लिक स्कूल में योग शिविर का आयोजन कर बच्चों में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को क्षेत्रीय आर्युवेदिक एवं यूनानी अधिकारी सीतापुर डॉ. अमित गुप्ता के निर्देशन में स्थानीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा, एसआर पब्लिक स्कूल में योग प्रशिक्षक आलोक कुमार व सीमा सिंह ने बच्चों को योग के फायदे बताते हुए विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर एक योग से संबंधित स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 18 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर योग विषय पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. अपर्णा चौधरी, डॉ. गौरव वैश्य, डॉ. सुरेश सिंह, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. संतोष कुमार व चिकित्सालय स्टाफ, विद्यालय प्रबंधक प्रमोद मिश्रा, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## चिकित्सक के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** खैरुल्लापुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नियुक्त डॉ. रामजी अवस्थी (50) का सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। इस खबर से स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है। बताते हैं कि डॉ. अवस्थी की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तत्काल लखनऊ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई के नेतृत्व में सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



मृतक डॉ. राम जी अवस्थी।

**अनदेखी** | **गणेश बाबा मंदिर के पास बह रहा नालियों का गंदा पानी श्रद्धालुओं के लिए बना मुसीबत**

# श्रावण मास से पहले मंदिर परिसर में गंदगी का अंबार

- ग्रामीणों की बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदारों ने नहीं ली सुध
- बीडीओ बोले- रोस्टर बनाकर कराएंगे सफाई

संवाददाता कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** श्रावण मास की तैयारियों में जुटे श्रद्धालुओं को इस बार भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आदर्श ग्राम पंचायत पतारा कला के गणेश बाबा मंदिर के आसपास की नालियों का गंदा पानी खुले में बह रहा है, जिससे इलाके में दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन पंचायत स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जल्द ही मंदिर में रामचरितमानस का मासिक पाठ शुरू होना है, लेकिन गंदगी के बीच श्रद्धालु आने-जाने में हिचक रहे हैं। कसमंडा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतारा कला स्थित प्रसिद्ध गणेश बाबा मंदिर के आसपास नालियों का गंदा पानी लंबे समय से सड़कों पर बह रहा है। इस कारण न केवल वातावरण दूषित हो गया है, बल्कि श्रद्धालुओं को भी आवागमन में दिक्कत हो रही है। मंदिर में हर वर्ष श्रावण मास के दौरान एक महीने तक रामचरितमानस का पाठ होता है, जिसमें दूर-दराज़ से श्रद्धालु शामिल होते हैं। ग्रामीण अरुण कुमार, जगदीश कुमार, विष्णु कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत सचिव और जिम्मेदार अधिकारियों से सफाई की मांग की, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। मंदिर के आसपास की गंदगी से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन सफाईकर्मियों की उपस्थिति न के बराबर है। ग्रामीण रामनारायण बाजपेई, लालता राजवंशी, अमरीश विश्वकर्मा, दीपू और हरद्वारी लाल ने साफ-साफ कहा कि अगर जल्द सफाई नहीं करवाई गई तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे।



चोक नाली के कारण सड़क पर भरता पानी।

> मामले की जानकारी मिली है। जल्द ही सफाई के लिए रोस्टर बनवाकर टीम भेजी जाएगी।
> –राकेश कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ

# महिला उत्पीड़न सहित गंभीर मामलों का होगा त्वरित निस्तारण : एसपी

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइंस के दधीचि सभागार में बैठक कर संवाद स्थापित किया। उन्होंने बताया कि अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत विशेषकर महिला सुरक्षा एवं संबंधित अपराधों में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

यातायात व्यवस्था, लूट/चोरी आदि जैसी घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उनमें संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी घटना के विषय में संबंधित पुलिस अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समुचित तथ्यों के साथ घटना का प्रकाशन किया जाए।



प्रेस वार्ता के दौरान संबोधित करते एसपी अंकुर अग्रवाल। अमृत विचार

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 5.5 लाख की ज्वैलरी समेत अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

## अमेठी व बाराबंकी समेत कई जिलों में आपराधिक मामले दर्ज

संवाददाता, सिंहपुर, अमेठी



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी चोर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमेठी पुलिस को मंगलवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। थाना इन्हौना एवं स्वाट सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अंतरजनपदीय शातिर चोर सौरभ सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से कुल 57.35 ग्राम सोने के जेवर और पिघली हुई पीली धातु बरामद की गई है, जिसकी कीमत करीब 5.5 लाख रुपये आंकी गई है।

12 जून को इन्हौना निवासी ज्वैलरी दुकानदार योगेश गुप्ता ने पुलिस को सूचना दी थी कि 11 जून की शाम एक व्यक्ति ज्वैलरी खरीदने आया और 3.5 लाख रुपये की ज्वैलरी पसंद कर अलग रख दी। आरोप है कि वह अपने पास सोने की चेन लेकर चला गया था। उसने पैसे लाकर सामान ले जाने की बात कही, लेकिन वापस नहीं लौटा। इस सूचना पर थाना इन्हौना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। 16 जून को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सीसीटीवी में दिखा व्यक्ति इन्हौना क्षेत्र में ही मौजूद है। थाना इन्हौना व स्वाट सर्विलांस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सौरभ सिंह (28) पुत्र सुरेश सिंह, निवासी दियरा बाजार, सुलतानपुर, वर्तमान पता गाजियाबाद बताया। आरोपी के बैग की तलाशी में छह प्लास्टिक की पन्नियों में पीली धातु बरामद हुई, जो अलग-अलग जिलों से चुराए गए आभूषणों को पिघलाकर तैयार की गई थी। आरोपी ने बताया कि वह अमेठी, प्रतापगढ़, गोण्डा, बस्ती, बाराबंकी समेत विभिन्न जनपदों की दुकानों से इस प्रकार की चोरी करता था। इनमें से कुछ घटनाओं में एफआईआर पहले से दर्ज है। गिरफ्तार सौरभ सिंह एक पेशेवर और शातिर चोर है, जो खासकर बुजुर्ग या सीधे-साधे दुकानदारों को निशाना बनाता था। वह ग्राहक बनकर दुकानों में घुसता और बातों में उलझाकर ज्वैलरी चुरा लेता था। आरोपी पर अमेठी, गाजियाबाद, बाराबंकी, बस्ती, प्रतापगढ़ व गोण्डा में लूट और चोरी के कुल सात आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### चोरी की तीन बाइकों के साथ तीन शातिर चोर किए गए गिरफ्तार

**जगदीशपुर, अमेठी।** क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना कमरौली पुलिस ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रोका। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान अमन पुत्र रामनरेश, शिव शंकर पुत्र राम प्रकाश व अरबाज पुत्र मोहम्मद अख्तर बताई। जब पुलिस ने बाइक के कागजात मांगे तो आरोपी नहीं दिखा सके। सख्ती से पूछताछ करने पर अमन ने स्वीकार किया कि यह बाइक उन्होंने 14 जून को थाना कमरौली क्षेत्र के रोड नंबर चार स्थित एक दुकान के सामने से चोरी की थी। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो और मोटरसाइकिलें भी बरामद कीं। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे सुनसान जगहों, दुकानों और घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों को चाबी से लॉक खोलकर चुरा लेते हैं, फिर नंबर प्लेट बदलकर उन्हें बेच देते हैं और पैसे आपस में बांट लेते हैं।

## कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस आज

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले में किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके हित में चल रहे योजनाओं की जानकारी के लिए 18 जून को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में अपराह्न 12 बजे से दो बजे तक आयोजित होगा। उपकृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि किसान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी तथा उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में प्रतिभाग करें।

## वन विभाग के गार्ड पर 78 हजार हड़पने का आरोप

**शुकुल बाजार, अमेठी।** जनपद अमेठी के थाना बाजार शुक्ल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरे शिवा सिंह, मजरे निहालगढ़ सैदापुर्टी निवासी एक व्यक्ति ने वन विभाग के कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित का कहना है कि लकड़ी के व्यवसाय के दौरान बीते एक वर्ष में जुर्माने के नाम पर वन रेंज मुसाफिरखाना के गार्ड नियाज अहमद ने उससे 78,000 रुपए नगद वसूल, लेकिन आज तक किसी भी किस्म की रसीद नहीं दी। पीड़ित ने बताया कि आरोपी गार्ड नियाज अहमद, जो कि पूरे बहादुर, मजरे संसारपुर थाना बाजार शुक्ल का निवासी है, ने उक्त धनराशि जुर्माने के नाम पर वसूली, लेकिन वह राशि सरकारी खाते में जमा न कर, स्वयं हड़प गया। जब-जब पीड़ित ने नियाज अहमद से रसीद की मांग की, तो वह टाल-मटोल करता रहा। कभी कहता कि "ऑफिस में रखी है", तो कभी "कल दे देंगे" कहकर गुमराह करता रहा।

वन क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना ज्योतिर्मय शुक्ला ने बताया कि पिछले एक साल में 33500 का जुर्माना रिकॉर्ड में मिला है। शेष रिकॉर्ड की जांच कराई जा रही है। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कराई जा रही है जांचोपरांत विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## डीएम ने की चकबंदी कार्यों की समीक्षा



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम संजय चौहान।

**अमेठी, अमृत विचार।** जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबंदी की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

बैठक में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने अवगत कराया कि वर्तमान में जनपद के 47 गांवों में चकबंदी प्रक्रिया जारी है। इनमें तहसील गौरीगंज के 11, मुसाफिरखाना के 26, अमेठी के 8 और तिलोई के 2 गांव शामिल हैं। चकबंदी की विभिन्न धाराओं के तहत कार्य प्रगति पर हैं। धारा 7 में 2 गांव, धारा 8 में 10, धारा 9 में 4, धारा 10 में 12, धारा 20 में 6, धारा 23 में 3, धारा 24 में 4, धारा 27 में 8 तथा धारा 52 में 12 गांवों में कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त सराय खेमा, दौलतपुर लोनहट, सिंदुरवा और गूंगेमऊ गांवों में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। निर्देश दिए कि पुराने गांवों में भी शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण कराया जाए। अधिकारी ने ग्राम बनभरिया पर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि चकबंदी कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन के तहत पूर्ण करें अन्यथा जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कट्टा लगाकर वीडियो में बनाया गलत बयान, कार्रवाई की मांग

**लालगंज, रायबरेली।** कट्टा लगा वीडियो बनाकर गलत बयान रिकार्ड करने के मामले में आरोपी पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित पिलखा निवासी नितिन यादव ने सीएम व एसपी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायतकर्ता का कहना है 15 जून को बाजार से दवा लेकर वह घर जा रहा था। तभी पूरे कालिका बक्स बाल्हे मऊ के एक व्यक्ति ने रोककर कहा थोड़ी बातचीत करनी है। वह मुझे लेकर साइड में कोठरी के पास पहुंचा। तभी वहां पर मुंह बांधे तीन लोग और आ गए। उन लोगों ने मारपीट की। कहा तुम्हें मेरे पक्ष में गोलू त्रिवेदी द्वारा मेरे साथ मारपीट करने की गवाही देनी है। इसके बाद कट्टा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। भयवश गोलू के खिलाफ मेरा बयान वीडियो में बना लिया। दबंग और उसके साथियों ने कहा अगर कहीं बताओगे तो जान से जाओगे। दूसरे दिन उसने लालगंज कोतवाली में शिकायत की थी। एसपी के व्हाट्सएप पर भी प्रार्थना पत्र भेजा था जिस पर कार्रवाई नहीं हुई। मामले की पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। नितिन यादव ने बताया कि बनाए गए वीडियो में मेरा बयान झूठा है और कट्टा लगाकर जान से मारने के भय में मेरे द्वारा दिया गया है।

## पूर्व राज्यमंत्री के भतीजे समेत तीन को पुलिस ने भेजा जेल

**तिलोई, अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश पासी के भतीजे रवि कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी पुरे लंगड़ा मजरे पाकरगांव समेत 3 लोगों को जेल भेजा है। पुलिस ने 13 जून को विधायक के भतीजे और उनके दो दोस्तों गांव निवासी बाबादीन व बहराइच निवासी रामबचन पर एक पीड़िता की तहरीर पर उसकी 16 वर्षीय बेटी को बीते 8 जून की रात बहला फुसलाकर घर से उठा ले जाने व 80 हजार रूपए ठगी के संगीन आरोपों में केस दर्ज किया था। किशोरी परिजनों को 9 जून को रायबरेली के बस स्टाप मिली थी। आरोपी सत्ता पक्ष के विधायक के घर का होने के कारण कार्यवाही के किशोरी और उसकी मां न्याय के लिए थाने से लेकर जिला तक चक्कर काटती रही। कार्यवाही न करने के लिए पीड़िता पर दबाव बनाया जाता रहा और 5 दिनों बाद मोहनगंज पुलिस ने मामले में विधायक के भतीजे व उनके दोस्तों के खिलाफ के केस दर्ज किया। पुलिस ने तीनों आरोपी को शारदा सहायक खंड 28 नहर पर सांगीपुर मोड़ से गिरफ्तार किया है।

## जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, चले लाठी डंडे व ईंट पत्थर, छह महिलाएं घायल

**तिलोई, अमेठी।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के तहत ग्राम तकिया मजरे तिलोई निवासी साबिर व रियाज में छह वर्षों से जमीनी विवाद जल रहा था। जिसे लेकर दोनों पक्ष से रायबरेली न्यायालय में केस विचाराधीन था। लेकिन साबिर की तरह से आदम पैरवी के कारण केस खारिज हो गया। इसमें रियाज ने अपनी डिग्री मानकर उसी जमीन पर नींव भरा दिया। जिसके बाद साबिर के घर का पानी निकलने की समस्या खड़ी हो गयी। पुनः साबिर ने न्यायालय में केस में हाजिर होकर अपनी बात रखी लेकिन जब-तक रियाज ने चारों ओर नींव भर दिया पुनः मुकदमा रीओटोर होने के बाद निर्माणकार्य को थाना मोहनगंज की मदद से रुकवा दिया। सोमवार को पुनः साबिर घर के नल आदि पानी निकलने को लेकर आपसी कहासुनी शुरू हुई। शाम को पुनः घर के लोगों में विवाद हुआ। देखते ही देखते ईंट-पत्थर चलने लगे। इसमें छह महिलाएं घायल हुईं। अमीना ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि नाली और नल के चारों और पक्का चट्टा बना रहे थे। तभी रियाज के परिवार के लोगों ने एतराज किया। मारपीट में फूलजहां 18, अमीना 50 तथा ममता 20 घायल हो गयीं। फूलजहां को गंभीर चोट लगने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं दूसरी ओर अमीना ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि हम अपने घर के सामने नहाने की दीवार और नाली बना रहे थे तभी रियाज के परिवार के लोगों ने हमला बोल दिया। जिससे बदरुन्निसा, अमीना और नूरजहां घायल हो गईं। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि घायलों को सीएचसी भेजा गया है।

## सेना में लेफ्टिनेंट बने हर्ष प्रताप सिंह

सरेनी, रायबरेली



सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित हर्ष का सम्मान करते पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दुधवन गांव के लाल ने बैसवारे के ताज पर एक और हीरा जड़ दिया। हर्ष प्रताप सिंह का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हो गया है। उनकी सफलता पर क्षेत्र वासियों ने खुशी व्यक्त की है। वहीं पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने गांव पहुंचकर सम्मानित किया।

क्षेत्र के दुधवन गांव के रहने वाले हर्ष प्रताप सिंह पुत्र भूपेंद्र सिंह ने कक्षा 1 से 12 तक की पढ़ाई राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेंगलुरू से पूरी की। इसके बाद बड़ौदा से स्नातक किया और जनवरी 24 में सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हो गया। हर्ष प्रताप ने डेढ़ वर्ष तक देहरादून में प्रशिक्षण लिया। 14 जून 25 को पास आउट परेड में लेफ्टिनेंट बन गए। मंगलवार को जब वह अपने पैतृक गांव दुधवन पहुंचे तो पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह समेत सैकड़ो लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। हर्ष के पिता सेना से रिटायर हो चुके हैं, जबकि मां शांति सिंह गृहणी हैं। हर्ष की सफलता पर बहन जाह्नवी सिंह, बाबा सिद्धराज सिंह, रामराज सिंह, जितेंद्र सिंह, विजय सिंह, रामेन्द्र बहादुर सिंह, बिपिन सिंह, लोकेश सिंह ने खुशी जताई है। इस मौके पर अनिल सिंह, श्रद्धा सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रभात सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सीमा सिंह, सुशीला सिंह, वैशाली सिंह आदि ने बधाई दी है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत

**सिंहपुर, अमेठी।** सिंहपुर के ग्राम जमुली मजरे फूला की 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई मंगलवार को एक नाबालिग द्वारा चलाए जा रहे ट्रैक्टर से सतराजा को ठोकर लग ई। बाबा के पुरवा निवासी श्याम लाल पासी का 17 वर्षीय पुत्र मिट्टी खोदने के लिए ट्रैक्टर ले जा रहा था उसी समय सतराजा पत्नी विश्वनाथ शौच के लिए बाहर जा रही थी इसी दौरान मिट्टी खोदने जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और बुजुर्ग महिला से टकरा गया टक्कर इतनी जोरदार थी कि की महिला की मौके पर ही मौत हो गयी इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है इस घटना से गांव में मातम छा गया है।



ब्लॉक सभागार में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

### निरोगी जीवन के लिए अपनाएं योग : बाबूलाल वर्मा

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में मंगलवार को योग अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ बाबूलाल वर्मा की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों और ब्लॉक में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षिका राजबाला सिंह व योग प्रशिक्षक मणिदीप सिंह ने प्रतिभागियों को निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार 45 मिनट तक विभिन्न योगासन करवाए। इस दौरान योग प्रशिक्षक मणिदीप सिंह ने कहा, "योग केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन का माध्यम है। नियमित योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है। बीडीओ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का संकल्प लिया।

## डीएम ने पोषाहार उत्पादन बढ़ाने के दिए दिशा-निर्देश

**अमेठी, अमृत विचार।** डीएम संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित टेक होम राशन इकाइयों की समीक्षा की। बैठक में पोषाहार के उत्पादन, वितरण एवं भुगतान की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया सभी इकाइयों पर पोषाहार के उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। जनपद में चार स्थानों जगदीशपुर, गौरीगंज, शुकुल बाजार तथा मुसाफिरखाना पर टेक होम राशन इकाइयां संचालित हैं, जहां आस्था प्रेरणा लघु उद्योग, जागृति माइक्रो इंटरप्राइजेज, संगम प्रेरणा माइक्रो एंटरप्राइजेज एवं हौसला माइक्रो एंटरप्राइजेज नामक स्वयं सहायता समूह पोषाहार का निर्माण कर रहे हैं। इन इकाइयों द्वारा छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए आटा-बेसन हलवा, 3 वर्ष से 6 माह तक के बच्चों के लिए आटा-बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया, मूंगदाल खिचड़ी, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए विशेष पोषाहार का उत्पादन किया जाता है। डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला ने बताया कि कभी-कभी शासन स्तर से धनराशि देर से प्राप्त होने के कारण भुगतान में विलंब होता है।

## पौध लगाने से सुंदर होगी धरती मां : डीपीआरओ

**हरचंदपुर, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के जोहवाशर्की गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के श्री उपवन में लगाए गए पौधे एक दिन वृक्ष बनकर न सिर्फ ताजी हवाओं का अहसास कराएंगे, बल्कि लोगों को अपने आंचल की छांव में छिपाएगी। यहां पर मंगलवार की प्रातः डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने अपनी पुत्री श्री के नाम से सौ पौधे रोपकर एक पेड़ मां के नाम के अभियान को गति प्रदान की है। श्री सिंह ने बताया कि भारत में विभिन्न क्षेत्रों में पवित्र उपवन पाए जाते हैं और प्रत्येक क्षेत्र में अलग-अलग पौधों को पवित्र भी माना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ये उपवन जैव विविधता के संरक्षण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि यदि मनुष्य अपने जीवन में यह स्पष्ट कर ले कि उसे प्रत्येक वर्ष एक पौधा लगाना है तो आने वाले समय में प्राकृतिक वातावरण में सुधार होने के साथ-साथ यह धरा पूरी तरह से हरी-भरी और सुंदर हो जाएगी। सभी को आगे आकर एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए।

## प्रतिष्ठित चिकित्सकों को गुमराह कर व्यापारी नेताओं ने ठगे 90 लाख

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले के दो प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने दो व्यापारी नेताओं पर ठगी करने का आरोप लगाया है। दोनों चिकित्सकों द्वारा दिए गए तहरीर में 90 लाख रुपये ठगे जाने और मांगने पर जान से मारने की धमकी देने की तहरीर कोतवाली पुलिस को दिया गया है। प्रकरण में पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन निवासी डॉ. संजीव जायसवाल ने तहरीर में बताया कि वह पेशे से चिकित्सक हैं। व्यापारी नेता त्रिलोचन सिंह छाबड़ा का उनके अस्पताल आना जाना था। 2016 से अब तक प्रापर्टी दिलाने के नाम पर कई किश्तों में 70 लाख रुपये ले लिए। रुपये मांगने पर व्यापार में पहले घाटा होने की बात कहने लगे। बाद में पैसा देने से इंकार करते हुए जानमाल की धमकी देने लगे। उधर, विष्णु नगर निवासी डॉ. मनीष त्रिवेदी के मुताबिक मार्निंगवाक के दौरान लगभग तीन साल पहले उनकी मुलाकात फिरोज गांधी कॉलोनी निवासी रविंदर सिंह छाबड़ा से हुई थी। रविंदर सिंह ने व्यापार करने के नाम पर 20 लाख रुपये ले लिए। पैसा जल्द देने की बात कही थी। अब पैसा वापस नहीं कर रहे हैं। सदर कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

### प्रशासनिक अफसरों में मजबूत पकड़

व्यापारी नेता त्रिलोचन सिंह छाबड़ा की प्रशासनिक अफसरों में मजबूत पकड़ है। जिले के अफसरों द्वारा आयोजित होने वाले अधिकांश कार्यक्रमों में उनकी बढ़-चढ़कर सहभागिता रहती है। ऐसे में पुलिस के लिए जांच करना किसी चुनौती से कम नहीं होगा।

## सार-संक्षेप

### व्यापारियों ने बैठक कर बनाई रणनीति



जिला कार्यालय पर बैठक करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल कंचल गुट जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के 28 जून के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा हुई। इसके अलावा ऑनलाइन ट्रेडिंग के चलते मध्य और छोटे व्यापारियों को हो रहे नुकसान पर भी चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने जिले की सभी बाजारों में संगठन विस्तार पर जोर दिया। इस मौके पर मुकेश शुक्ला, संजीव जयसवाल, संदीप कसौधन, घनश्याम सोनी, घनश्याम वर्मा, मुनव्वर अली, सैफी दीपक आर्य आदि मौजूद रहे।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**अमेठी, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन के समीप ट्रैक पर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। मृतक की पहचान सुरेश यादव 19 वर्ष निवासी ग्राम घोरहा, थाना पीपरपुर, अमेठी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### घर में घुसकर मारपीट करने का लगाया आरोप

**डलमऊ, रायबरेली।** घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के राधा बालमपुर निवासी रितिका पत्नी उमाशंकर ने बताया कि शनिवार की रात लगभग आठ बजे गांव के श्याम शंकर पाण्डेय, अजय पाण्डेय, शनी पाण्डेय आदि उसके घर के अंदर घुस आए। गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उसके पति उमाशंकर ने बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन्हें भी जमकर मारा पीटा। हालत गंभीर होने पर उन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बिजली के पोल से गिरकर युवक घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र के सेमरहा मजरे सिकंदरपुर गांव निवासी आमोद कुमार पुत्र सूर्यपाल पूरे कनपुरिया गांव में मंगलवार की दोपहर विद्युत फाल्ट ठीक करने गया था। फाल्ट ठीक करते समय विद्युत पोल पर चढ़ा आमोद इनवर्टर से बैक हो रहे करंट की चपेट में आ गया। इससे वह पोल से नीचे गिर गया। ग्रामीणों ने गंभीर हालत में उसे सीएचसी महराजगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कैंप में हुआ बच्चों का टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण



कृष्णा नगर में लगे कैंप में मौजूद महिला स्वास्थ्यकर्मी। अमृत विचार

**डलमऊ, रायबरेली।** सीएचसी द्वारा कृष्णा नगर मुराई बाग में स्वास्थ्य परीक्षण एवं बच्चों को टीकाकरण का कैंप लगाया गया। इसमें नवजात बच्चों को टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया। एएनएम प्रज्ञा ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने नौ बच्चों को टीकाकरण किया। तीन महिलाओं ने एएनसी जांच कराई जिन्हें विटामिन, कैल्शियम आदि दवाइयां दी गईं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र से जिन लोगों को बच्चों का राशन दिया जा रहा है। उन सभी महिलाओं का केवाईसी भी किया जा रहा है। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अर्चना सिंह, कंचन जायसवाल, प्रियंका, हलीमा, रहमान, रश्मि आदि मौजूद रहीं।

### करंट लगने से अधेड़ की गयी जान



**अमेठी, अमृत विचार।** भेटुआ ब्लॉक अंतर्गत पीपरपुर गांव में ओम प्रकाश यादव (55) की करंट लगने से मौत हो गई। सुबह वह अपने घर में कपड़े प्रेस कर रहे थे। इस दौरान उन्हें करंट लग गया। ओम प्रकाश के पांच बच्चे हैं। दो पुत्र रामचंदर और रामसजीवन विवाहित हैं। जबकि प्रभात, संतोष और पुत्री पारुल अभी अविवाहित हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### आपूर्ति निरीक्षक ने वापस कराया गेहूं

**संग्रामपुर, अमेठी।** मंगलवार को संग्रामपुर ब्लॉक के पांच कोटेदारों के यहां गेंहू की आपूर्ति करने के लिए अठारह टन गेंहू आया था भवसिंहपुर गांव के कोटेदार के यहां गेंहू उतर रहा था तभी बोरियों में बड़े बड़े बोल्डर जैसा प्रतीत हो रहा था जिसके बाद कोटेदार ने बोरियों को खोला तो बोरियों में बड़े बड़े बोल्डर थे कोटेदार ने इसकी जानकारी आपूर्ति निरीक्षक सुषमा सिंह को दी आपूर्ति निरीक्षक ने मौके पर जाकर देखा तो कोटेदार की शिकायत सही मिली आपूर्ति निरीक्षक ने ट्रक को वापस भेजवा दिया आपूर्ति निरीक्षक ने बताया कि पांच कोटेदार के यहां गेंहू की आपूर्ति के लिए ट्रक आया था सबसे पहले भवसिंहपुर गांव के कोटेदार के यहां गेंहू उतर रहा था तभी इसकी जानकारी हो गई बोरियों में बड़े बड़े नमक के कंकड़ थे ट्रक को वापस करवा दिया गया उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

### बीज भंडार व कीटनाशक की दुकान में लगी आग

**तिलोई, अमेठी।** अज्ञात कारणों से कीटनाशक और बीज भंडार की गोदाम में आग लग गई। धुआं उठता देख पड़ोसियों ने दुकान मालिक को जानकारी दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे मालिक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मामला मोहनगंज थाना क्षेत्र के मोहनगंज चौराहा स्थित जगदीशपुर रोड का है जहां सहारा ढाबा के सामने सागर बीज भंडार और कीटनाशक दवा का गोदाम है।

### एसपी ने गुल्लूपुर चौकी प्रभारी को हटाया

**हरचंदपुर, रायबरेली।** कार्यकुशलता में शिथिलता व हमेशा फरियादियों से बेअदब तरीके के सुलूक में बदनाम हो रही खाकी के व्यवहार में परिवर्तन न होने से एसपी ने गुल्लूपुर चौकी प्रभारी को हटा दिया है। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने हरचंदपुर के गुल्लूपुर में तैनात रहे चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक उपेन्द्र सिंह भदौरिया को पुलिस लाइन स्थानांतरित किया है। चौकी में जिम्मेदारियों के निर्वाहन में फेल रहे चौकी प्रभारी उपेन्द्र सिंह भदौरिया अब लाइन में खड़े नजर आएंगे। ऐसा शायद ही कभी रहा हो जब कोई लापरवाह पुलिस कर्मी एसपी की तीसरी आंख से ओझल हुआ है। फिलहाल जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में एसपी डा. यशवीर सिंह आहिस्ता-आहिस्ता कदम बढ़ाने लगे हैं।

### विभाग प्रचारक राहुल का किया स्वागत

**लालगंज, रायबरेली।** रायबरेली विभाग के विभाग प्रचारक के पद पर स्वयंसेवकों के बीच सराहनीय कार्य करने वाले राहुल का दायित्व क्षेत्र बदलने पर लालगंज में स्वयं सेवकों ने स्वागत सम्मान किया। धर्म जागरण के सह जिला संयोजक सुशील शुक्ला और व्यापार मंडल के महामंत्री शिवम गुप्ता ने अंगवस्त्र और भगवत गीता भेंट कर सम्मानित किया। वही धर्म जागरण के ही जिला टीम के कार्यकर्ता सुरेंद्र गुप्ता और समर्थ गुप्ता ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। विभाग विचारक राहुल ने कहा कि रायबरेली विभाग के स्वयंसेवकों का उन्हें बड़ा स्नेह मिला है। स्वयंसेवकों की सक्रियता से ही संघ का कार्य दिनों दिन बढ़ता रहा है। उनका स्थानांतरण कानपुर प्रांत के फर्रुखाबाद विभाग में हुआ है। इस मौके पर शिव प्रकाश, बच्चा पांडे, जय सिंह, रवि शंकर बाजपेई, हनुमान सिंह, गणेश बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने की लूट का खुलासा करने की मांग

**महराजगंज, रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई महराजगंज के अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि कानपुर मंडी में आलू खरीदने जा रहे व्यापारी के साथ कार सवार बदमाशों द्वारा 70 हजार रुपए की हुई लूट से व्यापारियों में दहशत है। उनका कहना है कि पुलिस की लचर कार्यशैली से अपराधी बेखौफ है। व्यापारी नेता रिंकू जायसवाल का आरोप है कि लगभग 15 दिन पूर्व शिवगढ़ रोड पर भी एक बुजुर्ग से 10 हजार रुपए लूट लिए गए थे। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा नहीं करती तो समस्त व्यापारी अपना व्यापार बंद कर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर डॉ. मातादीन पासी, बबलू वैश्य, संतोष मौर्य, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

# नशेड़ी पुत्र ने पटक-पटक कर ले ली वृद्ध मां की जान

## लाठी से पीटकर तोड़े हाथ और पैर, फिर हौदे पर पटका

सेमरी/खीरों, रायबरेली



बैरीसालखेड़ा गांव में घटना के बाद लिखा–पढ़ी करती पुलिस। अमृत विचार



**अमृत विचार।** सोमवार की देर रात बैरीसालखेड़ा मजरे सेमरी गांव में नशेड़ी पुत्र ने मामूली कहासुनी से नाराज होकर अपनी 85 वर्षीय मां की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। गंभीर रूप से घायल वृद्धा ने तड़प-तड़प कर रात करीब दो बजे दम तोड़ दिया। सुबह मृतका के पोते ने पीआरबी पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्यारोपी को हिरासत में लिया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि गहिरेश्वर (50) पुत्र बैजनाथ नशे का आदी है। उसने अपनी जमीन बेच दी है और मां स्वागा देवी के नाम की बची हुई जमीन भी नशे की लत में गिरवी रख दी थी। इसी को लेकर वह अक्सर मां से विवाद करता था। सोमवार की रात वह घर पहुंचा और खाने को लेकर मां से झगड़ा करने लगा। इस दौरान वह क्रोध से आग बबूला हो गया और लाठी से मां को पीटकर उसके हाथ-पैर तोड़ दिए। फिर मवेशियों के लिए बने पत्थर के हौदे पर पटक दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हत्यारोपी गहिरेश्वर का बेटा अमरेंद्र व बेटी नीतू दादी को बचाने दौड़े तो आरोपी ने बेटे के पैर पर भी वार कर उसे घायल कर दिया। डर के मारे दोनों बच्चे कमरे में दुबक गए। इधर, वृद्धा तड़पती रही और रात लगभग दो बजे उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों की मानें तो हत्यारोपी गहिरेश्वर की पत्नी अनीता देवी कैंसर से पीड़ित थी और चार साल पूर्व उसकी मौत हो चुकी है। आरोपी का बड़ा बेटा धर्मेन्द्र चंडीगढ़ में मजदूरी करता है। दो बेटे अमरेन्द्र और सुमिरन घर पर रहते हैं। जबकि दो बेटियों की शादी हो चुकी है। घटना के समय घर में आरोपी का बेटा अमरेंद्र और तीसरी बेटी नीतू मौजूद थी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। इस अमानवीय कृत्य से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण बताते हैं कि आरोपी काफी समय से नशे का आदी था, लेकिन किसी को यह अंदेशा नहीं था कि वह इस हद तक गिर जाएगा कि अपनी मां की ही हत्या कर देगा। मंगलवार की सुबह आरोपी के बेटे अमरेन्द्र ने पीआरबी पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना पर सेमरी चौकी व खीरों थाना की पुलिस ने पहुंचकर आरोपी गहिरेश्वर को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## युवक पर दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी से स्कूल में ही पढ़ने वाले एक युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मुंहकाला किया। पिता ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़ित पिता ने युवक पर बेटी से दुष्कर्म का वीडियो बनाकर वायरल करने तथा 40 हजार की नगदी, जेवरात लेने का आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि बेटी के स्कूल में ही पढ़ने वाले युवक ने उससे दुष्कर्म किया। रविवार को पिता ने बेटी के साथ डलमऊ कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। तहरीर मिलने के तीन दिन बाद भी पुलिस के कान में जूं नहीं रेंगी। अब तक कार्रवाई न होने के पीछे आरोपियों को बचाने का कारण माना जा रहा है। डलमऊ कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।मामले की गहन जांच की जा रही है।

## हादसे में महिला समेत दो घायल, जिला अस्पताल रेफर

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात करीब 10 बजे एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बारी गोहन्ना गांव निवासी विनोद (40) और सुशील (30) गंगापुर कुटी बाइक से जा रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## चार लोगों के खिलाफ एससी/एसटी का केस दर्ज

**महराजगंज, अमृत विचार।** तीन युवकों को जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। युवकों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ एससी/एसटी सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना कोतवाली क्षेत्र के मांझ गांव की है। गांव निवासी चंद्र किशोर पुत्र बृजलाल, अंकित पुत्र फूलचंद व दशवंत पुत्र चंद्र भान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की सुबह दरवाजे पर सीसी रोड पर गांव के ही गिरिजा सिंह व हरिकरन सिंह पुत्रगण राजा सिंह, अजीत सिंह पुत्र सुरेश सिंह व धर्मेंद्र प्रताप सिंह पुत्र रामकुमार सिंह जातिसूचक गालियां देते हुए हम तीनों को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे हम तीनों को गंभीर चोटें आईं हैं। जगदीश यादव ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर एससी–एसटी एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।


## उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन रायबरेली

पत्रांक– 182/एन0आर0एल0एम / बी0आर0पी0 इम्पैनलमेन्ट / 2025–26 दिनांक :– 9.6.25

प्रेस विज्ञप्ति

मिशन निदेशक, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पत्रांक - 3999/2955/प्रशि०/आजीविका/2024-25, लखनऊ, दिनांक : 06 दिसम्बर 2024 के निर्देश के क्रम में अवगत कराना है कि, डे - एन०आर०एल०एम० योजनान्तर्गत यू०पी०एस०आर०एल०एम० द्वारा संशोधित - रिसोर्स पर्सन पालिसी (RESOURCE PERSON POLICY) नीति शासी निकाय की 20वीं बैठक दिनांक 19.03.2024 में अनुमोदित मिशन मुख्यालय के पत्रांक -3329/4648/शा0नि0/24-25 लखनऊ दिनांक: 18.10.2024 के माध्यम से जिला मिशन प्रबंधन इकाई-रायबरेली द्वारा जनपद अंतर्गत प्रत्येक विकास खण्ड में 252 ब्लॉक रिसोर्स पर्सन को सूचीबद्ध किया जाना है। जिसका विवरण निम्नवत है -

| क्र०सं० | थीम का नाम | ब्लॉक रिसोर्स पर्सन की संख्या (प्रत्येक विकास खण्ड ) |
|---|---|---|
| 1 | सोशल मोबिलाइजेशन एवं क्षमतावर्धन | 4 |
| 2 | सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन | 4 |
| 3 | सामाजिक समावेशन एवं सामाजिक विकास | 2 |
| 4 | आजीविका – फार्म | 2 |
| 5 | आजीविका - नॉन फार्म | 2 |
| योग | | **14** |

आवेदन की अर्हता निम्नवत है।

| ब्लॉक रिसोर्स पर्सन हेतु आवेदन अर्हता |
|---|
| महिला अभ्यर्थी 12वीं पास एवं उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की सदस्य हो। |
| स्वयं सहायता समूह में कम से कम 02 वर्ष का कार्य अनुभव हो। |
| अभ्यर्थी की आयु कम से कम 21 वर्ष होनी चाहिए। |
| अभ्यर्थी को हिंदी एवं स्थानीय दोनों भाषा का ज्ञान होना चाहिए। |
| अभ्यर्थी को स्मार्ट फ़ोन / एंड्राइड फ़ोन पर कार्य करने में दक्षता होनी चाहिए। |
| अभ्यर्थी को गांव में यात्रा करने, समूह की बैठक एवं क्षेत्र भ्रमण में जाने की भी इच्छुक होनी चाहिए। इसके साथ ही जनपद एवं राज्य के भीतर एवं बाहर एक्सपोज़र यात्राओं एवं प्रशिक्षण के लिए जाने की भी इच्छुक होनी चाहिए। |

मिशन हेतु ब्लॉक रिसोर्स पर्सन का एम्पैनलमेंट किये जाने के संदर्भ में विस्तृत टी०ओ०आर०/पारिश्रमिक एवं अन्य समस्त जानकारी सम्बन्धित ब्लॉक मिशन प्रबंन्धन इकाई, विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त कर सकतें है। बी०आर०पी० के इच्छुक अभ्यर्थी अपना विस्तृत बायोडाटा संलग्नक प्रारूप पर अपनी विशेषज्ञता/विशेषज्ञताओं के साथ दिनांक 20.06.2025 तक ब्लॉक मिशन प्रबंधक इकाई, विकास खण्ड कार्यालय पर जमा करेगें।

संलग्नक : BRP BASIC INFORMATION FORMAT

उपायुक्त स्वतः रोजगार
उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
रायबरेली


## पांच पर मारपीट व धमकाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** एक युवती ने एसपी को पत्र सौंपा है। युवती ने दो नामजद व तीन अज्ञात युवकों पर पति को गाली और जान से मारने की धमकी व मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। साथ ही उसके साथ अश्लीलता करने का भी आरोप है। खीरों पुलिस ने एसपी के आदेश पर पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सरेनी थाना क्षेत्र के पासिन का पुरवा मजरे बंडई निवासी दलित वर्ग की रजनी पुत्री राकेश ने आरोप लगाया है कि वह अपने पति अमित पुत्र छेदीलाल के साथ बेहटा कला बाजार कपड़े खरीदने जा रही थी। खीरों क्षेत्र के लोन के पुल के पास उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र मौरावां के गांव गुलरिहा निवासी विजय कुमार और खीरों क्षेत्र के गांव बरहा निवासी दिवाकर तथा तीन अन्य अज्ञात युवकों ने रास्ते में रोककर उससे अश्लील बातें करना शुरू कर दिया। पति अमित के विरोध करने पर सभी लोगों ने अमित को जाति सूचक गाली देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।



माता–पिता के साथ अविजित सिंह। अमृत विचार

## अविजित सिंह बने भारतीय सेना में अधिकारी

**संवाददाता, रायबरेली।** शहर के प्रगतिपुरम निवासी अविजित सिंह इमा देहरादून में एक साल का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भारतीय सेना में अधिकारी बन गए। पासिंग आउट परेड में शामिल अभिजीत को देखकर माता–पिता गर्व से भर गए। अविजित का चयन वर्ष 2021 में यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए परीक्षा में हुआ था। परीक्षा की तैयारी में मुख्य भूमिका यश त्रिपाठी ने निभाई थी। अविजित ने तीन वर्ष तक खड़गवासला पुणे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 2024 में इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून में एकवर्षीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। आईएमए में अपनी कम्पनी में सीनियर अण्डर ऑफीसर बने। वालीबॉल में गोल्ड मेडलिस्ट रहे। बेस्ट कैडेट इन सर्विसेज अवार्ड मिला। अविजित के पिता राजेन्द्र कुमार सिंह भारतीय नौ सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा हरदासपुर में कार्यरत हैं। मां पूनम सिंह शिक्षिका हैं।




आरेडिका में चोरी के आरोप में पकड़ा गया बदमाश। अमृत विचार

## आरेडिका में चोरी का खुलासा, तीन को दबोचा

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** रेल कोच कारखाने में चोरी कर पुलिस की नाक में दम करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से नगदी और सामान भी बरामद किया है। गौरतलब है कि बीते दिनों आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर में चोरी की कई घटना हुई थी। पकड़े गए चोरों के नाम मध्य प्रदेश के ग्राम गुरेडिया थाना टांडा जिला धार निवासी खुमान सिंह पुत्र थाऊ, शहादर उर्फ कांचा पुत्र जुआन सिंह निवासी गड़रावत व संजय पुत्र बिज्जू निवासी झाय बताए गए हैं। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि वह सब अलग अलग राज्यों में घूम फिर कर रेकी करते थे। अधिकतर कारखानों के आवासीय परिसरों को अपना निशाना बनाते थे। अवकाश के दिन देर रात कारखाने की चहारदीवारी में सेंध लगाकर कटर से कुंडी व पेचकस से अलमारी आदि तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के आभूषण व नगदी गायब कर देते थे। कई राज्यों की पुलिस उनकी तलाश में थी। पिछले कुछ दिनों से वह सब कानपुर, रायबरेली, उन्नाव आदि जिलो में जगह बदल बदल कर रह रहे थे। रविवार को वे शेखवापुर के पास चोरी की योजना बना रहे थे तभी पुलिस ने धर दबोचा।

## श्रमिक की संदिग्ध हालात में मौत

**रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गल्ला मंडी में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला श्रमिक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जगतपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली सुनीता अपने पति प्रदीप कुमार के साथ गल्ला मंडी में ही रहकर पल्लेदारी का काम करते थे। मंगलवार की सुबह पत्नी सुनीता की संदिग्ध परिस्थितियो मे मौत हो गई। पुलिस में शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया। पति प्रदीप ने बताया कि रोज की तरह काम करने के बाद तखत पर सो रहे थे। अचानक पत्नी नीचे गिर गई, जिसकी वजह से सिर में चोट लगने सि पत्नी की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि शव को में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# सुनीता बनीं ताजुद्दीनपुर की कोटेदार

महराजगंज, रायबरेली





ग्राम सभा की खुली बैठक में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करीब छह माह से रिक्त चल रही ताजुद्दीनपुर गांव की सरकारी राशन की दुकान के लिए मंगलवार को पंचायत भवन में चयन के लिए खुली बैठक हुई। इसमें सुनीता सिंह पत्नी मनीष सिंह को कोटेदार चुना गया। 17 दिसंबर 2024 को ताजुद्दीनपुर के कोटेदार कप्तान सिंह का निधन हो गया। उनके निधन के बाद मुरैनी गांव के कोटेदार अशोक शुक्ला की सरकारी दुकान से अटैच किया गया था। ग्राम सभा की खुली बैठक में कोटेदार पद के लिए तीन आवेदन मिले। इसमें राघवेन्द्र सिंह पुत्र उमानाथ सिंह की हाई स्कूल की शैक्षिक योग्यता पूरी न होने पर उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया।

शेष दो आवेदकों में सुनीता पत्नी मनीष के पक्ष में 398 लोगों ने समर्थन देकर सर्वसम्मति से कोटेदार पद पर चयनित किया गया। वहीं दूसरे स्थान पर रहे आवेदक रघुवीर सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह को 86 लोगों का ही समर्थन मिला।

इस मौके पर एडीओ पंचायत सीताराम, एडीओ आईएसबी धनेंद्र सिंह, पंचायत मंत्री वीरेन्द्र पाल, मनोज कुमार, ग्राम प्रधान विनोद साहू, दुर्गेश सिंह, प्रमोद साहू, रामकुमार सिंह, राजदेव, राकेश सिंह, हरिहर सिंह आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय –कृषि उत्पादन मण्डी समिति, लालगंज रायबरेली

पत्रांक–कृ0उ0म0स0 /2025/70 दिनांक 16.06.2025

### लाइसेंस नवीनीकरण हेतु आवश्यक सूचना

मण्डी क्षेत्र लालगंज, रायबरेली के समस्त प्रकार के (थोक व्यापारी, थोक आढ़तीया, मिल/कारखाना, कोल्ड स्टोरेज ,दलाल, ट्रांसपोर्ट, फुटकर, आटा चक्की,पल्लेदार,आरामशीन,एक्सपेलर,हलर,मसाला चक्की,अनतूषक ,वितूषक, आदि) एवं एकल लाइसेंस के निर्दिष्ट कृषि उत्पाद के लाइसेंसधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि कृषि वर्ष 2024–25 हेतु प्रदत्त मण्डी लाइसेंस 30 जून 2025 को समाप्त हो रही है,जिनका कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम 1964 की धारा 9 नियम 70 के प्राविधानान्तर्गत अगामी कृषि वर्ष 2025–26 हेतु निम्नालिखित शर्तो के साथ नवीनीकरण किया जाना है:–

1– समस्त प्रकार का बकाया मण्डी शुल्क ,सेस शुल्क, दुकान किराया ,प्रीमियम आदि जमा करना।
2– समिति के आनलाइन लाइसेंस की छायाप्रति एवं वर्ष 2025–26 लाईसेंस शुल्क जमा रसीद की छायाप्रति।
3– आवंटित दुकानों का स्टाम्प पर अनुबन्ध का पंजीकरण कराना।
4– गत दो वर्षो से कारोबार न करने वाले व्यापारियों का बिना कारण बताये लाइसेंस नवीनीकरण न किया जाना।
5– सम्प्रेक्षण आपत्तियों के अनुसार बकाया देयक जमा होना।
6– जिन व्यापारियों ने अपना लाइसेंस 05 वर्ष अथवा आजीवन हेतु करा रखा है, उन्हें भी उक्त शर्त का अनुपालन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा बिना कारण बतायें लाइसेंस स्वतः निरस्त माना जायेगा।
7– समस्त व्यापारी निर्धारित नवीनीकरण लाइसेंस शुल्क आनलाइन मण्डी परिषद की वेबसाइट पर दिनांक 30.06.2025 के पूर्व जमा कर अपना लाइसेंस नवीनीकरण करावा ले ।

अतः समस्त व्यापारी उपरोक्त औपचारिकतायें समय के अन्दर पूर्ण कर प्रत्येक दशा में 2025–26 हेतु अपना लाइसेंस 30.06.2025 के पूर्व नवीनीकरण करा ले, अन्यथा निर्धारित रू0–500.00 प्रतिमाह विलम्ब शुल्क जमा करने के पश्चात लाइसेंस नवीनीकरण किया जा सकेगा। विशेष जानकारी समिति के कार्यालय से की जा सकती है।

(अतुल प्रकाश मिश्र)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
लालगंज, रायबरेली

(मिथिलेश त्रिपाठी)
उपजिलाधिकारी/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
लालगंज, रायबरेली

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम् ॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# भू-राजनीतिक तनावों के बीच

कनाडा में जी-7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई। जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। भारत लगातार छठी बार एक अतिथि देश के रूप में जी-7 में भाग ले रहा है, जो मौजूदा समय में विश्व मंच पर भारत के महत्व को रेखांकित करता है। कनाडा पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी। उन्होंने कहा वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लोबल साउथ में भारत व अन्य देशों की बढ़ती भूमिका व कई धुरियों में बंटी वैश्विक परिस्थितियों ने जी-7 की अहमियत को कम कर दिया है। जी-7 का प्रभाव घट रहा है। भारत को ग्लोबल साउथ की प्रमुख आवाज माना जाता है। विकसित देशों को लग गया है कि भारत के बिना चलने वाला नहीं है।

भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है। भारत जैसे देशों को जी-7 में शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत को आउटरीच अतिथि देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। सम्मेलन भारत के लिए अपनी प्राथमिकताओं को वैश्विक मंच पर पेश करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों से कूटनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के बाद, जी-7 में उसकी सक्रिय भागीदारी वैश्विक नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

# जनगणना 1951 से 2025 तक, पहले कौन देगा जानकारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं।

देश में जनगणना शुरू होने वाली है। केन्द्र सरकार ने भारत की जनगणना कराने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो चरण में होगी, जिसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण एक मार्च 2027 तक पूरा होगा। परंपरा रही है कि जनगणना का काम देश के राष्ट्रपति से शुरू होता है। सबसे पहले जनगणना के कार्य में लगे कर्मी राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति से उनके बारे में जानकारियां एकत्र करते हैं। आजाद भारत की पहली जनगणना का श्रीगणेश 20 फरवरी 1951 से शुरू हुआ। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारियां भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती हैं। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थीं।

दरअसल भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद इंडियन सिविल सेवा (आईसीएस) के मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आर.ए. गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया। गोपालस्वामी ने डब्ल्यू. डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे। गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी।

> यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है।

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 18 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

आप जानते हैं कि 1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। वे केंद्र सरकार के सेवा से 1963 में रिटायर हो गए थे। यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की। बता दें कि 1881 की जनगणना पूरे भारत में एक ही समय (17 फरवरी, 1881) को आयोजित की गई थी। यह पहली बार था जब भारत में एक निश्चित तिथि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ जनगणना की गई। बहरहाल, इस बार की जनगणना में देश जानने को उत्सुक है कि पिछली 2011 जनगणना के बाद पारसी, बौद्ध, यहूदी आदि की आबादी कितनी बढ़ी। इन समूहों की संख्या और स्थिति का पता लगाना सामाजिक समावेशन, नीति निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। ये सब भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। पारसी, जो मूल रूप से फारस (आधुनिक ईरान) से भारत आए, की 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 57,264 थी, जो उनकी घटती जनसंख्या को दर्शाता है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना उनके सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 84 लाख बौद्ध थे, जो कुल जनसंख्या का 0.7 प्रतिशत थे। हालांकि, कुछ बौद्ध विद्वानों का दावा है कि उनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दलित बौद्धों को जनगणना में हिंदू के रूप में दर्ज किया जाता है। बौद्ध समुदाय मुख्य रूप से महाराष्ट्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में केंद्रित है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और भौगोलिक वितरण का पता लगाना उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने और उनके लिए उपयुक्त नीतियां बनाने में मदद करता है।

भारत में यहूदी समुदाय की संख्या बहुत कम है, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 5,000। ये मुख्य रूप से मिजोरम, मणिपुर (बेने मेनाशे) और आंध्र प्रदेश में रहते हैं। यहूदी समुदाय की उपस्थिति भारत की धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि देश में छोटे समूहों के हकों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। ये भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। हाल ही में इसने सोनीपत में इसने सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। वे राजघाट और शांतिवन में होने वाली सर्वधर्म सभाओं में दशकों से भाग ले रहे हैं। बेशक, छोटे धार्मिक समूहों की जनसंख्या का आकलन सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और उनके लिए विशिष्ट नीतियां बनाने में सहायक होगा। किसी भी देश के लिए जनगणना बेहद होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसमें सारे देशवासी भाग लेंगे और सही जानकारी देंगे।

## प्रसंगवश

# ताकि घृणास्पद भाषण पर लगाया जा सके अंकुश

**दिवस विशेष**

हेट स्पीच या यूं कहें कि घृणास्पद भाषण किसी व्यक्ति, समुदाय और देश को नुकसान पहुंचाते हैं, क्योंकि हेट स्पीच किसी भी देश के सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे, शांति को भंग करने का काम करती है। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिनके खिलाफ नफरत फ़ैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। वास्तव में, नफरती भाषण (हेट स्पीच) समाज में हिंसा, भेदभाव की भावना पैदा करते हैं तथा असहिष्णुता को उकसाते हैं और इस प्रकार के भाषणों से समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचता है।

यह ठीक है कि सोशल मीडिया आज के समय में अभिव्यक्ति का एक बड़ा और शानदार माध्यम है, लेकिन यह बहुत ही अफसोसजनक है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। सच तो यह है कि आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक स्टेज (मंच) पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

हेट स्पीच दूसरों की भावनाओं को आहत करती है। वास्तव में इस दुनिया को आज नफरत की नहीं अपितु प्यार की जरूरत है। नफरती टिप्पणियां उकसातीं हैं, लेकिन आज हेट स्पीच जैसे एक फैशन सा हो चला है, यह हमारे लोकतंत्र पर एक आघात है। बहरहाल, भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि हेट स्पीच किसी भी समाज और देश पर व्यापक हानिकारक प्रभाव छोड़ती है। बहरहाल, आज हर कहीं पर घृणास्पद भाषणों (हेट स्पीच) का बोलबाला हो गया है, इसलिए जरूरत इस बात की है ऐसे घृणास्पद भाषणों पर रोक लगाई जाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है हमारा समाज, हमारी देश, सामाजिक संगठन और सरकारें हेट स्पीच का मुकाबला करने के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार घृणास्पद भाषण, 'किसी भी प्रकार का संचार है जो किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाता है, लक्षित करता है, या उसका समर्थन करता है।' यह भाषण/स्पीच नस्ल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता या किसी अन्य पहचान के आधार पर हो सकता है। हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गई है, लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और, यदि हम यहां पर भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति की बात करें तो भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(2) संविधान में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभाव लंबे समय तक रहता है, इसलिए इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना आज की महत्ती आवश्यकता है। हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण/घृणास्पद भाषण/नफरती भाषण) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 18 जून को मनाया जाता है।

# राज्यों में होगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का विस्तार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति के उपाय शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते इस साल बिजली की मांग 2.41 लाख मेगावाट के चरम पर पहुंच चुकी है। ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का दावा है कि वर्तमान समय में देश में बिजली की आपूर्ति और मांग के बीच महज 0.1 प्रतिशत का अंतर है। जबकि 12 साल पहले 2013 में आपूर्ति की तुलना में मांग 4.2 प्रतिशत अधिक रहती थी। किसी विशेष स्थिति में यह मांग 2.70 लाख मेगावाट भी हो जाती है। ऐसे में विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इस मकसद पूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है।

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। ये संयंत्र केवल उन राज्यों में नहीं लगाए जाएंगे, जो भूकंप प्रभावित राज्य हैं। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि भविष्य में जब कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए ताप बिजली संयंत्रों पर निर्भरता खत्म की जाए तो परमाणु ऊर्जा जैसे विश्वसनीय व पर्यावरण को न्यूनतम हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों को विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाया जा सके। सरकार ने इस साल के आम बजट में वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8000 मेगावाट से बढ़ाकर एक लाख मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश में अनेक छोटे-छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर आधारित संयंत्र लगाए जाने की तैयारी में केंद्र सरकार हैं।

ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि 'वर्ष 2037 के बाद ताप विद्युत बिजली उत्पादन संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे।' यह वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस बदली स्थिति में जिन राज्यों में ताप बिजली संयंत्र बंद किए जाएंगे, वहां परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से बिजली का उत्पादन होगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी इन संयंत्रों के लगाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जम्मू-कश्मीर, गुजरात का कुछ भू-भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूकंप की संभावना हमेशा ही बनी रहती है। इसलिए इन क्षेत्रों में ये संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे। भारत के अभी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और उप्र में ही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इनकी संयुक्त बिजली उत्पादन क्षमता 8000 मेगावाट से कुछ कम हैं। जबकि सरकार द्वारा 12,000 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन की मंजूरी इन संयंत्रों को मिली हुई है। हालांकि भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी हाल ही में दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। बिजली मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल देश में बिजली उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 4.72 लाख मेगावाट हैं, जिसमें 2.40 लाख मेगावाट कोयला आधारित ताप विद्युत है। वहीं 2.22 लाख मेगावाट उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से है। दिसंबर 2025 तक इस नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 2.50 लाख मेगावाट हो जाने की उम्मीद है, इस लक्ष्य की पूर्ति हो जाने पर भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा, जिनमें ताप संयंत्रों से ज्यादा बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से होता है।

ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

## सोशल फोरम

# घूरना व निहारना

देखना, ताकना, घूरना, निहारना। ये सब जो हैं खतरे का सबब हैं। देखना से ताकना थोड़ा ज्यादा और निहारना सबसे ज्यादा खतरनाक गतिविधि है। देखना, क्षणिक अचानक। इसमें प्रायः दूरगामी इरादे शामिल होते नहीं। इसे अन्यथा नहीं लिया जाता। ताकने को हमारे यहां छिछोरापन कहा जाता है। छिछोरापन पीटे जाने का निमंत्रण है। छिछोरे पीटे जाते है और आमतौर पर छिछोरों द्वारा ही पीटे जाते हैं। निहारने में श्रद्धा का पुट, आरती उतारने और बलिहारी जाने जैसा भाव। और जो बलिहारी जाता है उसकी बलि चढ़ती ही है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

देखने को निहारना माना जाए या ताकने मे गिना जाए ये सामने वाले के मूड पर निर्भर करता है। मुमकिन है जिसे आपने देखा भर वो उसे वो निहारना मान ले। निहार रहे हों वो उसे ताकना गिन ले। अब ये उसके उपर कि वो उसका बुरा माने या अच्छा माने। बुरा मानने में आप के साथ बुरा हो सकता है। तत्काल मौके पर ही ठोके जा सकते हैं आप। पर अच्छा मानने में भी अच्छा हो ये बात ठोक बजा कर नहीं कही जा सकती।

अच्छा मानने में राजी हो जाने की संभावनाएं। अच्छा मानने वाले साथ हो लेते हैं। ये अच्छा हो तो अच्छी बात। पर ये इतना बुरा भी हो सकता है कि आप फिर ज़िंदगी भर इसका सोग मनाए कि ये उस निहारने को ताकना मान लेती। बुरा मान जाती तो सौदा सस्ते में निपट जाता।

सो देखें। पर ऐसे कि सामने वाले को ताकना न लगे। ताकना लग भी जाए तो निहारना हरगिज न लगे। जिसे आपका निहारना पसंद आ जाए वो चाहती है आप उसे निरंतर निहारे। समय चाहिए होता है निहारने के लिए। निहारना जिम्मेदारी है। ज़िम्मेदारी उठाने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। पैसे कमाने के लिए नब्बे घंटे काम करना पड़ सकता है। नब्बे घंटे काम करने के बाद आप निहारने लायक़ नहीं बचते। नब्बे घंटे काम करने का माद्दा बस कोल्हू के बैल में। कोल्हू के बैल की आंखों पर पट्टी बाधीं जाती है ताकि वो किसी को निहार न सके। यदि आप बैल नहीं होना चाहते। आदमी बने रहना चाहते हैं तो देखने या ताकने से काम चलाएं। निहारने से बचे वक्त में काम करें। इसमें आपका तात्कालिक नुकसान भले हो पर आपके दीर्घकालिक हित इसी में हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# अर्थशास्त्र की विखंडन-यात्रा



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ।

आजादी के पहले तक प्रायः भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र एक ही छत के नीचे पढ़ाए जाते थे और राजनीतिक अर्थशास्त्र की बहुत प्रतिष्ठा थी। अर्थशास्त्र के इतिहास की भी। लेकिन आजादी के बाद इसमें बहुत संरचनात्मक परिवर्तन हुए। स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक ढांचे में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण हुआ और यह मात्र पाठ्यक्रमीय पुनर्संयोजन नहीं था, बल्कि वह एक गहरे राजनीतिक-वैचारिक चिंतन की अनुपस्थिति और नियंत्रण की आकांक्षा का प्रतीक था। विशेष रूप से राजनीतिक अर्थशास्त्र, जो राज्य, शक्ति, वर्ग, उत्पादन और सामाजिक संबंधों के अंतर्विरोधों की पड़ताल करता है, उसे योजनाबद्ध ढंग से शैक्षणिक मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया।

लेख का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक माना गया, क्यों अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र को कृत्रिम रूप से अलग कर दिया गया, क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को आंशिक अपवाद स्वरूप यह परंपरा सीमित रूप में जीवित रखने दी गई, और क्यों मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स तथा इकोनोमेट्रिक्स जैसे उपविषय, समाज की आर्थिक समझ बढ़ाने में विफल होकर, मात्र अकादमिक खिलौने बनकर रह गए।

राजनीतिक अर्थशास्त्रः सत्ता और समाज का दर्पणः राजनीतिक अर्थशास्त्र वह अनुशासन था जो यह पूछता था कि नीति किसके पक्ष में बनाई जाती है, किसके संसाधनों का हस्तांतरण किसके लिए होता है और कौन-सी आर्थिक प्रक्रिया समाज के किन वर्गों को हाशिये पर डालती है। यह अनुशासन मार्क्स, स्मिथ, रिकार्डो, मिल और गांधी जैसे चिंतकों की परंपरा में सत्ता और मूल्य के बीच संबंध को केंद्र में रखता था।

किन्तु स्वतंत्र भारत में इस अनुशासन को तेजी से हाशिये पर डाल दिया गया। राजनीति और नैतिकता को अर्थशास्त्र से काटकर, उसे एक 'तथ्यात्मक और निरपेक्ष विज्ञान' के रूप में गढ़ा गया, जो 'राज्य की योजना' में सहयोगी तो हो, पर प्रश्नकर्ता नहीं। राजनीतिक अर्थशास्त्र के स्थान पर 'डाटा संचालित', 'मॉडल आधारित', 'सुधारात्मक' और 'सांख्यिकी-केंद्रित' अर्थशास्त्र का उदय हुआ- जिसमें सत्ता, वर्ग और दमन के लिए कोई स्थान नहीं बचा।

भारतीय संदर्भ में यथार्थ और सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के बीच खाईः भारत का समाज एक असाधारण संरचना वाला समाज है-जाति, पितृसत्ता, श्रम-अवमूल्यन, कृषि-निरादर, धार्मिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएं यहां आर्थिक निर्णयों के गहरे कारक हैं। फिर भी भारतीय विश्वविद्यालयों में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स, ने इन जटिलताओं से आंख चुरा ली।

इन विषयों ने ऐसी भाषा और विधियों का विकास किया जो आम सामाजिक यथार्थ से संवाद नहीं कर सकती थी। वे ऐसे समीकरणों में व्यस्त रहे जिनमें न किसान था, न दलित, न महिला, न लघु व्यापारी, न ही बेरोजगार युवा। नीति-निर्माण के लिए इनका योगदान शून्य नहीं तो नगण्य रहा।

इकोनोमेट्रिक्स, जो डेटा के 'सटीक' विश्लेषण का दावा करता है, अक्सर पूर्वग्रह से ग्रस्त मॉडल और अविश्वसनीय आंकड़ों पर टिका रहा। मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स, जो 'यथार्थ को अमूर्त संख्याओं' में व्यक्त करता है, उस यथार्थ को खो बैठा जिसे वह मॉडलित करने चला था। इस प्रकार, ये विषय वैचारिक उपकरण बनने के बजाय अकादमिक 'खिलौने' बनकर रह गए, जिन्हें कुछ विद्वान 'खेलने' के लिए तो उत्साहित रहते हैं, पर नीति-निर्माण या सामाजिक बदलाव के मोर्चे पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता।

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ। राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक इसलिए माना गया क्योंकि वह व्यवस्था से असुविधाजनक प्रश्न पूछता थाः विकास किसके लिए? नीति किसके विरुद्ध? योजना किनके श्रम से? इस वैचारिक निष्कासन ने न केवल सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण को पंगु किया, बल्कि मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स जैसे विषयों को मूल्य-विहीन, मानव-विमुख, और समाज-विस्मृत 'खिलौनों' में बदल दिया। आज जब भारत असमानता, बेरोजगारी, किसान संकट, पर्यावरणीय आपातकाल और लोकतांत्रिक क्षरण से जूझ रहा है- तब आवश्यक है कि राजनीतिक अर्थशास्त्र को पुनः मुख्यधारा में लाया जाए। केवल वही अनुशासन है जो यह साहस कर सकता है कि अर्थव्यवस्था को सत्ता, श्रम, समाज और संघर्ष की समग्र परिप्रेक्ष्य में देखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### कलेक्ट्रेट में अधिकारियों ने किया बाई ब्रेक योग

**हरदोई, अमृत विचार।** योग सप्ताह के अंतर्गत कलेक्ट्रेट में अपर जिला अधिकारी प्रियंका सिंह एवं जिला अपर मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने बाई ब्रेक योग (कुर्सी पर बैठकर) का अभ्यास किया। आयुष विभाग की प्रशिक्षिका ज्योति शिखा ने सभी को कुर्सी पर बैठकर विभिन्न योगाभ्यास, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, ओम का उच्चारण और ध्यान का अभ्यास करवाया। पतंजलि महिला जिला प्रभारी विनीता पांडे ने बताया कि योग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है योग के द्वारा व्यक्ति निःशुल्क अपना उपचार कर सकता है।

### 250 ईसीसीई एजुकेटरों का हुआ चयन

**हरदोई, अमृत विचार।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत 250 विद्यालयों में संचालित को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर ईसीसीई एजुकेटेरों का चयन किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप ने बताया कि संविदा के आधार पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक वर्ष के लिए इन एजुकेटरों का चयन किया गया है। प्राप्त आवेदनों में अर्ह पाए गए आवेदकों का जनपदस्तरीय समिति के अनुमोदन के बाद चयन किया गया है। उन्हें मेरिट के आधार पर विद्यालयों का आवंटन भी कर दिया गया।

### बीएससी छात्रा कॉलेज से लापता, युवक पर संदेह

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में बीएससी छात्रा लापता हो गई है। छात्रा के दादा ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दादा ने बताया कि सोमवार की सुबह वह पोती को प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए डिग्री कॉलेज छोड़कर आए थे, दोपहर में जब वह उसे लेने पहुंचे तो छात्रा नहीं मिली। कॉलेज प्रशासन के अनुसार वह पहले ही जा चुकी थी। दादा ने गोंडा के नवाबगंज क्षेत्र के युवक पर शक जताया है। पोती का उस युवक से संपर्क था। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भीषण गर्मी के बीच बदहाल विद्युत आपूर्ति से लोग बेहाल

## जिला मुख्यालय पर भी लोगों को झेलना पड़ रहा विद्युत संकट, मामूली फाल्ट सही होने में भी लग रहे कई दिन

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे पूरे जिले में बिजली की समस्या विकराल हो रही है। आलम यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों की बात तो छोड़िये, जिला मुख्यालय पर बिजली संकट से लोग परेशान हैं। जिसके चलते उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।

बता दें कि जिले में बिजली आपूर्ति की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। जिले के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कई-कई दिन तक बिजली नहीं मिल पा रही है। शहरी क्षेत्रों में भी घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। वर्षों से न बदले गए विद्युत उपकरण व तार गर्मियों में लोड अधिक बढ़ने पर जवाब दे रहे हैं, वहीं विद्युत उपकेंद्रों पर कर्मियों की संख्या बहुत ही कम है, जिस कारण खराबी सही करने में घंटों का समय लग जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों की दशा और भी दयनीय है।

ग्राम सिकरहना में तीन दिन से गांव में तार टूटा है। गांव की पूरी तरह से बिजली बाधित है। लोगों ने बताया कि गांव की पूरी लाइन जर्जर है, कई बार तार टूट चुका है। सप्ताह में तीन-चार बार तार जुड़वाना पड़ता है, इस इस बारे में कई बार जेई अमर सिंह भारती को अवगत कराया गया है, फिर भी ध्यान नहीं दिया। बताया कि जजैर लाइन के चलते कई बार हादसे भी हो चुके हैं।

सुरसा में दहिगवां फिडर से गांव जगतपुरवा में पिछले 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति सप्लाई नहीं मिल पा रही है। हालाकि 24 घंटे में दो बार ट्रांसफार्मर बदला गया, लेकिन सप्लाई नहीं चालू हुई। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर लाने ले जाने वाले कार्यकर्ता सुनसान जगह पर अपना डाला रोककर ट्रांसफार्मर में भरे तेल को चोरी से निकाल कर बाजार में बेच देते हैं ट्रांसफार्म में तेल कम होने के कारण भयंकर गर्मियों में अधिकतम क्षमता होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं और जल्लामऊ फीडर के इछनापुर, सन्तरहा, भटेउरा आदि गांवों में बिजली सप्लाई पिछले 72 घंटे से नहीं हो पा रही और न ही जेई व विभागीय कर्मचारी फ़ोन उठा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष है। उपभोक्ता अविनाश चंद्र, अभिनव दीक्षित, धर्मेंद्र मिश्र, प्रभाकर, अभिषेक शुक्ल, अम्बरीष बाजपेयी, दुर्गेश पांडेय, प्रभाकर, देवेंद्र नाथ पांडेय, कमलेश, शिवेंद्र, आदि ने कहा कि इस भयंकर गर्मी से लोग पहले से ही परेशान हैं ऊपर से लाइट ने लोगों को रुला रही है। सपा नेता रामज्ञान गुप्ता ने विद्युत व्यवस्था में सुधार न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। एक ओर जहां जिले में भीषण विद्युत संकट है, वहीं सरकार में बैठे जिले के जनप्रतिनिधि अब तक इस समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं।

### ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर बताई समस्या

**हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी कस्बा में लगातार बिजली कटौती, ट्रिपिंग और कम वोल्टेज की समस्या से जनता परेशान है। इस समस्या को देखते हुए शौज़ब ज़ैदी ज़िलाध्यक्ष मिशन सुरक्षा परिषद ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में बताया है कि बिजली संकट का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई, उद्योग, छोटे कारोबार और अस्पतालों पर पड़ रहा है। वर्तमान में क्षेत्र में 33 केवी की लाइन है। फॉल्ट की स्थिति में कर्मचारियों को पेट्रोलिंग के लिए 45 किलोमीटर तक जाना पड़ता है। इससे कई घंटों तक बिजली बाधित रहती है। यही समस्या राभा पावर हाउस सम्बंधित लगभग 200 से अधिक में जहां राभा पावर हाउस से मन्ना पुरवा हरदोई 33 केवी अधिक दूरी व जर्जर होने की बजाह आएं दिन फाल्ट रहेती है एक फाल्ट ढूंढने के लिए पूरा दिन आपूर्ति बाधित रहती है रात में फाल्ट होने पर सप्लाई 24 घंटे के लिए बाधित हो जाती है इस समस्या के लिए कई बार किसानों ने धरना प्रदर्शन पावर हाउस का गिराव तक किया लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। यह समस्या लगभग पिछले कई सालों से बनी हुई है। पिहानी व राभा विद्युत समस्या के इस मुद्दे पर हरदोई लोकसभा क्षेत्र के सांसद जय प्रकाश रावत और क्षेत्रीय विधायक श्याम प्रकाश ने भी पहले पत्र लिख चुके हैं। एमएसपी अध्यक्ष ने पिहानी क्षेत्र में 132 केवी सब स्टेशन स्थापित करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे क्षेत्र की बिजली समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

### विधायक ने ऊर्जा मंत्री से मिलकर बताई समस्या

**हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में सुधार को लेकर विधायक आशीष सिंह आशू ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाक़ात कर नए जगहों पर विद्युतीकरण को लेकर प्रस्ताव दिए। मंगलवार को ऊर्जा मंत्री से मिलकर विधायक ने बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को उठाया। विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए नए ट्रांसफार्मरों और नए जगहों पर विद्युतीकरण को लेकर भी प्रस्ताव सौंपे। समस्याओं को लेकर ऊर्जा मंत्री ने शीर्ष प्राथमिकता में कराने का आश्वासन दिया। वहीं कस्बे के मोहिउद्दीनपुर में 100 केवी का ट्रांसफार्मर चल रहा था, लेकिन जेई इतिशाम अली ने ट्रांसफार्मर को वहां से हटवाकर चंदा चक्की से जुड़वा दिया, जिससे आमजन में विद्युत सप्लाई और आए दिन फेस उड़ने को लेकर समस्या हो रही है।

## विद्युत पोल पर चढ़े युवक की गिरकर मौत, पिता ने दी तहरीर

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** विद्युत फाल्ट होने पर पड़ोसी गांव के कुछ लोगों ने युवक को बुलाकर पोल पर चढ़कर ठीक करने को कहा। युवक भी पोल पर चढ़कर विद्युत फाल्ट ठीक करने लगा। तभी अचानक युवक पोल से नीचे गिर गया। उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

हरपालपुर थाने के ललुआमऊ निवासी 25 वर्षीय मोनू पुत्र रामकिशोर दो बहनों का इकलौता भाई था। मोनू गुजरात में एक पेंट कंपनी में नौकरी करता था। इन दिनों वह गांव आया था। पिता रामकिशोर ने बताया कि सोमवार को पड़ोसी गांव टिलिया निवासी करुणा मिश्रा बिजली सही करने के लिए बुला ले गया था, वहां उसने मोनू को पोल पर चढ़ा दिया। उसी बीच वह नीचे गिरकर बेहोश हो गया। रामकिशोर का कहना है कि करुणा मिश्रा ने उसे फोन पर बताया कि मोनू बिजली के पोल से नीचे गिर पड़ा। वहां पहुंचे घर वाले उसे सीएचसी हरपालपुर ले गए। वहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, जहां मोनू की मौत हो गई। पिता रामकिशोर ने हादसे के लिए करुणा मिश्रा को ज़िम्मेदार बताया है।



**सड़क किनारे रखा मोबाइल ट्रांसफार्मर बढ़ा रहा समस्या**

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर की सड़क पहले से ही अतिक्रमण के चलते जाम से जूझ रही हैं, वहीं सड़क किनारे खड़ा विद्युत विभाग का मोबाइल ट्रांसफार्मर भी इस समस्या को ऊर्जा दे रहा है। शहर के रेलवे गंज में पुलिस चौकी के निकट मोबाइल ट्रांसफार्मर के सड़क पर रखे होने से जाम की स्थिति रहती है। कई दिनों से मोबाइल ट्रांसफार्मर सड़क पर रखा हुआ है। मोबाइल ट्रांसफार्मर के रखे होने से हादसे का भी भय बना हुआ है। बता दें कि शहर के रेलवे गंज में पुलिस चौकी के निकट रखा ट्रांसफार्मर लगभग 20 दिन पूर्व खराब हो गया था। विद्युत कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने का काफी प्रयास किया, लेकिन ठीक नहीं हो सका था। इसके बाद कर्मचारियों ने मोबाइल ट्रांसफार्मर को खराब ट्रांसफार्मर के निकट सड़क पर ही लगाकर विद्युत आपूर्ति तो चालू कर दी थी, लेकिन जाम की समस्या बढ़ गई।

## कांच का पाउडर निगल लेने से नव निवाहिता की हुई मौत

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** विवाह के एक सप्ताह बाद ही नव दंपति में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। नाराज़ दुल्हन ने घर में रखा कांच का पाउडर निगल लिया। वहां कानपुर के एक निजी हास्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

मल्लावां कोतवाली के बाबटमऊ खालेपुरवा निवासी रिंकू पुत्र हरिराम की शादी कानपुर देहात के जुलहा गांव की खुशबू (20) पुत्री हरीशचंद्र के साथ 6 मार्च को हुई थी। खुशबू तीन बहनों में बड़ी थी, उसका एक भाई है। 10 जून को रिंकू और खुशबू के बीच किसी बात पर झगड़ा हो गया था, रिंकू घर के बाहर चला गया। तभी खुशबू ने घर में रखा कांच का पाउडर फांक लिया, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। ससुराल वाले उसे कन्नौज के ज़िला अस्पताल ले गए, वहां से उसे तेरवा मेडिकल कालेज भेज दिया गया, जहां इलाज होने के बाद कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन घर वाले उसे एक निजी हास्पिटल ले गए, वहां सोमवार की शाम को उसकी मौत हो गई।

## देवस्थान के नाम पर दान की गई जमीन बेची, निर्माण कार्य से लोगों में आक्रोश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** देवस्थान के लिए दान में मिली जमीन को भी बेच दिया गया। अब वहां निर्माण के लिए नींव भी खोदी जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राजस्व विभाग का मामला बताकर हाथ खड़े कर दिए।



देवस्थान की जमीन पर खोदी गई नींव। अमृत विचार

कोतवाली देहात के कोढ़वा गांव में भोलेनाथ देवस्थान है, उसी स्थान की जमीन को चोरी से बेंच दिया गया। कोढ़वा के विजय प्रताप ने शिकायत में कहा कि उसके परिवार में बंटवारा हुआ था, पिता छोटक्के सिंह ने अपने हिस्से की जमीन भोलेनाथ के देवस्थान को दान कर दी थी। उसी के पास उसी के परिवार के अखिलेश का हिस्सा था। उसने अपने हिस्से के साथ देवस्थान के सहन की जमीन कौशल सिंह के हाथ बेंच दी। विजय प्रताप के अलावा दिवाकर प्रताप, अजय प्रताप व अभय प्रताप, प्राज्जवल और शिवप्रकाश ने बताया कि देवस्थान को बंधक बनाते हुए उसके इधर-उधर नींव की खुदाई करा रहे कौशल सिंह से बात की गई तो उसका कहना है कि उसने अखिलेश को पैसे देकर जमीन खरीदी है। विजय प्रताप का कहना है कि उसकी शिकायत पर वहां पहुंची पुलिस ने पहले पूछताछ की, उसके बाद बोली, इसमें वह कुछ नहीं कर सकती, राजस्व वाले जाने।

**▸▸ पुलिस ने राजस्व विभाग का मामला बताकर खड़े किए हाथ**

## संदिग्ध हालात में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के कुर्सी रोड कबड़ियन टोला में कमरे के अंदर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे की खिड़की से देवर ने भाभी को पंखे से लटकता देखा, तो जानकारी हुई।



नगर के कबड़ियन टोला निवासी अंकित गुप्ता की पत्नी छोटू उर्फ अनीता (27) ने मंगलवार को मंजिला मकान में अपना कमरा अंदर से बंदकर फांसी लगा ली। जब मृतका के देवर अंशू ने कमरे की खिड़की से भाभी को लटकते देखा तो घर में कोहराम मच गया। कमरा अन्दर से बंद होने के कारण परिजनों ने दरवाजा तोड़कर तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लेकर गये, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। महिला की चार वर्ष पूर्व शादी हुई थी, जिसकी तीन वर्ष की एक बेटी भी है। अनीता का मायका कस्बा व थाना खमरिया जिला लखीमपुर है। मृतका के पिता ने बताया कि बेटी के ससुराल में अक्सर विवाद हुआ करता था। क्षेत्राधिकारी हरियांवा अजीत चौहान ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच की। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय यादव ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है अभी लडकी के मायके से कोई लिखित आरोप नहीं लगाया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

## खेत पर पड़ा मिला बुजुर्ग का शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बुजुर्ग का शव खेत पर संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। आरोप है कि भूमि विवाद में बेटे ने पिता पर हाथ उठा दिया था, जिसका सदमा लगने से बुजुर्ग की मौत हो गई। शाहाबाद कोतवाली के दौलतयारपुर निवासी गयादीन (70) सोमवार की शाम को खेत पर गया था। वहीं देर शाम उसका शव पड़ा मिला। ग्रामीणों के अनुसार गयादीन के दो बेटे रावेंद्र और धनपाल के अलावा पांच बेटियां हैं। पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। बड़े बेटे रावेंद्र व छोटे बेटे धनपाल के दो-दो बेटे हैं। गयादीन ने अपने हिस्से का 6 बीघा खेत छोटे बेटे धनपाल के दोनों बेटों शिवकुमार व रौनक के नाम कर दिया था। इसका पता चलते ही बड़ा बेटा रावेंद्र बूढ़े बाप गयादीन के खिलाफ हो गया। धनपाल का कहना है कि सोमवार को उसके बड़े भाई रावेंद्र ने अपने पिता गयादीन पर हाथ उठाया, उसके दोनों बेटों अवधेश व भोला ने उसे खूब खरी-खरी सुना दी, गयादीन बवाल टालते हुए खेत पर चला गया, वहीं उसे दिल का दौरा पड़ा और मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



गयादीन की मौत पर उसके छोटे बेटे धनपाल ने बड़े भाई रावेंद्र और उसके दोनों बेटों पर पिता से विवाद करने और पिटाई करने का आरोप लगाया था, गयादीन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत की बात कही गई है लेकिन पिटाई के आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है।

### बरसात से पहले नाला सफाई हो जाएगी पूरी

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** मानसून दस्तक देने वाला है, लेकिन नगर पालिका परिषद संडीला ने अभी तक नाला सफाई को लेकर टेंडर की प्रक्रिया की गई है। ठेकेदारों ने नाला सफाई का कार्य भी लगभग पूर्ण कर लिया है। कई नाले अभी बाकी पड़े है जिनकी सफाई सुचारु रूप से नहीं हुई है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अनिरुद्ध कुमार पटेल ने बताया कि नाला सफाई का कार्य चल रहा है। जिन नालों की सफाई का कार्य नगर पालिका करती है उन नालों की सफाई हो चुकी है जिन नालों के टेंडर हो चुके है उन नालों की सफाई का कार्य चल रहा है।

## सरकारी जमीन पर बने मकानों व दुकानों पर चलेगा बुलडोजर

संवाददाता, हरदोई, पिहानी

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की ज़मीन पर कब्ज़ा किए जाने को लेकर पालिका प्रशासन और राजस्व महकमां अलर्ट है गया है। मंगलवार को पालिका प्रशासन और राजस्व की टीम ने साफ कहा है कि अंतिम नोटिस में दी गई मोहलत के बाद कुछ नहीं सुनी जाएगी और अवैध तरीके से बने मकान व दुकानों पर बुलडोज़र चलेगा।

बताते चलें कि भू-माफिया सईक ने पिहानी में रामलीला रोड पर सरकारी रास्ते की जमीन पर मकान और दुकानें बना रखी है। इसे लेकर पालिका प्रशासन लापरवाह बना रहा, लेकिन खबरें प्रकाशित होने पर कब्ज़ेदार सईक को नोटिस जारी की जाने लगी। आरोपी ने नोटिस का सही जवाब नहीं दिया। ईओ अमित कुमार सिंह ने मंगलवार को कब्जेदारों के नाम अंतिम नोटिस जारी की है। नायब तहसीलदार पंडरवा संतोष कुशवाहा, ईओ अमित कुमार सिंह, सदर लेखपाल आशीष वाजपेई, वरिष्ठ लिपिक गोपाल कृष्ण अवस्थी, लिपिक संजय मौर्य व अश्वनी बाजपेई की टीम ने सईक के कब्ज़ेदारी की पड़ताल की। नायब तहसीलदार श्री कुशवाहा ने कब्ज़ेदार सईक से कहा कि या तो स्टे आर्डर दिखा दे या अवैध तरीके से बने मकान व दुकानों का ध्वस्तीकरण कराने को तैयार रहे। उन्होने सईक को कुछ दिन की मोहलत दी है। माना जा रहा है कि सही जवाब न देने के हालातों में जल्द ही पुलिस के साथ बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी। साफ कहा गया है कि सरकारी जमीनों पर कब्जे नहीं होने दिए जाएंगे।



सरकारी रास्ते की भूमि पर कब्जेदार को चेतावनी देते नायब तहसीलदार व ईओ।

**कार्यक्रम** विकसित भारत का अमृत काल : सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पर ग्राम चौपाल आयोजित

# मोदी सरकार ने गरीबों के कल्याण के किए कार्य : मुकुल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार ने 11 सालों में सेवा को केंद्र बिंदु मानकर गरीब का कल्याण किया है। यह बात विकसित भारत का अमृत काल : सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पर आयोजित ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम के तहत बावन मण्डल के ग्राम तत्योरा के बूथ संख्या 91 में आयोजित संकल्प सभा में उक्त बात भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक मुकुल सिंह आशा ने कही।

कहा कि सरकार ने देश की नागरिकों को सहारा दिया और न सिर्फ कोविड का सामना किया, बल्कि अत्यंत कम समय में स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण कराया और अपने देश के साथ ही दुनिया के कई देशों को पहुंचाई गई और उस समय भी विपक्ष लगातार विरोधाभाषी बयानों में लगा रहा। यह सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है।



संकल्प सभा को संबोधित करते मुकुल सिंह आशा। अमृत विचार

मंडल महामंत्री मनोज सिंह ने कहा युवा देश का भविष्य है। विकसित भारत के संकल्प को युवाओं आगे आकर काम करना होगा। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष विवेक सिंह, राम चन्द्र कश्यप मंडल उपाध्यक्ष, श्याम लाल सक्सेना बीडीसी, अजय सिंह, सीपू सिंह, अनुज सिंह, विनय सिंह, अमित सिंह, शौर्य सिंह, कृष्णा सिंह सहित मण्डल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। शाहाबाद नगर मंडल के विभिन्न शक्ति केन्द्रों में चौपाल बैठकें आयोजित की गई। शक्ति केन्द्र खलील में आयोजित चौपाल को पार्टी के महामंत्री महामंत्री सत्येन्द्र कुमार राजपूत ने संबोधित किया। नगर अध्यक्ष अनिल पान्डेय पिन्टू ने केन्द्र सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक मंडल महामंत्री सुभाष सिंह, उपाध्यक्ष सौरभ लाहौरी, आनन्द गुप्ता सहित मोहल्ला वासी व पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कछौना संवाददाता के अनुसार शक्ति केंद्र रैसो, मंडल कछौना में भारत संकल्प सभा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के पूर्व उपाध्यक्ष अर्जित वर्मा उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह ने सभा की अध्यक्षता और संचालन किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026
ADMISSIONS NOW!

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in

# करंट लगने से महिला की गई जान

## बेटी के पुलिस में चयनित होने के बाद घर में चल रही थी पार्टी

संवाददाता, औरास उन्नाव

**अमृत विचार:** पुलिस की ट्रेनिंग में शामिल होने जा रही बेटी की खुशी में परिजनों ने पार्टी आयोजित की। इसके बाद घर के बाहर डीजे पर डांस होने लगा। उसकी मां दरवाजा पकड़कर खड़ी थी तभी लोहे के दरवाजे में करंट उतर आया। इसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत बता दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही खुशियां मातम में बदल गईं। घर वालों ने बेटी को ढांढस बंधाया। इसके बाद वह मां को अंतिम विदाई देकर ट्रेनिंग पर चली गई।

**पार्टी के दौरान मां की मौत होने से मातम में बदल गईं खुशियां**


चंद्रवती की फाइल फोटो।

औरास थानाक्षेत्र के सरौंद गांव निवासी चंद्रपाल की बेटी आरती का पुलिस में सिलेक्शन हुआ था। जिसे मंगलवार को प्रयागराज ट्रेनिंग में शामिल होना था। इस खुशी में परिजनों ने नाते रिश्तेदारों को बुलाकर रविवार को रामचरित मानस का पाठ कराया। इसके बाद सोमवार को पूर्णाहुति होने के बाद पार्टी कराई। पार्टी के बाद में देररात लड़के घर के बाहर डीजे पर डांस करने लगे। जिसे देखने के लिए चंद्रवती (45) पत्नी चंद्रपाल लोहे का दरवाजा पकड़कर खड़ी हो गई। तभी वह दरवाजे के पास से निकले विद्युत तार में आ रहे करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी औरास ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की अचानक मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

**मां को अंतिम विदाई देकर ट्रेनिंग के लिए चली गई बेटी**

जहां एक ओर बेटी की ट्रेनिंग की खुशी थी वहीं दूसरी ओर मां की मौत से खुशियां मातम में बदल गईं। बेटी के भविष्य के सवाल पर रिश्तेदारों ने उसे ढांढस बंधाया। काफी समझाने के बाद बेटी मां को अंतिम विदाई देकर प्रयागराज ट्रेनिंग के लिए चली गई। उधर परिजनों ने महिला के शव को बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के दो बेटियां व एक बेटा है। जिसमें बड़ी बेटी आरती पुलिस में चयन होने पर ट्रेनिंग पर गई हुई है। मां की असमय मौत पर बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# माइनर में पड़ा मिला वृद्धा का शव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती वृद्धा का पास में स्थित एक माइनर में शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। तलाश करते पहुंचे भतीजे ने शव की पहचान अपनी बुआ के रूप में की। जिसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अचलगंज थानाक्षेत्र के रताखेड़ा गांव निवासी चांदावती के पति छोटे लाल की करीब 10 साल पूर्व मौत हो गई थी। उसके कोई संतान नहीं थी। इस पर थानाक्षेत्र के बंथर गांव निवासी उसका भाई संतराम यादव बहन को देखभाल के लिए अपने घर ले आया था। कुछ दिन पूर्व सांस लेने की दिक्कत होने पर चंदावती को कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ठीक होने पर परिजन उसे घर ले आए थे। बीती 13 जून को हालत बिगड़ने पर भाई ने उसे सदर कोतवाली क्षेत्र के पीडीनगर मोहल्ला स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां से सोमवार देररात दो बजे वहां मौजूद भाभी की आंख लगने पर वह अस्पताल से निकल आई और थोड़ी दूर स्थित माइनर में गिरकर उसकी मौत हो गई। सुबह उसका शव पड़ा देख टहलने निकले लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी व दरोगा अंजनी सिंह पहुंचे और जांच की। लेकिन उस समय उसकी पहचान नहीं हो सकी। इस पर शव मोर्चरी भेजा गया। उधर चंदावती के लापता होने पर परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। तभी उन्हें सोशल मीडिया पर माइनर में शव मिलने की जानकारी हुई। भतीजे प्रमोद पुत्र संतराम ने मोर्चरी पहुंचकर शव की शिनाख्त अपनी बुआ के रूप में की।

## सार-संक्षेप

### फंदे से लटका मिला युवती का शव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** माखी थानाक्षेत्र के ढोहा गांव में युवती कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। दरवाजा तोड़कर जब तक परिजन कमरे में पहुंचे तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। माखी थानाक्षेत्र के मझखोरिया गांव के मजरा ढोहा निवासी मोनी लोधी (18) पुत्री धर्मसहाय मंगलवार सुबह घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में पंखे के कुंडे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। उसके काफी देर तक नीचे न आने पर मां सरोज उसे बुलाने पहुंची तो दरवाजा बंद देख आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे और खिड़की से झांककर देखा तो मोनी फंदे से लटक रही थी। इस पर परिजनों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बड़े भाई संजय ने बताया कि मोनी दो भाइयों से छोटी थी। घटना के समय वह छोटे भाई सूरज के साथ ड्यूटी पर गया था। घर में पेंटिंग का काम चल रहा है। माता-पिता नीचे काम कर रहे थे। उसने फांसी क्यों लगाई इसकी वजह वह नहीं बता सका। उसकी मौत से परिजन बेहाल हैं। माखी एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि परिजनों की सूचना पर जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा गया है।

### शौचालय में गिरने से बच्ची की गई जान, मचा कोहराम

**संवाददाता, औरास उन्नाव, अमृत विचार :** घर में बने शौचालय पर चढ़ रही बच्ची का अचानक पैर फिसलने से वह वहीं गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे स्थानीय डॉक्टर के पास ले गये। जहां उसे मृत बता दिया गया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चीख़ों के बीच परिजनों ने बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया। औरास थानाक्षेत्र के मनिकापुर गांव निवासी परदेसी की 5 वर्षीय बेटी जानवी सोमवार शाम घर में बने शौचालय पर चढ़ रही थी। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह स्नान करने वाले स्थान पर गिरकर घायल हो गई। घटना के समय पिता भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाने गया था और मां गोड़े में मवेशियों को चारा डालने गई थी। सूचना पर दौड़े परिजन उसे एक डॉक्टर के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। बच्ची की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बच्ची के शव का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। वह दो भाई व पांच बहनों में तीसरे नंबर की थी। उसकी असमय मौत से मां व बहनें रो-रोकर बेहाल हैं।

### आम के बाग में मिला अधेड़ का शव

**संवाददाता सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मद्दूखेड़ा और गौरी गांव के बीच स्थित मवई भान तिराहा के सामने एक आम के बाग में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक अज्ञात व्यक्ति को बगीचे में औंधे मुंह पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर तत्काल एंबुलेंस से उसे सफीपुर सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गौरी निवासी रामकुमार द्विवेदी पुत्र भोला के आम के बाग में अचेत पड़े व्यक्ति को देख ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल सुब्रत त्रिपाठी ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव की तलाशी कर उसके कपड़ों व पहनावे का विवरण दर्ज किया। उसकी उम्र करीब 50 से 55 वर्ष बताई जा रही है। उसके शरीर पर नीली टीशर्ट, नीली पैंट, सफेद बनियान, नारंगी रंग का अंडरवियर व चमड़े की चप्पलें थीं। वह औंधे मुंह पड़ा था। जिससे प्रथम दृष्टया गिरने या चोट लगने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। कोतवाल ने बताया कि मृतक की शिनाख्त 55 वर्षीय अशीष पुत्र गोविंद निवासी रामपुरी सदर कोतवाली के रूप में हुई है। वह मानसिक रूप से विक्षप्त बताया गया है। इसके बाद दरोगा अनिल त्रिपाठी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही होगी।

# रेलवे स्टेशन पर मिले वृद्ध के शव की बेटे ने की शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** अजगैन रेलवे स्टेशन की डाउन लाइन के पास मिले वृद्ध के शव की पहचान उसके बेटे ने मोर्चरी पहुंचकर की। इसके बाद जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सदर कोतवाली अंतर्गत शहर के मोहल्ला शाहगंज जवाहर नगर स्थित शिवाय टॉकीज के पीछे रहने वाले अयोध्या प्रकाश शुक्ला (60) पुत्र स्व. रामकुमार 13 जून को परिवार के साथ नई दिल्ली निवासी छोटे बेटे प्रशांत के यहां से लौटे थे। 14 जून को वह घर से बिना बताए घर से कहीं चले गए। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। लेकिन कोई पता नहीं चला। इस पर परिजन सदर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। तभी उनको जानकारी मिली कि अजगैन रेलवे स्टेशन पर बीती 14 जून को डाउन लाइन की साइड ट्रैक के पास एक वृद्ध का शव मिला था। प्वाइंट मैन प्रदीप की सूचना पर अजगैन स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को मेमो भेजा था। पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम ने जांच की थी। उसकी पहचान न होने से शव मोर्चरी भेजा गया था। इस पर बेटे अविनाश ने अजगैन पहुंचकर जीआरपी से संपर्क किया। जिसके बाद मंगलवार को मोर्चरी पहुंचकर शव देखते ही वह फफक पड़ा और बताया कि शव उसके पिता का है। वहीं पत्नी मीरा रो-रोकर कर बेहाल हैं।

# पत्नी को फंसाने के लिए पिता ने ही की थी दो बच्चों की हत्या

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**फॉलोअप**

**कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर पिला दिया था कीटनाशक आरोपी पिता गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** पुरवा कोतवाली के रम्मांखेड़ा गांव में दो मासूम बच्चों की हत्या उसके पिता ने मायके में रह रही पत्नी को फंसाने के लिए की थी। मंगलवार को पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पिता ने बच्चों को कोल्डड्रिंक में कीटनाशक मिलाकर पिलाकर मारा था। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि पुरवा कोतवाली अंतर्गत रम्माखेड़ा गांव निवासी रोहित गौतम (33) पुत्र अमृतलाल ने कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी नेहा से प्रेम विवाह किया था। उनके बच्चों में ढाई साल की सोनाक्षी व छह माह का बेटा रितिक था। बीते 10 दिन पूर्व पति से विवाद के बाद बच्चों को पति के पास छोड़कर नेहा मायके चली गई थी। इसे लेकर रोहित लगातार पत्नी से घर लौटने की बात कह रहा था। लेकिन वह तैयार नहीं हुई। रोहित इसको लेकर अपनी ससुराल भी गया था लेकिन नेहा घर आने को राजी नहीं हुई। बताते है ससुरालियों ने उसे पीटा भी था। पत्नी से बदला लेने के लिए उसमें खौफनाक साजिश रच डाली। सोमवार को उसने उसने घर से 1 किमी दूर अपने खेत के पास दोनों बच्चों को कोल्डड्रिंक में कीटनाशक मिला कर दे दिया। इससे बच्चों की हालत बिगड़ गई और दिखावे के लिए वह एक निजी अस्पताल भी लाया लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई। इसके बाद रोहित ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि बताया 9 बजे उसकी पत्नी नेहा अपनी बहन निकिता के साथ से खेतों पर पहुंची। जहां पेड़ के नीचे पति ने बच्चों को मां की गोद में दिया और बातचीत करने लगे। इसी दौरान वह अपने धान की नर्सरी चर रही भैंस को खदेड़ने चला गया। तभी पत्नी ने बच्चों को जहर दे दिया। प्रथम दृष्टया पुलिस ने उसकी कहानी पर विश्वास भी कर लिया और दोनों बच्चों की हत्या करने की रिपोर्ट नेहा और उसकी बहन पर दर्ज की थी। लेकिन सीओ अजय सिंह को जांच के दौरान कई अहम सुराग मिले जिससे शक की सुई रोहित पर घूमी और बाद में उसने पूछताछ में अपने बच्चों की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। एसपी दीपक भूकर ने बताया पिता रोहित ने कोलड्रिंक में सल्फास मिलाकर बच्चों को पिला कर मारा था।

वहीं दोनों बच्चों के शव के पोस्टमार्टम मंगलवार को हुए। इसमें रितिक की मौत पहले होने जबकि सोनाक्षी के प्राण करीब 15 से 20 मिनट बाद निकलने की पुष्टि हुई। दोनों का बिसरा सुरक्षित किया गया है। बच्चों के चचेरे बाबा दिलीप व शिवकुमार पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। हालांकि घटना से दहशतज़दा वह लोग कुछ भी बोलने से बचते रहे।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ससुराल से लौट रहे बाइक सवार को पिहानी रोड पर तेज़ रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा पीआरडी जवान घायल हो गया।

कोतवाली शहर के अब्दुलपुर मजरा भदैचा निवासी 38 वर्षीय संतराम फेरी लगाता था। सोमवार को वह ससुराल अम्बेडकर नगर कस्बा पिहानी गया था। वहीं से शाम को बाइक से लौट रहा था। हरियावां थाने के सामने शहर के आईटीआई कालेज में ड्यूटी कर रहे पीआरडी जवान सालिगराम निवासी बरखेरा हरियावां ने लिफ्ट मांगी। संतराम पीआरडी जवान के साथ वहां चल पड़ा, हरियावां थाने और आठवें मील के बीच पहुंचते ही डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों ज़ख्मी हो गए। उन्हे सीएचसी हरियावां से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां संतराम की मौत हो गई। उसके बड़े भाई कृष्णपाल ने बताया कि संतराम के परिवार में पत्नी रेनू के अलावा उसके दो बेटे और दो बेटियां है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन लोगों को वाहन टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक घायल हो गए। सांडी से मजदूरी का कार्य कर राज मिस्त्री मनोज, प्रकाश और विमल मजदूरी कर वापस घर जा रहे थे। तीनों ग्राम आदमपुर के निवासी हैं। सांडी- शाहाबाद मार्ग पर आदमपुर की मोड़ के पास चौपहिया चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया, जिससे पीछे बाइक जा टकरा गई। तीनों को सीएचसी लाया गया, जहां पर चिकित्सक ने मनोज व प्रकाश को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे मे ले लिया है।

### साइकिल सवार वृद्ध को कुचलते हुए 200 मीटर तक घसीट ले गया ट्रैक्टर चालक, मौत

**हरदोई, माधौगंज, अमृत विचार।** खेत से चारा ले कर घर लौट रहे साइकिल सवार को सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने कुचल दिया, उसी बीच साइकिल और उस पर सवार अधेड़ फंस गया, जिसे ट्रैक्टर करीब दो सौ मीटर तक घसीटते हुए ले गया, उसके बाद भाग निकला। पुलिस का कहना है कि हादसे की जांच की जा रही है। माधौगंज थाने के इस्लामपुर जगाई निवासी राजबहादुर (59) सोमवार को खेत पर जानवरों के लिए चारा लेने गया था। वहीं से शाम को साइकिल पर सवार होकर लौट रहा था। रास्ते में बिलग्राम-कन्नौज रोड पर प्याऊ चौराहे से कुछ



ही पहले सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। बताते हैं कि साइकिल और उस पर सवार राजबहादुर उसी में फंस गया और ट्रैक्टर उसे करीब दो 100 मीटर तक घसीट ले गया। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर ट्रैक्टर चला रहा युवक ट्रैक्टर के साथ भाग निकला। राजबहादुर के बेटे अरविन्द ने बताया कि उसने पुलिस को तहरीर दी है, आरोपी ट्रैक्टर चालक गांव का ही है।

### धोखाधड़ी से लगा सदमा युवक ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक को शराब पिलाकर झांसा देकर कुछ लोगों ने उसके खेत का अपने नाम बैनामा करा लिया। खेत के रुपये मांगने पर आरोपियों ने धमकी दी। सदमे में आकर युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। पाली थाने के कछेलिया मजरा बैजूपुर निवासी रामनिवास (42) ने सोमवार को अपने पुराने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रामनिवास के पुत्र रामू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसी गांव के रामदेव ने उसके पिता को शराब पिलाई और धोखे से 26 मई को 8 लाख की कीमत तय करते हुए अपनी पत्नी रामदेवी के नाम एक बीघा खेत का बैनामा करा लिया। बाद में रुपये मांगने पर पहले तो वह टालता रहा, उसके बाद मना कर दिया। सोमवार की सुबह उसके पिता ने रुपये मांगे तो उसी धमकाया जाने लगा, उसी के सदमे में उसके पिता ने आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट : श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की सात विकेट से जीत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम चल रहे नवयुग सेवा संस्थान लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा मैच श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 व परफेक्ट-11 के बीच खेला गया। मैच में टॉस परफेक्ट-11 ने जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय किया।

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए परफेक्ट-11 की टीम ने 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 86 रनों का खड़ा किया। परफेक्ट-11 की तरफ से सूर्यांशु 32 रन, अर्पित सिंह 12 रन व काशी गुजराती ने 8 रनों का योगदान किया। वहीं श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 तरफ से


खिलाड़ी को पुरस्कृत करते समाजसेवी अनूप पूरी। अमृत विचार

कृष्णा प्रजापति, सुंदरम व पवन ने 2 - 2 विकेट, सत्यम, विश्वास व युवराज ने 1-1 विकेट लिया व एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। जवाब में बल्लेबाज़ी करने उतरी श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की टीम ने 14.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट 11 की तरफ से अथर्व 29 रन, रितेश 22 रन व अंश मिश्रा ने 10 रन बनाए। इस प्रकार श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 ने इस मैच में सात विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को एप्टेक-11 व श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 के बीच फाइनल होगा। परफेक्ट-11 की तरफ से कोमल सिंह 3 विकेट व सूर्यांशु ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच कृष्णा प्रजापति रहे, जिनको समाजसेवी अनूप पूरी ने पुरस्कृत किया। कृष्णा प्रजापति ने गेंदबाज़ी करते हुए 3 ओवर में 5 रन देकर 2 विकेट लिए।

# दिव्यांग बच्चों की पहचान व पुनर्वासन को समिति गठित

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके समग्र पुनर्वासन के लिए शासन के निर्देशानुसार जनपद समन्वय समति का गठन किया गया है। उन्होने बताया कि समिति में जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी अध्यक्ष तथा मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा उनके द्वारा नामि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी को सदस्य और जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सदस्य/सचिव होंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि गठित समिति पर दिव्यांगजनों के हितार्थ संचालित लाभार्थी परक योजनाओं के शिविरों के साथ-साथ दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन कराने का दायित्व होगा और लाभार्थीपरक योजनाओं के शिविरों के आयोजन हेतु तिथि एवं समय के निर्धारण, शिविरों के सफलता पूर्वक आयोजन एवं विभिन्न माध्यमों से क्षेत्र में शिविरों के आयोजन के सम्बन्ध में सूचना तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सीडीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# नाला सफाई में डीएम ने मीडिया से मांगी राय

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा ने विभिन्न मुद्दों पर जनपद के मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने मीडिया कर्मियों के सामने अब तक की अपनी प्रस्तावित कार्य योजनाओं के बारे में बताया तथा मीडिया कर्मियों से इस पर राय मांगी।

उन्होंने जलभराव के बारे में मीडिया कर्मियों से पूछा कि किन नालों की सफाई से जलभराव की समस्या में महत्वपूर्ण कमी लाई जा सकती है। उन्होंने सुखेता नाले के संबंध में भी मीडिया बंधुओं की राय ली। जिलाधिकारी ने एचसीएल और प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में चलाई जाने वाले क्लीन


जनसुनवाई में पीड़ितों की शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

हरदोई प्रोग्राम के बारे में मीडिया प्रतिनिधियों को बताया। उन्होंने गांधी भवन में गांधी हाट के विकास के बारे में बताया, जिसमें एक वेंडिंग जोन विकसित करने की बात रखी। पत्रकारों ने भी विभिन्न मुद्दों पर जिलाधिकारी के समक्ष अपने विचार रखे। इसके अलावा डीएम ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिले भर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 95 शिकायतें आयीं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही वंचित पात्र लोगों वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के तीन बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाये गए।

### ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग की हुई बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में नरेगा, 15वें वित, राज्य वित, केंद्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम व नदियों के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बना है, उनका जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए 24 जून से चार दिन का अभियान चलाया जाये। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बाउंड्री के ऊपर तार फेंसिंग का कार्य जल्द पूरा किया जाये। ऑपरेशन मैदान के अंदर कार्य जल्द प्रारम्भ कराया जाये। अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाये।

# दो पक्षों में जमकर चली लाठी 1 दर्जन घायल, 14 पर केस

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम टुमुर्की में मंगलवार की सुबह पुश्तैनी जमीन के बंटवारे में दो पक्षों में जमकर लाठी चली। जिसमें एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की तहरीर पर मझिला पुलिस ने चौदह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

एक पक्ष की नसरीन पत्नी सामीन के अनुसार मंगलवार को घर व पुश्तैनी जमीन का बंटवारा हो रहा था। खानदान के बाबर पुत्र अली अहमद गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर विपक्षी अपने साथ अरबाज, शाहनवाज, हसीब और दारूद के साथ लाइसेंसी रायफल, तमंचा और लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। उसे उसके पति, पुत्र किशवर, पुत्री नूरजहां देवर यावर को मारपीट कर घायल कर दिया। विपक्षियों ने तमंचे से हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष के फुरकान के अनुसार वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी विपक्षी यावर अपने भाई सामीन, सुलतान, मुल्तान, महिवाल, मोनिश पुत्रगण मोमीन, किशवर और मुजम्मिल के साथ लाठी डंडे लेकर आए और गाली गलौज कर मारने लगे। शोर सुनकर उसके परिजन बचाने आए तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया।

**कवायद** हाईटेक सिस्टम से आरक्षण कराने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

# हरदोई में जल्द अपग्रेड होगा पीआरएस सिस्टम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर जल्द ही पीआरएस काउंटर पर नई टेक्नोलॉजी से लैस कंप्यूटर सिस्टम को लगाया जाएगा, जिससे कि आरक्षण की प्रक्रिया सरल होगी और रेल यात्रियों को सिस्टम से होने वाली असुविधाओं से भी बचाया जा सकेगा।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर जल्द ही 5जी कंप्यूटर सिस्टम को पीआरएस काउंटर पर लगाया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर इसको शुरू किया गया है। जल्द ही मंडल के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी इसको लगाया जाएगा। हरदोई रेलवे स्टेशन पर अभी कई वर्षों पुराना पीआरएस काउंटर पर कंप्यूटर सिस्टम लगा हुआ है जिसके चलते लगातार रेल कर्मियों को तो असुविधा उठानी ही पड़ती है वहीं रेल यात्रियों को भी पुराने सिस्टम होने के चलते काफी कठिनाइयों से सामना करना पड़ता है।

### पीआरएस सिस्टम में आ रही तकनीकी समस्या

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर लगातार रेल यात्री पीआरएस काउंटर पर लिंक सर्वर के डाउन होने की शिकायत करते आ रहे हैं। कई बार सरवर की खराबी तो कई बार सिस्टम की दिक्कतों से रेल यात्रियों को अपना आरक्षण टिकट बनवाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पीआरएस काउंटर पर एसी न होना भी सरवर लिंक और कंप्यूटर सिस्टम के लिए भीषण गर्मी में दिक्कतें खड़ी कर रहा है। कई बार रेल अधिकारियों ने पीआरएस काउंटर पर एसी लगवाने के निर्देश दिए लेकिन स्थानीय रेलवे स्टेशन से लेकर मंडल के अधिकारियों तक एसी की फाइल दौड़ती रही लेकिन अब तक पीआरएस काउंटर में एसी नहीं लग पाया है। उम्मीद है कि जल्द ही पीआरएस काउंटर पर एसी को लगाकर नया अपग्रेड 5जी सिस्टम को भी लगाया जाएगा। जिससे कि हरदोई रेलवे स्टेशन के यात्रियों को भी काफी लाभ मिलेगा साथी रेल कर्मियों को भी हो रही समस्याओं से निजात मिल जाएगा।

### बंद परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को नोटिस

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के गैर हाजिर पर नोटिस जारी किया गया। सरकार ने 16 जून तक परिषदीय विद्यालयों को खोलने, बच्चों व अभिभावकों को जागरूक करने का आदेश दिया था। लेकिन चार विद्यालयों में ताला लटका रहा। एक कंपोजिट विद्यालय में केवल शिक्षा मित्र ही मौजूद रही, डिगासर, बान्दपुरवा, बैढापुर परिषदीय विद्यालय बंद रहे। महितापुर में शिक्षामित्र ने विद्यालय खोला, प्रधानाध्यापक सहित सात शिक्षकों में से एक भी नहीं पहुंचा। बीईओ सुनील कुमार ने कहा शिक्षकों का जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छात्राएं सीखेंगी आत्मरक्षा के गुर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा माध्यमिक के रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को आत्मरक्षा, मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मार्शल आर्ट आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनपद के 52 राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं को प्रशिक्षित करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से जनपद के कुशल प्रशिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई है। उक्त आवेदन करने वाले प्रशिक्षक पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से अपने आवेदन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उक्त प्रशिक्षकों को प्रति विद्यालय पांच हजार प्रतिमाह


आत्मरक्षा के गुर सीखतीं बालिकाएं।

का मानदेय दिया जाएगा। प्रशिक्षण तीन माह के लिए प्रतिदिन 40 मिनट प्रत्येक विद्यालय में चलाया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु चयनित प्रशिक्षकों को जो मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट धारक हो, एक रोजगार का अवसर तो मिलेगा।

# 'स्वर्ग धाम' को 'नर्क' बनाने में जन प्रतिनिधि जिम्मेदार

## जन प्रतिनिधियों व जिला प्रशासन से क्षेत्रीय जनता कर रही श्मशान घाट के कायाकल्प की मांग, नहीं उठाये गये कोई ठोस कदम

अमृत विचार मुद्दा

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर तहसील के परियर श्मशान घाट की दुर्दशा पर खबर अमृत विचार लगातार कई दिनों से प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा हैं। जिससे क्षेत्र के साथ कई जिलों के लोग खबर की कटिंग सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं, लोग स्वर्ग धाम माने जाने वाले श्मशान घाट को नर्क बनाने में जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

बता दें कि जिले के प्रमुख तीर्थ परियर स्थित श्मशान घाट में व्याप्त दुश्वारियां आमजन व यहां पर अपनों के शवों का अंतिम संस्कार करने आने वालों के लिए जान की दुश्मन बनी हुई हैं। दशकों से व्याप्त इस गंभीर समस्या को लेकर अभी तक किसी भी समाजसेवी, जन प्रतिनिधि से लेकर जिला प्रशासन तक ने कोई ठोस कदम नहीं उठाये हैं। अमृत विचार द्वारा इस समस्या को लेकर खबरें प्रकाशित करने के बाद अब सभी इस पर बयानबाजी कर रहे हैं। हालांकि, सत्तापक्ष हो या फिर विपक्ष सभी के नेता इस समस्या के निदान को लेकर गंभीर दिख रहे हैं। वहीं, वे एक-दूसरे पर कटाक्ष भी कर रहे हैं। सपा की राष्ट्रीय सचिव पूर्व सांसद के ट्वीट पर वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राजनैतिक रंग देना आसान है लेकिन कर्तव्य निर्वाहन करना आसान नहीं होता। यह सच है सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी बड़ी होती समस्याओं के प्रति उनकी जवाबदेही भी ज्यादा होती है। लेकिन विपक्ष के भी कुछ दायित्व होते हैं। उसे भी अपना कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए। जनता उनके भी पक्ष में मतदान करती है।



धूप से बचने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का सहारा लेते लोग। अमृत विचार



तपती रेत व तेज धूप में खड़े होकर अपनों का अंतिम संस्कार करते लोग। अमृत विचार



शंकर स्वरूप।

परियर के 71 वर्षीय शंकर स्वरूप उर्फ मालिक अवस्थी ने कहा कि विगत वर्ष हमारे परिवार के सदस्य की मौत हो गई थी। जिसका दाह संस्कार घाट पर चल रहा था। तभी अचानक ओलावृष्टि और तेज बारिश हुई थी। उस समय करीब 35 लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे बैठकर अपने को बचाया था।



धर्मेंद्र मिश्रा।

उप्र प्रेस क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि परियर श्मशान घाट मां गंगा के तट पर होने से इसकी मान्यता ज्यादा है। वहां अंतिम संस्कार के लिए जिला ही नहीं आसपास के कई जिलों से लोग आते हैं। वहां किसी प्रकार की वव्यस्था न होना बड़ा ही दुर्भाग्य का विषय है।



विपिन अवस्थी।

भाजपा के मीडिया सह संयोजक विपिन अवस्थी ने बताया कि कई दिनों से लगातार परियर श्मशान घाट की दुर्दशा की फोटो, वीडियो व खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि सब कुछ जानते हुए भी अभी तक झांकने नहीं आए।



वीरेंद्र सिंह।

दोस्तीनगर निवासी पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 30 किमी दूर परियर श्मशान घाट पर उनके गांव के लोग भी अंतिम संस्कार को जाते हैं। हर मौसम में अंतिम संस्कार करना एक बड़ी समस्या है। बारिश में खुले में दाह संस्कार करते समय पानी बरसने से शव अधजला रह जाता है।

## सार-संक्षेप

### ई-रिक्शा और टेंपो की अराजकता से यातायात बाधित



फोरलेन पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर के पोनी रोड मोड़ पर ई-रिक्शा और टेंपो चालकों की अराजक पार्किंग व्यवस्था ने सोमवार को राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी। फोरलेन पर आड़े-तिरछे खड़े टेंपो और रिक्शा के कारण सुबह से ही यातायात बाधित रहा। दोपहर करीब 12 बजे स्थिति इतनी बिगड़ गई कि जाम लग गया और वाहन रेंगते हुए निकले। बालूघाट मोड़ के पास पालिका द्वारा टेंपो स्टैंड बनवाया गया है, लेकिन अभी तक उसे चालू नहीं किया गया है। जिससे टेंपो चालक मनमानी ढंग से सड़क किनारे वाहन खड़े कर रहे हैं। इससे रोजाना फोरलेन पर यातायात प्रभावित होता है, खासकर पीक ऑवर में ऑफिस जाने वालों और मरीजों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पालिका का टेंपो स्टैंड पूरी तरह बनकर तैयार है तो उसे शुरू क्यों नहीं किया जा रहा। यदि टेंपो स्टैंड को सक्रिय किया जाए तो अराजकता पर नियंत्रण पाया जा सकता है और जाम से राहत मिलेगी।

### हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामला कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव का है जहां 11 अप्रैल-2024 को देशराज पर जानलेवा हमला किया गया था। हमले में देशराज गंभीर घायल हुआ था। उसकी तहरीर पर पुलिस ने गांव के उमाशंकर पुत्र राम चरन और राजेश पुत्र बऊवन के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई थी। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में थी। मंगलवार को दरोगा अनिल राजपूत, सिपाही यशवंत व रामबरन ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को बरीखेड़ा गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### गोशाला में भूसा दान करने वालों को डीएम ने दिया प्रशस्तिपत्र

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के गांव मखदूम नगर की गौशाला में भूसा दान महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पहुंचकर सबसे पहले गोवंशों को माला पहनाकर उन्हें गुड़ चना और केला खिलाया। साथ ही गोशाला के केयर टेकर से गोवंशो के बारे में जानकारी कर उन्हें मिलने वाले वेतन के बारे में भी पूछा। जिलाधिकारी के पूछने पर केयर टेकर राजपाल ने बताया कि 6 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से मिलता है। गौशाला का अच्छी तरह से संचालन करने व गोवंशों के बेहतर हरे चारे, भूसा व पानी का इंतजाम और देखरेख करने के लिए जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान उमा देवी व उनके पति शिव शंकर व ग्राम विकास अधिकारी शकुशल सिंह की सराहना कर उन्हें बधाई दी। इसके अलावाग्राम पंचायत में गरीब परिवारों में जन्मे कमजोर बच्चों को गौशाला से उन्हें दूध उपलब्ध कराने के लिए चार-पांच दुधारू गायों को अलग से भी हरे चारे और दाने की व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी ने भूसा दान करने वाले किसानों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोड़ा, एसडीएम न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय, श्वेता त्रिपाठी, डॉ. भूपेंद्र, एडीओ पंचायत छोटेलाल के अलावा ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत व ब्लॉक कर्मचारियों में केके तिवारी, सर्वेश दीक्षित, उत्तम अवस्थी, सिद्धांत वर्मा मौजूद रहे।

### हारे के सहारे के नाम पर श्याम भक्तों ने किया भजन

**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** पोनी रोड स्थित डाकतार कॉलोनी चौराहे के पास एक लॉन में सोमवार रात श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें श्याम प्रेमियों ने "हारे के सहारे" के नाम पर पूरी रात भक्ति में डूबकर भजन-कीर्तन किया।



महोत्सव के दौरान बाबा का किया गया श्रृंगार।

पोनी रोड स्थित मिश्रा लॉन में आयोजित महोत्सव के दौरान बाबा श्याम का सुंदर श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित किया गया और अलौकिक ज्योति प्रज्वलित की गई। कार्यक्रम में ग्वालियर से आये भजन गायक मनोज पागल ने हारे के सहारे आजा और तेरा दास पुकार आजा जैसे भजनों से समां बांधा। उनके साथ अंकित चंचल और छोटू बाजपेई ने भी भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। भक्ति में लीन भक्तों ने नृत्य और जयघोष करते हुए बाबा श्याम का आशीर्वाद मांगा। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मोहित, नेहा, निखिल, विजय समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### खुली अदालत लगाकर हुई 157 मुकदमों की सुनवाई

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** चकबंदी अधिकारी ने मंगलवार को काश्तकारों को दौड़ भाग से निजात के लिए क्षेत्र के गांव माढ़ापुर स्थित खेल मैदान में खुली अदालत लगाई। इसमें सीओ चकबंदी ने चक आपत्ति से संबंधित 157 मुकदमों की सुनवाई की। चकबंदी अधिकारी नीरज कुमार ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव माढ़ापुर स्थित खेल मैदान में खुली अदालत लगाकर एक-एक चक आपत्ति का मुकदमा दाखिल करने वाले काश्तकारों की सुनवाई की। उन्होंने सभी काश्तकारों की आपत्तियों को धैर्यपूर्वक सुना और फाइलों पर कार्रवाई दर्ज की। उन्होंने इसमें 157 मुकदमों की सुनवाई कर कार्यवाही दर्ज की और उन्हें निर्णय हेतु अगली तारीख एक जुलाई दे दी। सुनवाई के दौरान ग्राम प्रधान विजयपाल कुशवाहा, चकबंदी कानूनगो संतराम व लेखपाल पुरुषोत्तम सहित आधा दर्जन चकबंदी कर्मी व सैकड़ों काश्तकार मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर में युवाओं व महिलाओं ने लिया हिस्सा

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार :** कस्बा स्थित मयूरी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर द्वारा रविवार को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के युवाओं व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ज़रूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना था। अस्पताल संचालक आशीष सिंह ने सभी रक्तदाताओं को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। अस्पताल में कार्यरत डॉ. अनिल ने रक्तदान के लाभों की जानकारी दी। डॉ. अनिल ने बताया कि रक्तदाताओं को समाधान चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से एक विशेष कार्ड दिया जाएगा। जिससे भविष्य में यदि किसी को रक्त की आवश्यकता होती है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर ब्लड दिलाया जाएगा। शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाली जूली सोनी ने बताया कि यह उनका पहला अनुभव है। वह आगे भी ज़रूरतमंदों के लिए रक्तदान करती रहेंगी।

## एक नजर

### युवकों ने की हवाई फायरिंग, पुलिस ने दबोचा

**बांगरमऊ, उन्नाव :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गद्दियन खेड़ा में मंगलवार को भगवान शंकर के मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा हो रही थी। कथा पंडाल में सैकड़ों महिलाएं व पुरुष कथा सुन रहे थे। तभी अचानक दो युवक तमंचे से हवाई फायरिंग करने लगे। जिससे श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। तभी कथा सुन रहे गांव के सुनील पुत्र बाबूलाल ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर दरोगा जितेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फायरिंग करने वाले मनीष पुत्र जसकरन व आजाद पुत्र सुख नन्दन निवासी गांव नेवलापुर बांगरमऊ कोतवाली को हिरासत में ले लिया। तलाशी में उनके पास दो तमन्चे और कारतूस बरामद हुए। इसके अलावा पुलिस ने दोनों की जेब से दो मोबाइल और बोलेरो भी बरामद की है। पुलिस ने गाड़ी सीज कर सूचना देने वाले युवक की ओर से दोनों के विरुद्ध घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

### दो पक्षों में मारपीट, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी गांव स्थित बाजार में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों ओर से लात-घूंसे और बेल्टें जमकर चलीं। देखते ही देखते पूरा बाजार रणक्षेत्र में तब्दील हो गया और वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें दोनों पक्षों के युवक खुलेआम मारपीट करते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह रही कि एक पुलिसकर्मी बीच-बचाव की कोशिश करता दिखा, लेकिन हमलावर युवक बेल्टें चलाने के बाद मौके से फरार हो गए। वहीं जाजमऊ चौकी प्रभारी विनय यादव ने बताया कि वायरल वीडियो करीब तीन दिन पुराना है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि 'अमृत विचार' अखबार द्वारा नहीं की गई है।

### बद्री प्रसाद इंटर कालेज के 3 बच्चे पुलिस में चयनित

**परियर उन्नाव :** स्थानीय बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज परियर के दो छात्र व एक छात्रा पुलिस में चयनित हुई हैं। इनमें रूपाली पुत्री स्व. जयशंकर अवस्थी, सूरज कुशवाहा पुत्र श्रीराम व दीपक कुमार पुत्र राकेश कुमार का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में हुआ है। 15 जून को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद उनके परिवार व गांव के साथ कॉलेज के सहपाठी व अध्यापक इस पर गर्व महसूस कर एक-दूसरे को बधाई दे रहे हैं।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार अधेड़ की गई जान, साथी घायल

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग चौराहा पर मंगलवार शाम ओवरटेक के दौरान ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार अधेड़ की मौत हो गई। इसमें पीछे बैठा साथी गंभीर घायल हो गया। जिसे लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में ट्रक में फंसकर स्कूटी काफी दूर तक घिसटती चली गई। इससे वह भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने ट्रक कोतवाली में खड़ा कराया है।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के बरुआघाट गांव निवासी नरेश चंद्र (50) पुत्र मूलचंद्र गांव निवासी महेश (55) पुत्र श्यामलाल के साथ मंगलवार को बांगरमऊ नगर की बाजार में खरीददारी करने आया था। तभी बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित लखनऊ मार्ग चौराहे पर लकड़ी लाद कर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक को ओवरटेक करते समय अचानक ट्रक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्कूटी ट्रक में फंसकर काफी दूर तक घिसटती चली गई। लोगों के शोर मचाने पर चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। इसमें बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने नरेश चंद्र को मृत बता दिया। वहीं महेश की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## गर्मी बढ़ने से पीएचसी में मरीजों की भीड़

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और लू ने आमजन की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। शुक्लागंज स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। मंगलवार को ओपीडी में करीब 225 मरीजों ने इलाज के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें से करीब 110 मरीज त्वचा रोग से पीड़ित मिले। इसके अलावा डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या भी काफी अधिक रही।

पीएचसी में मौजूद डॉ. राजेश चंद्रा व डॉ. अल्तमश खान ने बताया कि लगातार पसीना निकलने और उसके शरीर पर सूखने के कारण



मरीजों की ओपीडी करते डॉ. अल्तमश खान। अमृत विचार

चर्म रोग के कीटाणु तेजी से पनप रहे हैं। इससे दाद, खाज, खुजली जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। डॉक्टरों ने बताया कि गर्मियों में त्वचा रोग के मरीज करीब डेढ़ गुना बढ़ गए हैं। वहीं डायरिया और बुखार के मरीज भी कुल संख्या के 50 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, हल्के व सूती कपड़े पहनें और बार-बार स्नान करें। शरीर को सूखा रखें और त्वचा पर पाउडर का प्रयोग करें, जिससे कीटाणु मरें और त्वचा रोग से राहत मिले। गंभीर स्थिति में जल्द से जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर परामर्श लें और जरूरत पड़ने पर एंटीबायोटिक दवाएं भी लें।

## विष्णुपुरी में एबीसी जलने से 200 घरों की विद्युत आपूर्ति19 घंटे रही ठप

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गर्मी के तेज प्रकोप में जहां लोग बेहाल हैं, वहीं बिजली उपकरण भी इसका भार नहीं झेल पा रहे हैं। सोमवार रात विष्णुपुरी मोहल्ले में ओवरहीटिंग के कारण एबीसी लाइन जलने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इससे विष्णुपुरी और शारदा नगर के लगभग 200 घरों की बिजली करीब 19 घंटे तक गुल रही, जिससे सैकड़ों लोग गर्मी और पानी की किल्लत से जूझते रहे।

सोमवार रात करीब 11 बजे विष्णुपुरी इलाके में अचानक एबीसी केबल में आग लग गई। आग लगते ही 250 केवी के ट्रांसफार्मर की आपूर्ति रुक गई। रात होने के कारण तत्काल मरम्मत संभव नहीं हो सकी, जिससे दो मोहल्लों के लोगों को पूरी रात बिना बिजली के गुजारनी पड़ी। भीषण गर्मी में बिना पंखे और पानी के बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे विद्युत विभाग ने मरम्मत कार्य शुरू कराया। इस दौरान जली हुई

**सैकड़ों लोग गर्मी और पानी की किल्लत रहे परेशान**



केबल डालने का काम करते कर्मचारी।

एबीसी केबल के स्थान पर लगभग 500 मीटर नई केबल डाली गई। साथ ही, ट्रांसफार्मर को सिंगल फेस से थ्री फेस लाइन से जोड़कर आपूर्ति बहाल की गई। शाम करीब 6 बजे बिजली बहाल हो सकी, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

**तेज गर्मी में ट्रांसफार्मर तमतमाए, कूलर की ठंडक नाकाफी, विभाग रोस्टिंग के सहारे, शुक्लागंज (उन्नाव):** गर्मी की तपिश केवल इंसानों को ही नहीं, अब बिजली आपूर्ति करने वाले ट्रांसफार्मरों को भी झुलसाने लगी है। आसमान से बरसती आग के बीच शुक्लागंज और गंगाघाट सबस्टेशन पर लगे ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा के लिए विभाग ने पॉवर हाउस में कूलर लगाए, लेकिन ट्रांसफार्मरों का तपता मिजाज कूलर से भी काबू में नहीं आ रहा है। ऐसे में विभाग को ट्रांसफार्मर ठंडा करने के लिए दोपहर में करीब डेढ़ घंटे की रोस्टिंग करनी पड़ रही है, जिससे आम जनता को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

सरैयां स्थित शुक्लागंज सबस्टेशन और गंगाघाट सबस्टेशन पर 10-10 एमवी और 5-5 एमवी के ट्रांसफार्मर लगे हैं, जो पूरे नगर की आपूर्ति संभालते हैं। गर्मी के प्रचंड रूप को देखते हुए विभाग ने बड़े कूलरों की व्यवस्था की है, जिन्हें सुबह-शाम कर्मचारी पानी भरकर लगातार चलाते हैं। इसके बावजूद ट्रांसफार्मर का तापमान नियंत्रित नहीं हो पा रहा। ट्रांसफार्मरों में खौलते तेल के बीच कूलर भी विफल साबित हो रहे हैं। यही कारण है कि विभाग रोस्टिंग के ज़रिये ट्रांसफार्मरों को 'आराम' दे रहा है। दोपहर के समय बिजली आपूर्ति रोकी जाती है ताकि ट्रांसफार्मर ओवरहीट न होकर फुंक न जाएं और नगर की आपूर्ति ठप न हो।

## अघोषित विद्युत आपूर्ति से लोग हलकान, ऊर्जा मंत्री से लगाई गुहार



ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते विद्युत कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** इस भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से निजात दिलाने के प्रयास करने के बजाय उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन विद्युत दरें बढ़ाने के जुगत में लगा है। उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति कैसे मिले इसके लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही अघोषित कटौती से उपभोक्ता त्रस्त हैं। शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी से राहत दिलाने के लिए उपभोक्ताओं ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग की है।

बता दें कि माह अप्रैल के आखिरी सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही है। प्रचंड गर्मी शुरू होते ही बिजली की मांग बढ़ गई है। विद्युत विभाग निर्बाध आपूर्ति करने में अक्षम नजर आ रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली देने में अक्षम उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग को भेजा है। बताते हैं कि संपूर्ण देश में सबसे महंगी बिजली उत्तर प्रदेश में है। एडवोकेट संजीव त्रिवेदी कहते हैं कि नए स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओ को लूटा जा रहा है। एडवोकेट आफताब इदरीसी कहते हैं कि लोड की अधिकता के चलते विद्युत केबिल जलना, ट्रांसफार्मर ध्वस्त होना आम बात हो गई। वहीं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्र सद्धू कहते हैं कि गर्मी से राहत देने वाले विद्युत उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं।

बंद था कार्य

**सुस्त गति से कार्य होने से गंगा का जलस्तर बढ़ने पर होंगी दिक्कतें, बनारस की तर्ज पर होगा निर्माण**

## आनंद घाट के आरती स्थल पर पाइलिंग की तैयारी में जुटी कार्यदायी संस्था

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट क्षेत्र के आनंद घाट पर बनारस की तर्ज पर बनने वाले आरती स्थल का निर्माण कार्य अभी भी प्रारंभिक चरण में अटका हुआ है। शासन से स्वीकृत 1 करोड़ 6 लाख की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी योजना की नींव जून में भी मजबूती नहीं पकड़ सकी है, जबकि मानसून जल्द ही दस्तक देने वाला है और गंगा के जलस्तर में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 6 मार्च को स्थानीय विधायक द्वारा भूमि पूजन कर इस योजना की औपचारिक शुरुआत की गई थी। परियोजना के अंतर्गत 25 मीटर लंबा और 11 मीटर चौड़ा आरती मंच विकसित



आनंद घाट पर आरती स्थल के लिए की गई खोदाई। अमृत विचार




कार्य को लेकर घाट पर लगाया गया बैरियर। अमृत विचार

किया जाना है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की निगरानी में कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में करीब 12 फीट तक जेसीबी से खुदाई कर पिलर फाउंडेशन के लिए स्थान तैयार किया गया, लेकिन इसके बाद कार्य अचानक ठप पड़ गया। अब जून के दूसरे पखवाड़े में निर्माण एजेंसी ने फिर से गतिविधियाँ शुरू की हैं। स्थल की दोबारा पैमाइश के बाद पिलर फाउंडेशन के लिए पाइलिंग कार्य की तैयारियाँ की जा रही हैं। निर्माण सामग्री मौके पर पहुंच चुकी है और सुपरवाइजर के अनुसार एक-दो दिन में पाइलिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वर्तमान स्थिति में निर्माण की गति काफी धीमी बनी हुई है और बारिश से पहले पाइलिंग का काम पूरा हो पाना कठिन प्रतीत हो रहा है। हालांकि, निर्माण एजेंसी का कहना है कि बारिश से पहले जितना संभव होगा, कार्य को तेज गति से कराया जाएगा।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ उन्नाव

पत्रांकः 929 / ई-नि0सू0/2025-26 दिनांक – 17-06-2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, उन्नाव में ई-टेण्डरिंग के अन्तर्गत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद बांगरमऊ-उन्नाव सीमान्तर्गत जल कार्य में उपयोग आने वाले, पम्पिंग सेट चलाने हेतु सामग्री की आपूर्ति कराये जाने हेतु ई-टेण्डर निविदा प्रतिशत दर पर आमत्रित की जाती है। कार्य का विवरण आनलाइन "http://etender.up.nic.in" पर ही डाउनलोड् व अपलोड किया जायेगा। कार्य का विवरण निम्नवत है :-

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.06.2025 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड् की तिथि | 18.06.2025 समय 10:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 28.06.2025 समय 02:00 बजे तक |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 29.06.2025 समय 10:00 बजे तक |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ – उन्नाव |

1. निविदा की सम्पूर्ण सेवा शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती ।
2. विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in को खोलें व निविदा डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बांगरमऊ - उन्नाव।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बांगरमऊ - उन्नाव।**

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 18 जून 2025

# निर्यात में 2010 से 23 तक मजबूत वृद्धि

## तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत, वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अधिकारी ने कहा कि अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही। यह प्रदर्शन अन्य



प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोपीय संघ, चीन और अमेरिका की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है जिनकी इस अवधि में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ोतरी में वृद्धि दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रही।

अधिकारी ने कहा, जहां जापान और रूस जैसी कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने अपने निर्यात हिस्से में मामूली वृद्धि या स्थिरता दर्ज की वहीं भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि का रुझान रहा है जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। यह भारत की व्यापार नीतियों, विनिर्माण एवं क्षेत्रों की प्रभावशीलता और निर्यात संवर्धन पहल के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में देश के एकीकरण को बढ़ाने में योगदान दिया है। देश का कुल निर्यात 2009-10 में 274.8 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 776.3 अरब डॉलर और 2024-25 में 825 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रत्न और आभूषण निर्यात मई में 15.81 प्रतिशत घटकर 226.3 करोड़ डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** जीजेईपीसी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के शुल्क घोषणा के बाद मई में कुल रत्न और आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 15.81% घटकर 226.34 करोड़ अमेरिकी डॉलर (19,260.81 करोड़ रुपये) रहा। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार 2024 की इसी अवधि के दौरान उद्योग का निर्यात 2,68.83 करोड़ डॉलर (22,414.02 करोड़ रुपये) था। मई में तराशे गए हीरों का निर्यात 35.49% घटकर 94.97 करोड़ डॉलर (8,089.81 करोड़) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 1,47.20 करोड़ डॉलर (12,272.03 करोड़) था। मई में पॉलिश किए प्रयोगशाला में बने हीरों का निर्यात सालाना आधार पर 12.03 करोड़ डॉलर (1,003.06 करोड़) से 32.76% घटकर 8.09 करोड़ डॉलर (689.71 करोड़) रह गया। समीक्षाधीन अवधि में सोने के आभूषणों का निर्यात सालाना आधार पर 17.24% बढ़कर 99.75 करोड़ डॉलर (8,482.61 करोड़ रुपये) हो गया।

## भारत की तेल मांग में 2030 तक 10 लाख बैरल रोजाना की वृद्धि

**नई दिल्ली।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत अपनी शानदार आर्थिक वृद्धि के चलते 2030 तक वैश्विक तेल मांग वृद्धि का नेतृत्व करेगा व 10 लाख बैरल तेल रोजाना की मांग बढ़ेगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक तेल मांग में इस दशक के अंत तक 25 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस तरह तेल की कुल मांग 2030 तक बढ़कर 10.55 करोड़ बीपीडी हो जाएगी। कच्चे तेल के बाजार में किसी भी बड़े व्यवधान को छोड़ दिया जाए तो इस दशक के अंत तक अच्छी आपूर्ति रहने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्जा निगरानी संस्था आईईए का अनुमान है कि भारत में कच्चे तेल की मांग बढ़कर 2030 में 66.6 लाख बीपीडी हो जाएगी जो 2024 में 56.4 लाख बीपीडी थी।

## सरकारी कंपनियां एक सुरक्षित विकल्प

पीएसयू यानी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वे कंपनियां होती हैं जिनमें भारत सरकार की 51% या अधिक हिस्सेदारी होती है। ये कंपनियां ऊर्जा, बैंकिंग, रक्षा, इस्पात, पेट्रोलियम, कोयला, बीमा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करती हैं। जैसे– ओएनजीसी, भेल, एसबीआई, एनटीपीसी और आईओसी आदि। पीएसयू में निवेश करना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प माना जाता है, क्योंकि इनमें सरकारी भागीदारी होती है। हाल के वर्षों में कुछ पीएसयू कंपनियों ने अच्छा रिटर्न दिया है, खासकर डिविडेंड और वैल्यू में बढ़ोतरी के रूप में।



### कैसे करें निवेश

- **स्टॉक मार्केट के जरिए :** एनएसई/बीएसई पर सूचीबद्ध पीएसयू कंपनियों के शेयर खरीदे जा सकते हैं।
- **ईटीएफ :** भारत सरकार द्वारा पीएसयू आधारित ईटीएफ लॉन्च किए गए हैं, जैसे– सीपीएसई ईटीएफ।
- **बॉण्ड्स और एनसीडीएस :** पीएसयू कंपनियां समय-समय पर सुरक्षित बॉण्ड्स जारी करती हैं।

### लाभ के कारण

- **सरकारी सुरक्षा :** सरकार की हिस्सेदारी के चलते इन कंपनियों में स्थिरता होती है।
- **डिविडेंड यील्ड :** अधिकतर पीएसयू कंपनियां नियमित और उच्च लाभांश देती हैं।
- **दीर्घकालिक मूल्यवृद्धि :** कई कंपनियों में समय के साथ अच्छे रिटर्न मिलते हैं।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता के लिए उपयोगी हैं।

### जोखिम पर भी दें ध्यान

- **सरकारी हस्तक्षेप :** निर्णयों में राजनीति की भूमिका निवेशकों के हितों पर असर डाल सकती है।
- **कम ग्रोथ रेट :** निजी क्षेत्र की तुलना में नवाचार और विकास की गति धीमी। विनिवेश की योजनाएं बाजार प्रभावित हो सकती हैं।

### निवेश रणनीति

- मजबूत बैलेंस शीट और लाभांश रिकॉर्ड वाली कंपनियों को प्राथमिकता दें। लॉन्ग टर्म निवेश पर ध्यान दें। ईटीएफ के माध्यम से जोखिम को संतुलित किया जा सकता है।

# प. एशिया संकट से शेयर बाजार सतर्क

मुंबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनाई है।



- सेंसेक्स 213 अंक और निफ्टी 93 अंक फिसला

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा को सर्वाधिक 2.18% का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, इटर्नल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई स्मालकैप 0.67 जबकि मिडकैप 0.56% नीचे आया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड 1.29% के नुकसान में रहा जबकि सेवा खंड में 1.09 और तेल एवं गैस खंड में 0.92% की गिरावट रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,483 कंपनियां नकारात्मक दायरे में बंद हुईं जबकि 1,496 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सूचकांक बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

# सोना 1,200 रुपये टूटा चांदी में आई मजबूती

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से मंगलवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति



10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गईं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

# संदेह को रास्ते की बाधा न बनने दें : लोबाना

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि आप तकनीकी उद्योग में महिला पेशेवर हैं और नेतृत्व की भूमिका की तलाश कर रही हैं, तो अपने लक्ष्यों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करें, जरूरी कौशल विकसित करें, सलाहकारों और सहयोगियों की तलाश करें और संदेह को अपने रास्ते में बाधा न बनने दें। यह सलाह गूगल इंडिया की नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक और उपाध्यक्ष प्रीति लोबाना ने दी।

नैसकॉम के अनुसार, भारत में 58 लाख तकनीकी कर्मचारियों में 36% महिलाएं हैं, जिनका प्रवेश स्तर पर 40% प्रतिनिधित्व है। उच्चतम नेतृत्व



- महिला तकनीकी विशेषज्ञों को गूगल भारत प्रमुख ने किया संबोधित

पदों पर यह आंकड़ा घटकर 5% रह जाता है। लोबाना ने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और जरूरी कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्म-संदेह से दूर रहने और निडरता से अपनी क्षमता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोबाना ने कहा कि दृढ़ संकल्प और सही समर्थन के साथ कोई भी बाधा बहुत बड़ी नहीं है। स्त्री हो या पुरुष दोनों में किसी के लिए, नेतृत्व की ओर बढ़ने के साथ ही आगे का रास्ता संकरा हो जाता है और महिलाओं के लिए यह कठिन चुनौती है। इस बारे में स्पष्टता होनी चाहिए कि आप कहां जाना चाहते हैं और अपने कौशल का निर्माण करना, सही सहयोगी, प्रायोजक, सलाहकार, व्यक्तिगत 'निदेशक मंडल' होना जरूरी है। लोबाना ने कहा कि सहयोगियों और सलाहकारों ने उनके करियर की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## एक नजर

### कंचन की हत्या को अकाल तख्त के ग्रंथी ने ठहराया सही

**अमृतसर।** अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी की हत्या को उचित ठहराते हुए कहा कि कुछ भी गलत नहीं हुआ है और किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए। कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर कंचन को कथित तौर पर उसके वीडियो में अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए निशाना बनाया गया था। नौ जून को उसकी हत्या कर दी गई और शव बठिंडा में लावारिस कार में मिला। सिख धर्म की सर्वोच्च पीठ अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मलकीत सिंह ने कहा, सिख धर्म के अनुसार, किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए, खासकर युवा सिख पीढ़ी को।

### दुष्कर्म के आरोपी एम्स के डॉक्टर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शादी का वादा कर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टर को जमानत दे दी और कहा कि प्रथमदृष्टया पता चलता है कि आरोपी और महिला सहमति से सहजीवन साथी थे। न्यायमूर्ति शैलेंद्र कौर ने कहा कि महिला ने अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी तरह के अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई थी तथा जबरन वसूली सहित कुछ मामले भी उसके खिलाफ दर्ज किए गए।

### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपनी तय गवाही के लिए पेश नहीं हुए। वाड्रा के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल बेटी के स्नातक समारोह के लिए विदेश यात्रा पर हैं।

# हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा

## जातिगत जनगणना : लोगों को गुमराह करने के लिए सुधांशु त्रिवेदी ने की कांग्रेस की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है।

कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को निरर्थक करार देते हुए कहा था कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने पर कुछ नहीं कहती है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत



गणना का कोई उल्लेख नहीं है, गृह मंत्रालय ने बाद में कहा कि 2027 की जनगणना में जाति गणना शामिल है।

झूठे दावों से लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछे कृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार के विज्ञप्ति में स्पष्ट उल्लेख है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना कराई जाएगी। कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं। वे भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हो रही हैं।

### जनगणना को लेकर सरकार की नीयत साफ नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जनगणना के लिए जारी अधिसूचना में जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने तथा बजट आवंटन को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को भ्रम की स्थिति पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा कि जातिगत जनगणना की मांग उठाने वाले लोग अर्बन नक्सल' हैं तथा मोदी सरकार ने संसद में जवाब दिया कि वह जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है।

# देश की एकजुटता के लिए भूल जाएं आपसी मतभेद

हमीरपुर (हिप्र), एजेंसी

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में सोमवार रात एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

सरसंघचालक यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर हैं। स्वयंसेवकों से भागवत ने कहा, संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला है। सौ साल पहले संघ के विचार को मान्यता नहीं मिली थी। इसकी उपेक्षा की गई, फिर भी यह काम करता



रहा। अब संघ के विचार को समाज ने स्वीकृति प्रदान की है, समाज सक्रियता से काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। 30 मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि समापन समारोह 19 जून को होगा।

### श्रद्धांजलि



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों और पीड़ितों को कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन भी रखा गया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एजेंसी

# पूर्व अग्निवीरों के करियर में प्रगति के लिए काम करेगा गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने नियम 1961 में किया संशोधन द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा

सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके करियर में आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी सरकारी अधिसूचना से मिली।

केंद्र ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया है तथा गृह मंत्रालय के राज्य विभाग के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 से 21 वर्ष के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में चार वर्ष के लिए भर्ती किया जाता है तथा इसमें 25% अभ्यर्थियों को 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान है। सरकार ने पहले ही सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित कर दी हैं।

## 2025-26 के लिए डीयू का स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू करते हुए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरु किया। विवि की 'डीन' (अकादमिक) हनीत गांधी ने बताया कि अब विद्यार्थी सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। विवि के 69 कॉलेजों में कुल 71,624 सीट पर 79 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। करियर उन्मुख शिक्षा को बढ़ाने को विवि ने इनोवेटिव स्किल-बेस्ड कोर्सेज सेंटर (सीआईएसबीसी) के तहत कौशल आधारित कई पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू किये हैं। इन पाठ्यक्रमों में 'एसी-रेफ्रिजरेटर मरम्मत,एनीमेशन और मोशन ग्राफिक्स, बेकरी तथा हलवाई का काम शामिल हैं।

## उपमुख्यमंत्री के भाई सुरेश को धोखाधड़ी में समन जारी

**बेंगलुरु।** ईडी ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई और कांग्रेस नेता डीके सुरेश को स्थानीय महिला के खिलाफ धन शोधन की जांच से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पूर्व सांसद सुरेश को 19 जून को पेश होने और धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

संघीय जांच एजेंसी ने स्थानीय महिला ऐश्वर्या गौड़ा (33) और कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी के खिलाफ छापे मारने के बाद अप्रैल में महिला को गिरफ्तार किया था। ईडी ने तब कहा था कि महिला ने कई नेताओं से निकटता का दावा किया और लोगों को सोने, नकदी तथा बैंक में जमा राशि पर उच्च रिटर्न का वादा कर उनसे धोखाधड़ी की।

# दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि, मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया गया था। आईएमडी ने मध्यम स्तर के आंधी-तूफान की चेतावनी देते हुए जनता के लिए सुरक्षा परामर्श भी जारी किए।

मौसम विभाग के अनुसार, आकाशीय बिजली गिरने से खुले इलाकों में जान का खतरा हो सकता है। यातायात बाधित



हो सकता है और विमान या ट्रेन सेवाओं में विलंब हो सकता है। इसमें कहा गया कि लोगों को घरों के भीतर रहने और अनावश्यक रूप से यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। करंट से बचने के लिए बिजली से चलने वाले उपकरण भी बंद रखने की सलाह दी गयी है। लोगों को पेड़ या धातु से बनी संरचनाओं के नीचे शरण लेने और बिजली गिरने के दौरान बाहर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से आगाह किया गया है।

आईएमडी ने लोगों को उसकी वेबसाइट के जरिए और पुष्ट मीडिया माध्यमों के जरिए आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा जो मौसम के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े 8 बजे 71 फीसदी रही। आईएमडी के अनुसार, अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम से 12 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण अपराह्न तीन से चार बजे के बीच 12 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़नों का परिचालन प्रभावित हो रहा है और कुछ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डीआईएएल) द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और वर्तमान में इसके तीन रनवे चालू हैं, जबकि एक रनवे सुधार कार्य के लिए बंद है।

## अमरनाथ यात्रा के मार्गों को नो फ्लाइंग जोन किया घोषित

श्रीनगर, एजेंसी

- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश के बाद जम्मू कश्मीर के गृह विभाग ने लिया निर्णय

जम्मू कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को नो फ्लाइंग जोन (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया। यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग - पारंपरिक पहलगाम मार्ग और बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर जम्मू कश्मीर के गृह विभाग से जारी घोषणा में कहा गया कि इस क्षेत्र में 1 जुलाई से 10 अगस्त तक मानवरहित हवाई यान (यूएवी), ड्रोन, गुब्बारे समेत किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है। यह पाबंदी मरीजों को विमान से ले जाने, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी उड़ानों पर लागू नहीं होगी। 3 जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न सुरक्षा बंदोबस्त किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सलाह दी है कि यात्रा के पूरे मार्ग को 1 जुलाई से 10 अगस्त तक 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया जाए।



# कप्तान के रूप में रोहित और विराट का मिश्रण हैं शुभमन

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोश बटलर का मानना है गिल पूरी स्वच्छंदता से नेतृत्व करेंगे

**मुंबई, एजेंसी**

जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पर कहा वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे।

उन्होंने कहा कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।बटलर ने कहा, ''गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति' होने जैसा है। उन्होंने कहा गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है।



नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल।

### भारतीय टीम ट्रेन से लीड्स पहुंची, राणा भी टीम में शामिल

लीड्स : तेज गेंदबाज हर्षित राणा को विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और वह टीम के बाकी सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे, जहां इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच खेला जाएगा। राणा भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट खेला था। लंबे कद के इस तेज गेंदबाज ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण किया था, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों के लिए 18 सदस्यीय टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। दिल्ली के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है और वे आज टीम के साथ लीड्स पहुंचे। राणा को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स ट्रेन स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची थी।पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस श्रृंखला के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि लोकेश राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शारदुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे।

### व्यावसायिक महत्व के मामले में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज एशेज के बराबर: ईसीबी सीईओ

लंदन : इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला व्यावसायिक रूप से एशेज जितनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्ड को उम्मीद है कि 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह श्रृंखला इंग्लैंड के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। पिछले साल देश के खेल प्रशंसक पेरिस ओलंपिक और यूरोप के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो से जुड़े हुए थे। श्रीलंका पर इंग्लैंड की श्रृंखला जीत के बाद लॉर्ड्स में खाली सीटें क्रिकेट के लिहाज से अच्छी तस्वीर पेश नहीं कर रही थीं।

## गिल को सम्मान पाने के लिए रन बनाने होंगे

**लंदन :** भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पच्चीस साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी। कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा गिल को ड्रेसिंग रूम (टीम के अन्य सदस्य) में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। भारत ने आखिरी बार 2007 में इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। गिल के सामने पहली बार कप्तान के तौर पर उस उपलब्धि को दोहराने की चुनौती है। हाल ही में गिल का इंटरव्यू लेने वाले कार्तिक ने कहा मुझे नहीं लगता कि उन्हें अभी तक भारत के लिए टेस्ट कप्तान होने के महत्व का एहसास हुआ है। वह शेर की मांद में जा रहे हैं। एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। मैं भारत के नजरिये से यही एकमात्र साकारात्मक पहलू देख रहा हूं। इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी, लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। कार्तिक का मानना है कि कोच के तौर पर गौतम गंभीर की रणनीति बेहतरीन है लेकिन उन्हें अपने आक्रामक रवैये को और निखारने की जरूरत है। कार्तिक ने गंभीर के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उनकी कप्तानी में केकेआर के लिए खेला भी है।



- **दिनेश कार्तिक का मानना है शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा**

## कप्तानी नहीं करने के बारे में पहले ही बता दिया था: बुमराह

**लीड्स :** दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पहले ही बता दिया था कि वह भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी नहीं करना चाहते।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ 'स्काई स्पोर्ट्स' पर बातचीत के दौरान बुमराह ने कहा इसमें कोई काल्पनिक कहानी नहीं है। ऐसा कोई विवाद या कोई सनसनी फैलाने वाली बात नहीं है कि मुझे कप्तानी से दरकिनार किया गया। मैंने रोहित और विराट के संन्यास लेने से पहले ही आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से पांच मैचों की इस श्रृंखला को लेकर अपने गेंदबाजी प्रबंधन के बारे में बात की थी। मैंने उन लोगों से बात की है जिन्होंने मेरी पीठ का इलाज किया है। मैंने सर्जन से भी बात की है, जिन्होंने हमेशा मुझसे कहा है कि आपको अपनी गेंदबाजी और फिटनेस को लेकर समझदारी से काम करना होगा। फिर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा होशियार होना होगा। इसलिए मैंने बीसीसीआई को फोन किया और कहा कि मुझे टीम के कप्तान की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि मैं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के सभी मुकाबले नहीं खेल पाऊंगा।

### एक नजर

#### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की: रबाडा



**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।

#### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**लंदन :** ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं। पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6), 1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया। रूण का मुकाबला अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा, जिन्होंने फ्रांस के गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-4 से हराया।

#### भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाज एशिया कप के फाइनल में

**सिंगापुर :** भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई कप चरण दो में अपना दबदबा कायम रखते हुए मंगलवार को यहां पुरुष और महिला दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के हिमू बछार पर 147-143 से जीत दर्ज करके पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जगह पक्की की जिससे उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया है। दलाल ने क्वालीफिकेशन दौर में 714 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत के 10वें वरीय सचिन चेची सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ माचोन से हार गए और कांस्य पदक के लिए उनका सामना बछार से होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण और रजत पदक पक्का है क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त शानमुखी नागा साई बुड्डे और दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे भारतीय खिलाड़ियों के बीच होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी।

## आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार

**लंदन, एजेंसी**

- **छोटे देशों के लिए तैयार की जा रही योजना**
- **भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया पांच दिनी मैच ही खेलेंगे**



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है। हालांकि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी। 'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।

रिपोर्ट के अनुसार कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से हारी

**उट्रेच (नीदरलैंड) :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नियमित समय में गोलरहित ड्रॉ के बाद मेजबान नीदरलैंड से शूटआउट में 2-3 की हार के साथ यूरोप के अपने दौरे का समापन किया।

इस हार के बावजूद भारतीय जूनियर टीम के लिए यह दौरा काफी सफल रहा। लगातार चार जीत के साथ इस मैच में उतरी भारतीय टीम ने नीदरलैंड की मजबूत टीम के खिलाफ धैर्य और जज्बे का परिचय दिया। मैच के चारों क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन रक्षापंक्ति और गोलकीपरों के शानदार खेल से कोई भी टीम ऐसा करने सफल नहीं रही।

### तैयारी



मुंबई में ग्लोबल टेनिस क्रिकेट लीग के शुभारंभ के दौरान पूर्व क्रिकेटर इकबाल अब्दुल्ला और पीयूष चावला। ● एजेंसी

## स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।



दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## सबालेंका ने गॉफ से माफी मांगी

**बर्लिन :** एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है।

यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।

## नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

**ग्लासगो, एजेंसी**



नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया, जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमश : छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, पर लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया।

## ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए फायदेमंद होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### साक्षात्कार



खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे। ● एजेंसी

- **खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा भारत का उद्देश्य है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना**

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है।

महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा खड़से ने कहा खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं। खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खड़से ने कहा, ''इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे। यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निर्माता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है।''
उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए।
खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खड़से ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए। पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से ज़्यादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा खर्च होने का अनुमान है। कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफ़ी ज़्यादा होती है।

### इन फायदों का है उद्देय

ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा। यदि मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी सोफी डिवाइन

**ऑकलैंड, एजेंसी**

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है।

उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।



न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन।

## पहला एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज



गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ने वाले छह लेन के हाईटेक एक्सट्राडोज्ड पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 2,608 .68 करोड़ रुपये लागत के इस पुल का निर्माण मार्च 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। लगभग 1 .24 किलोमीटर लंबाई का यह देश का पहला एक्सट्राडोज्ड पुल होगा। एजेंसी

## अमेरिका की आव्रजन नीति में बदलाव

# पूरी दुनिया में हलचल

अमेरिकी सरकार की इसके पीछे धारणा यह है कि आर्थिक मंदी के कारण रोज़गार के कम अवसरों के मद्देनजर प्रवासियों को प्रवेश की अनुमति देना स्थानीय नागरिकों के अधिकारों के साथ अन्याय है। मेक्सिको की अर्थव्यवस्था के लिए यह प्रवास और भी हानिकारक है क्योंकि अमेरिका में ज्यादा मजदूरी के कारण वहां से प्रतिभा का पलायन हो रहा है। पुरुषों के ज्यादा पलायन ने मेक्सिको में पुरुषों लिंगानुपात भी असंतुलित होने लगा है। हाल ही में ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद से ही अमेरिका में संरक्षणवाद और अमेरिका फर्स्ट जैसी नीतियों पर काम शुरू किया गया है। नए नियम के लागू होने के बाद अमेरिकी प्रशासन उन प्रवासी परिवारों को वापस भेजने के लिए स्वतंत्र होगा जो अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़े गए हैं और आवासीय केंद्रों में रह रहे हैं।

### ये बदलाव हुए हैं अमेरिका की आव्रजन नीति में

- **एच-1बी वीजा प्रणाली में संशोधन :** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव किए हैं, जिसके तहत केवल उच्चतम स्कोर वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए वीज़ा प्राप्ति की प्रक्रिया और कठिन हो सकती है।
- **परिवार-आधारित आव्रजन में कड़े नियम :** परिवारों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को और कठिन बना दिया गया है, जिससे भारतीय परिवारों को स्थाई निवास प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : अमेरिका ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिससे भारतीय प्रवासियों के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है।

### पूरी दुनिया पर प्रभाव

- वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन : अमेरिका में आव्रजन में कमी से वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन उत्पन्न हुआ है, जिससे अन्य देशों में श्रमिकों की मांग बढ़ी है।
- वैश्विक व्यापार पर असर : अमेरिका की नई आव्रजन नीति के कारण वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ा है, विशेषकर उन देशों के साथ जिनके नागरिकों की संख्या अमेरिका में अधिक है।




### भारत को संभावित नुकसान

- एच-1बी वीजा प्राप्त करने में कठिनाई से भारतीय आईटी कंपनियों में उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवरों की कमी हो सकती है।
- अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई से भारतीय प्रवासियों की स्थिति असुरक्षित हो सकती है।
- अमेरिका में भारतीयों की संख्या में कमी से भारत को मिलने वाली रेमिटेंस में गिरावट आ सकती है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

### नई नीति से अमेरिका को फायदा

- आव्रजन में कमी से अमेरिका में स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार हो सकता है।
- आव्रजन में कमी से अमेरिका के सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों पर दबाव कम होगा, वह आर्थिक संसाधनों की कमी से उबरेगा।

**अमेरिका की नई आव्रजन नीति ने वैश्विक स्तर पर कई बदलावों को जन्म दिया है, जिनका भारत पर विशेष प्रभाव पड़ा है। एक ओर यह नीति अमेरिका के लिए कुछ लाभकारी हो सकती है लेकिन भारत को इससे कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।**

## एक नजर

### हैदराबाद से अदीस अबाबा तक सीधी उड़ान सेवा शुरू

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले जीएमआर समूह ने मंगलवार को हैदराबाद से इथियोपिया के अदीस अबाबा के लिए नयी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार मंगलवार को उद्घाटन उड़ान, एक उत्सव समारोह के बाद अदीस अबाबा के लिए सफलतापूर्वक रवाना हुई, जिसमें जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों, इथियोपिया की एयरलाइंस के प्रमुख अधिकारियों और हवाई अड्डे के अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

### दक्षिण अफ्रीका में बस-ट्रक की टक्कर में 12 मरे

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नताल प्रांत में व्रीहीड के पास सोमवार को एक बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और दस घायल हो गए। क्वाजुलु-नताल प्रांतीय सरकार के अधिकारी सिबोनिसों डूमा ने बताया कि दुर्घटना सोमवार आधी रात के आसपास हुई। दस लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दस अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को पास के अस्पतालों में ले दाखिल कराया गया है। बाद में दो और घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### पाक नागरिक के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में केस

**कोलकाता।** ईडी ने एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक के खिलाफ धन शोधन मामले में पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत दायर की है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी कर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी है। पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद को ईडी ने अप्रैल मध्य में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिरती जिले से गिरफ्तार किया। वह बंगलादेशी नागरिकों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पश्चिम बंगाल व अन्य हिस्सों में बसाने का काम करता था।

### वियतनाम में तूफान की घटनाओं में सात लोग मरे

**हनोई।** वियतनाम में 'वुतिप' तूफान के कारण भारी बारिश और बाढ़ से मध्य क्षेत्र में सात लोगों की मौत हो गई है तथा कृषि एवं संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा निवारण विभाग के अनुसार क्वांग बिन्ह प्रांत में चार और क्वांग त्रि प्रांत में तीन लोगों की मौत हुई है। रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण 33,000 हेक्टेयर से अधिक चावल के खेत और हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो गई है।

# प. एशिया के हवाई क्षेत्र बंद, लाखों फंसे

## ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष और तेज होने की आशंका से लोगों में भारी दहशत का माहौल

**बेरूत, एजेंसी**

दो कट्टर दुश्मनों ईरान और इजराइल के बीच कई दिन से जारी वार-पलटवार ने उनके उथलपुथल भरे इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया है। दोनों देशों में लोगों में व्यापक संघर्ष की आशंका से दहशत का माहौल है। हर रात आसमान में आग के गोले दिखने से यह दहशत और बढ़ रही है। इस संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकतर देशों को अपने हवाई क्षेत्र बंद करने पर मजबूर कर दिया है। दर्जनों हवाई अड्डों ने सभी उड़ानें रोक दी हैं या परिचालन में भारी कटौती की है, जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

इजराइल ने अपने मुख्य अंतरराष्ट्रीय बेन गुरियन हवाई अड्डे को अगली सूचना तक बंद कर दिया है, जिससे 50,000 से अधिक इजराइली यात्री विदेश में फंस गए हैं। देश की तीन विमानन कंपनियों के जेट विमानों को लारनाका ले जाया गया है। ईरान ने शुक्रवार को तेहरान के बाहरी इलाके में स्थित देश के मुख्य खोमेनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने मेहराबाद हवाई अड्डे पर बमबारी की, जो तेहरान में ईरान की वायु सेना और घरेलू वाणिज्यिक उड़ानों के लिए सुविधा प्रदान करता है। कई छात्र ईरान, इराक और अन्य जगहों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

हजारों भारतीय छात्र भी ईरान में फंस गए हैं। इनमें से एक अरसलान अहमद ने बताया कि बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। तेहरान में वे लोग अपने छात्रावासों से तक बाहर नहीं निकल रहे हैं और हमलों से बुरी तरह भयभीत हैं। उन्हें नहीं पता कि उन्हें कब सुरक्षा मिलेगी। अहमद ने कहा, हम जो टेलीविजन पर देख रहे हैं, वह बहुत डरावना है लेकिन इससे भी ज्यादा भयानक कुछ कान के पर्दे फाड़ देने वाले विस्फोट हैं। विश्वविद्यालयों ने ईरान में कई छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है।



इजराइल के ड्रोन हमले के बाद ईरान की नेटवर्क बिल्डिंग में लगी आग।

### ईरान का परमाणु स्थल बना इजराइली हमलों का निशाना

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को कहा कि उसका मानना है कि ईरान के नतांज संवर्धन स्थल पर इजराइल के हवाई हमलों का वहां के भूमिगत सेंट्रीफ्यूज हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है। यह पहली बार है जब संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने नतांज के भूमिगत हिस्से में हमलों से हुए नुकसान का आकलन किया है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुख्य संवर्धन केंद्र है। एजेंसी ने कहा, शुक्रवार के हमलों के बाद उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से अतिरिक्त तत्वों की पहचान हुई है जो नतांज में भूमिगत संवर्धन हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव का संकेत देते हैं।

### ईरान ने इजराइल में अब तक 700 ड्रोन हमले किए

**तेहरान।** ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-3 की शुरुआत के बाद से ईरान ने इजरायल पर 700 से ज्यादा जवाबी ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की फ़ार्स समाचार एजेंसी की मंगलवार को एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइल हमला शुरू किया है। इजराइल ने कहा कि ईरानी हमलों में 20 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 600 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, ईरान ने कहा कि इजराइल के हमलों में उसके 220 से अधिक लोग मारे गये तथा 1,200 से अधिक घायल हुए हैं।

### नेतन्याहू ने जताई ईरान में तख्तापलट की मंशा

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त करने का अभियान बताते हुए साफ किया है कि उनके दिन अब लद गए है और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। नेतन्याहू ने ईरान इंटरनेशनल से कहा, ईरान के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान उसके लोगों को इस्लामिक गणराज्य को उखाड़ फेंकने का मौका दे रहा है। आपकी स्वतंत्रता का समय निकट है। उन्होंने ईरान पर इजराइल को नष्ट करने को परमाणु बम बनाने का आरोप लगाया।

### इजराइल का अस्पताल पर हमला युद्ध अपराध: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने केरमानशाह स्थित फराबी अस्पताल पर इजराइल के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और युद्ध अपराध करार दिया है। ईरान प्रशासन की प्रवक्ता फतेमेह मोहजेरानी ने कहा है कि केरमानशाह में फराबी अस्पताल पर इजराइल का हमला उसकी क्रूरता का स्पष्ट उदाहरण है। इजराइल ने सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग नौ बजे अस्पताल पर मिसाइल से हमला किया था। हमले से अस्पताल को भारी नुकसान हुआ। अस्पताल के कई उपकरण नष्ट हो गए। खिड़कियों के टूटने से कई वार्डों में मरीज़ों को चोटें आईं। इजराइल ने शुक्रवार की रात बिना किसी उकसावे के ईरान पर हमले शुरू कर दिए थे।

# ऑपरेशन सिंदूर: सेना का पूर्व सेना प्रमुखों के साथ विचार मंथन

- भविष्य की चुनौतियों से बेहतर ढंग से निपटने की तैयारी
- पूर्व सेना प्रमुखों ने अनुभव साझा कर कई सिफारिशें कीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भविष्य की चुनौतियों तथा आकस्मिक स्थितियों से और बेहतर ढंग से निपटने की तैयारियों में जुटी सेना ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुखों के साथ इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। पूर्व सेना प्रमुखों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सिफारिशें और सलाह साझा की।

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को यहां पूर्व सेना प्रमुखों के साथ दो दिन के 'चीफ्स चिंतन' सम्मेलन में गहन विचार मंथन किया। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सेना प्रमुखों के संस्थागत ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। सम्मेलन में जनरल वी पी मलिक, जनरल दीपक कपूर, जनरल जे जे सिंह और जनरल मनोज पांडे सहित अन्य पूर्व सेना प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

जनरल द्विवेदी ने सेना में किये जा रहे सुधारों और भविष्य की योजनाओं में निरंतर भागीदारी में पूर्व सेना प्रमुखों के योगदान का उल्लेख किया। पूर्व सेना प्रमुखों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से 'ब्रीफिंग' दी गई, साथ ही वायु सेना और नौसेना के साथ संचालन में समन्व्य पर भी जानकारी दी गयी। ब्रीफिंग में ऑपरेशन के निष्पादन के बारे में प्रासंगिक समझ और पूर्व प्रमुखों से अंतर्दृष्टि आमंत्रित करने के लिए रणनीतिक प्रभाव और संयुक्त कौशल मॉडल को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्रमुखों को परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत प्रौद्योगिकियों और आधुनिकीकरण पहलों को शामिल करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

### सेना के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर भी विचार

सम्मेलन के दौरान प्रौद्योगिकी पहल, विकसित भारत के लक्ष्यों में भारतीय सेना के योगदान और मानव संसाधन नीतियों में सुधार तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की पहल पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा पूर्व सेना प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर तथा मौजूदा परिप्रेक्ष्य में अंतर्दृष्टि और सिफारिशें साझा की।

# ब्रिटेन में चोकसी का भारत पर अपहरण का आरोप

- **भारतीय अधिकारियों को आरोपों को गलत बताकर आपत्ति जताई**

**लंदन, एजेंसी**

पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित व्यवसायी मेहुल चोकसी ने लंदन के हाईकोर्ट में भारत सरकार और पांच व्यक्तियों पर अपने अपहरण, यातना और प्रत्यर्पण के प्रयास के लिए षड्यंत्रकारी के रूप में मुकदमा दायर किया है। भारतीय प्राधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया है और राज्य प्रतिरक्षा के आधार पर ब्रिटेन के क्षेत्राधिकार पर आपत्ति जताई है।

सोमवार को न्यायमूर्ति फ्रीडमैन के समक्ष मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान, अदालत को बताया गया कि चोकसी का दावा है कि मई 2021 में भारत सरकार के निर्देश पर अपहरण की कोशिश के तहत उसे प्रताड़ित किया गया था। भारतीय पक्ष ने इस सप्ताह अदालत को बताया कि चोकसी ने भारत के खिलाफ बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कहा गया है कि भारत ने उसका अपहरण करने और नुकसान पहुंचाने की एक अंतरराष्ट्रीय साजिश रची थी। वकील हरीश साल्वे ने भारतीय अधिकारियों की ओर से दलील दी, भारत का पक्ष यह है कि वर्तमान दावा इस मंशा से आगे बढ़ाया जा रहा है कि भारत को शर्मिंदा किया जाए और प्रतिवादी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यर्पण से बचने के प्रयासों के तहत दबाव बढ़ाया जा सके।

## सीतारमण ने लद्दाख में एनएलएसटी परियोजना स्थल का किया दौरा

**लेह।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील के पास राष्ट्रीय वृहद सौर दूरबीन (एनएलएसटी) परियोजना स्थल का दौरा किया।

अधिकारियों ने बताया कि चार दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण ने चुशुल गांव में 'रेजांग ला' युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनएलएसटी परियोजना का लक्ष्य लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के पास लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर दो मीटर श्रेणी का 'ऑप्टिकल' और इन्फ्रारेड (आईआर) दूरबीन का निर्माण करना है।

# रूस के हमले से कीव में 15 की मौत, 116 घायल

## रात के वक्त ड्रोन और मिसाइलों से किया हमला, घरों में सो रहे थे लोग, कई इमारतें ध्वस्त

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 116 अन्य घायल हो गए। हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया।

कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले और बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गई तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है। रूस ने दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में भी ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। यह हमला करीब नौ घंटे तक चला और यह कीव को निशाना बनाकर किया गया नया ड्रोन और मिसाइल हमला है। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है कि जब विश्व नेता कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जुटे हुए हैं।



रूस की मिसाइल से कीव में तहस-नहस हुई नौ मंजिला इमारत।

### जेलेंस्की ने शक्तिशाली देशों की आलोचना की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले को कीव पर सबसे भयानक हमलों में से एक बताया और कहा कि रूसी सुरक्षा बलों ने रातभर में यूक्रेन पर 440 से ज्यादा ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन ऐसा सिर्फ इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि वह युद्ध जारी रखने का जोखिम उठा सकते हैं। वह चाहते हैं कि युद्ध जारी रहे। यह बहुत परेशान करने वाली बात है कि दुनिया के ताकतवर लोग इस ओर से आंखें मूंद लेते हैं। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि हमले में छर्रा लगने से घायल हुए एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई है।

# विमान हादसा: बालकनी से कूदते नजर आए लोग

- **पांच दिन सामने आया विमान दुर्घटना का नया वीडियो**
- **लपटों में घिरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग से कूद रहे हैं लोग**

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में टकराने के बाद वहां के घबराए हुए निवासी पांच मंजिला इमारत की बालकनी से कूदते या कूदने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

इस खौफनाक वीडियो के एक हिस्से में एक महिला बालकनी से महज रेलिंग के सहारे नीचे उतरने की कोशिश करती नजर आ रही है, जबकि घटनास्थल से कुछ ही मीटर की दूरी पर आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। पृष्ठभूमि में, परिसर की परिधीय दीवार के ऊपर से वीडियो बनाने वाले लोग चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि महिला गिर सकती है और उसे चोट लग सकती है। बाद में, एक आदमी भी इसी तरह नीचे उतरने की कोशिश करता हुआ दिखायी देता है।

भारत के सबसे पुराने मेडिकल कॉलेजों में एक बीजेएमसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई का केन्द्र रहा है। दुर्घटना में विमान में सवार 241 तथा जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्र सहित 29 लोग मारे गए थे। लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद एअर इंडिया का विमान बोइंग 737-8 ड्रीमलाइनर मेडिकल कॉम्प्लेक्स में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## चीन में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट नौ लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के मध्य में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए।

चीन की सरकारी मीडिया द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में सोमवार सुबह हुए विस्फोट के बाद आसमान में धुएं का एक बड़ा गुबार उठता देखा जा सकता है। 'शांझोउ फायरवर्क्स कंपनी' की फैक्टरी हुनान प्रांत के चांगदे शहर के उत्तर में लिनली काउंटी के एक पहाड़ी हिस्से में है।

सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने मंगलवार दोपहर के आसपास एक ऑनलाइन खबर में कहा कि आगे और विस्फोट होने के खतरे और किसी बड़े जल स्रोत के अभाव ने अग्निशमन और पीड़ितों की तलाश के काम को जटिल बना दिया।

**अध्ययन** सीईपीटी विश्वविद्यालय ने जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ अध्ययन कर जारी की रिपोर्ट

# दिल्ली में साल के सिर्फ तीन दिन साफ आबोहवा में सांस लेने वाले

## तापीय रूप से आरामदायक घंटे केवल 2210, जिसमें बाहरी तापमान 18 और 31 डिग्री के बीच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में वर्ष में केवल तीन प्रतिशत घंटे ही सेहत के लिए सुरक्षित स्वच्छ वायु और सुहाने मौसम वाले होते हैं। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। सीईपीटी विश्वविद्यालय और एक जलवायु-प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में लगभग 2,210 तापीय रूप से आरामदायक घंटे दर्ज किए गए हैं, जिनमें बाहरी तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

अध्ययन के मुताबिक 1,951 घंटे खराब वायु गुणवत्ता (वायु गुणवत्ता सूचकांक 150 से ऊपर) के भी होते हैं। इस प्रकार वर्ष में केवल 259 घंटे ही बचते हैं, जो लगभग तीन प्रतिशत है, जब दिल्लीवासी स्वच्छ वायु और सुखद तापमान दोनों का आनंद ले सकते हैं। 'इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ इंडोर एयर क्वालिटी' के आठ जून को आयोजित 'हेल्दी बिल्डिंग 2025' सम्मेलन में प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि गर्मी और वायु प्रदूषण का एक साथ होना सुरक्षित प्राकृतिक आबोहवा के अवसरों को गंभीर रूप से सीमित कर देता है।

अध्ययन के मुताबिक दिल्ली की तुलना में, बेंगलुरु में 8,100 घंटे से ज्यादा समय स्वीकार्य वायु गुणवत्ता और सुखद तापमान की स्थिति रही। अहमदाबाद में गर्मी होने के बावजूद बाहरी परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहीं। हालांकि, दिल्ली की तरह चेन्नई में भी 88 प्रतिशत आरामदायक घंटे खराब वायु गुणवत्ता के कारण प्रभावित हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन से खुलासा होता है कि गर्मी और प्रदूषण का अभिसरण भारतीय महानगरों में व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भवन निर्माण कार्य, चाहे पूरी तरह से सीलबंद वातानुकूलित स्थानों पर आधारित हो या बिना फिल्टर वाले प्राकृतिक वेंटिलेशन पर आधारित हो, अब शहरी भारत की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते।



आमतौर पर भीषण वायु प्रदूषण का सामना करते हैं दिल्ली के लोग।

### पीईसीएस को मुख्य धारा में लाने की सिफारिश

इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय भवनों में वैयक्तिक पर्यावरण नियंत्रण प्रणालियों (पीईसीएस) को मुख्यधारा में लाने की सिफारिश की गई है। ये प्रणालियां हवा के संचरण को नियंत्रित करती हैं और आदर्श तापमान बनाए रखती हैं तथा विशेष रूप से मिश्रित-मोड वाली इमारतों में उपयोगी होती हैं, जो दिन के समय, मौसम या प्रदूषण के स्तर के आधार पर प्राकृतिक और यांत्रिक हवा निकासी के बीच बदलाव करती हैं। अनुसंधानकर्ताओं द्वारा तैयार 'मॉडल' में पाया गया कि पीईसीएस पारंपरिक वातानुकूलित व्यवस्थाओं की तुलना में चेन्नई में वेंटिलेशन के लिए उपयोग की जाने वाली ऊर्जा में 72 प्रतिशत, अहमदाबाद में 70 प्रतिशत और दिल्ली में 68 प्रतिशत तक की बचत कर सकती हैं।